सूर्योदय 6:01 सूर्यास्त 6:37

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 15.6 न्यू | 21.2 अधि |
| धर्मशाला | 18.0 न्यू | 29.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82352.64 |
| निफ्टी | 25198.70 |
| सोना 72,546 | चांदी 85,975 |

# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in




आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | वीरवार, 5 सितंबर 2024 | 21 भाद्रपद, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 259, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

# अयोग्य घोषित विधायकों की पेंशन व भत्ते होंगे बंद

## विधानसभा में संशोधन विधेयक पारित, ऐसा बिल पास करने वाला देश का पहला राज्य बना हिमाचल

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

**विधानसभा** के मानसून सत्र के सातवें दिन बुधवार को सदन में अयोग्य घोषित विधायकों की पेंशन बंद करने वाला संशोधित विधेयक चर्चा के बाद पारित हो गया। अब विधेयक को राज्यपाल के पास मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। संविधान की 10वीं अनुसूची के तहत अयोग्य घोषित होने वाले विधायक पेंशन नहीं ले पाएंगे। वहीं, ऐसा बिल पेश करने वाला हिमाचल देश का पहला राज्य बन गया है।

विपक्ष ने इसे बदले की भावना से लाया गया प्रस्ताव बताते हुए बिल को वापस लेने या सिलेक्ट कमेटी को भेजने की बात कही।

मुख्यमंत्री ने कहा भविष्य में दल-बदल रोकने और साफ-सुथरी राजनीति के लिए ऐसा करना जरूरी है। इस संशोधन में कोई द्वेष भावना नहीं है। स्व. राजीव गांधी ने जब दलगत राजनीति रोकने के लिए जो दल-बदल कानून बनाया था, हम उसे आगे बढ़ा रहे हैं।

गौर रहे कि 27 फरवरी को राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के 6 पूर्व विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की थी, जिससे कांग्रेस कैंडिडेट अभिषेक मनु सिंघवी चुनाव हार गए और भाजपा के हर्ष महाजन चुनाव जीते थे। इन पर पार्टी व्हिप के उल्लंघन के आरोप लगे। स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया ने इन्हें अयोग्य घोषित किया।

चैतन्य शर्मा और देवेंद्र पहली बार विधायक बने थे। धर्मशाला से विधायक सुधीर शर्मा, बड़सर से इंद्रदत्त लखनपाल की दिसंबर 2022 से मई 2024 तक की पेंशन कट जाएगी। सुजानपुर से पूर्व विधायक राजेंद्र राणा और लाहौल-स्पीति से रवि ठाकुर की इस टर्म की पेंशन भी रुक जाएगी। पेंशन के अधिकार से वंचित होने के बाद इनके द्वारा ली गई रकम की भी रिकवरी होगी। (अनंत ज्ञान)




अयोग्य विधायकों की पेंशन और भत्ते बंद करने वाले संशोधित विधेयक पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### जयराम बोले- बिल को वापस लेना चाहिए



**नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि जो हो गया, वह हो गया। हमें आगे बढ़ने की सोच रखनी चाहिए। इस बिल में प्रतिशोध की भावना है। इस पर दल बदल का विषय कहां से आया। अगर राज्यसभा में वोट किसी और को दिया है, तो उसमें सदस्यता कहां जाती है। व्हिप के उल्लंघन पर इनकी सदस्यता गई है। दल-बदल के तहत कार्रवाई नहीं हुई है, इसलिए इस बिल को वापस लिया जाना चाहिए।

### संशोधन का कोई भी औचित्य नहीं : रणधीर

**विधायक** रणधीर शर्मा ने कहा कि इस संशोधन का कोई भी औचित्य नहीं है। बदले की भावना से कानून नहीं बदले जाते। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से विधायक क्यों नाराज हैं, इस पर उन्हें आत्मचिंतन करना चाहिए। अभी भी इसी भावना से काम करेंगे तो ठीक नहीं है, इसलिए सरकार इस बिल को वापस ले।

## हिमाचल में आज मिलेगी सैलरी, 10 को पेंशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सुक्खू ने विधानसभा में कहा कि कर्मचारियों को 5 सितंबर को सैलरी और पेंशनर्स को 10 सितंबर को पेंशन दी जाएगी। अगले महीने की सैलरी-पेंशन को लेकर 28 तारीख तक मीटिंग में फैसला लेंगे। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कर्मचारियों को वेतन व पेंशन का मामला उठाया। इस दौरान नोकझोंक भी हुई।

सुक्खू ने कहा कि यह निर्णय अनावश्यक ऋण पर खर्च होने वाले ब्याज से बचने के लिए लिया है। इससे सालाना 36 करोड़ की बचत होगी। राज्य में पहली तारीख को सैलरी-पेंशन दी जाती है, जबकि भारत सरकार से हमें 6 तारीख को रेवेन्यू डेफिसिएट ग्रांट में 520 करोड़ और 10 तारीख को केंद्र से सेंट्रल शेयर टैक्स में 740 करोड़ रुपए मिलते हैं। इस वजह से हमें 5 दिन के लिए ऋण लेना पड़ता है। हर महीने इसका 7.50 प्रतिशत ब्याज चुकाने पर 3 करोड़ ब्याज देना पड़ता है। इससे ब्याज का अनावश्यक बोझ कम होगा। कर्मचारियों की सैलरी पर हर महीने 1200 करोड़ रुपए और पेंशन पर 800 करोड़ खर्च होते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में यह व्यवस्था बोर्डों व निगमों पर लागू नहीं होगी।

> **सुक्खू बोले- 28 को मीटिंग कर लेंगे अगले महीने की सैलरी पर फैसला**

मुख्यमंत्री ने सदन को अवगत करवाया कि केंद्र सरकार से प्राप्त अनुमति के आधार पर बाजार से ऋण उठाने के लिए 2317 करोड़ रुपए की ही बकाया राशि बची है, जिसका राज्य सरकार को आगामी चार महीनों यानी सितंबर से दिसंबर तक विवेकपूर्ण तरीके से उपयोग करना पड़ेगा। मुख्यमंत्री के उत्तर के पूरा होते ही नेता प्रतिपक्ष व अन्य विपक्षी सदस्य नारेबाजी करते हुए सदन से बाहर जाने लगे। स्पीकर ने विधानसभा की बैठक को भोजनावकाश के बाद के लिए स्थगित करने की घोषणा कर दी।

### दल-बदलुओं को सजा मिलनी चाहिए : नेगी

राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि जो दल-बदलू होते हैं, उन्हें भविष्य में सजा मिलनी चाहिए, क्योंकि इन्होंने चुनी हुई सरकार को गिराने का काम किया है। जिन लोगों ने यह उल्लंघन किया है, वे इसके हकदार नहीं हैं। इनकी वजह से हिमाचल में विकास प्रभावित हुआ। दल-बदल रोकने की बात इस बिल में की गई है।

### स्पीकर बोले- शून्यकाल होकर रहेगा

**स्पीकर** कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि जरूरी नहीं कि शून्यकाल प्रश्नकाल में उठाए मसलों का उसी वक्त जवाब दिया जाए। संबंधित मंत्री के पास जवाब है, तो उसी समय उत्तर दिया जा सकता है, अन्यथा कुछ दिन बाद लिखित में जवाब दिया जा सकता है। आप सबसे चर्चा के बाद इसकी एसओपी बना लेंगे, लेकिन शून्यकाल होकर रहेगा। नेता प्रतिपक्ष जयराम व विधायक रणधीर शर्मा ने संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान को घेरने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि जीरो ऑवर्ज शुरू करने से पहले आपने सरकार को विश्वास में नहीं लिया गया।

-विधानसभा विशेष पेज-3

## न्यूज शॉर्ट्स

### अब्बास अंसारी की जमानत याचिका पर सुनवाई टली



**नई दिल्ली।** मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में फिलहाल सुनवाई टल गई है। अब इस मामले की अगली सुनवाई 9 सितंबर को होगी। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने चित्रकूट जेल की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए।

### दिल्ली कोचिंग हादसे के आरोपियों की हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने राउज आईएएस कोचिंग सेंटर हादसा मामले में 6 आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। आरोपियों में अभिषेक गुप्ता, देशपाल सिंह, तजिंदर सिंह, हरविंदर सिंह, सरबजीत सिंह और परविंदर सिंह शामिल हैं। राउज एवेन्यू कोर्ट ने 31 अगस्त को सभी आरोपियों को 4 सितंबर तक सीबीआई कस्टडी में भेजा था।

### तिहाड़ जेल प्रशासन को दिल्ली हाईकोर्ट का नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को 'आप' सांसद संजय सिंह की याचिका पर सुनवाई की। संजय सिंह ने तिहाड़ जेल प्रशासन पर केजरीवाल से नहीं मिलने देने का आरोप लगाया है। 'आप' सांसद की याचिका पर हाईकोर्ट ने जेल अधिकारियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामले की सुनवाई 9 सितंबर को होगी।

### संदीप घोष ने सुप्रीम कोर्ट में दायर की याचिका

**नई दिल्ली।** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। याचिका में कहा कि कलकत्ता हाईकोर्ट ने भ्रष्टाचार केस में जांच सीबीआई को सौंपने से पहले उनका पक्ष नहीं सुना। रेप की घटना को भ्रष्टाचार के आरोप से जोड़ने वाली हाईकोर्ट की टिप्पणी को हटाने की मांग की है। सुप्रीम कोर्ट 6 सितंबर को सुनवाई करेगा।

### पैरोल खत्म होते ही वापस जेल लौटे राम रहीम

**बागपत।** डेरा प्रमुख गुरमीत सिंह राम रहीम की 21 दिन की पैरोल का समय पूरा होने पर बुधवार को कड़ी पुलिस सुरक्षा में रोहतक की सुनारिया जेल ले जाया गया। वह रोहतक की सुनारिया जेल में दुष्कर्म व हत्या के मामले में उम्र कैद की सजा काट रहा है।

### सेना ने मणिपुर में मोर्टार एके-47 किए बरामद

**नई दिल्ली।** मणिपुर राज्य के विभिन्न जिलों से बंदूकें, गोला-बारूद के अलावा अन्य युद्ध जैसे हथियारों और उपकरणों के भंडार की महत्वपूर्ण बरामदगी हुई है। सेना ने मोर्टार, एके-47, पिस्तौलें, हैंड ग्रेनेड, विस्फोटक समेत 50 से अधिक हथियार बरामद किए गए हैं।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- एनएचएआई और राज्य सरकार के बीच फंसा मेंटेनेंस का पेंच -पेज 6
- खराब मौसम भी पस्त न कर पाया शिव भक्तों के हौसले -पेज 10
- 25 फीसदी से कम रहा रिजल्ट, अब लटकी कार्रवाई की तलवार -पेज 12
- माफिया के आगे नाक रगड़ने वाले क्या बुलडोजर चलाएंगे: योगी -पेज 13
- पैरालंपिक : सचिन ने 6.32 मीटर थ्रो फेंककर जीता रजत पदक -पेज 14

# भारत-ब्रुनेई के मजबूत होंगे व्यापार संबंध

**एजेंसी, दारुस्सलाम**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी और ब्रुनेई के सुल्तान हाजी हसनल बोलकिया के बीच द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त बयान में कहा कि भारत और ब्रुनेई के वाणिज्य और व्यापार संबंध मजबूत होंगे। दोनों देशों ने अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत निरंतर नौवहन और उड़ान की स्वतंत्रता का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्धता जताई।

पीएम मोदी ने इसरो के ब्रुनेई में स्थापित टेलीमेट्री ट्रैकिंग एवं टेलीकमांड (टीटीसी) केंद्र को जारी रखने के लिए ब्रुनेई दारुस्सलाम की भरपूर सराहना की। इस केंद्र से भारत को अंतरिक्ष के क्षेत्र में जारी उसके प्रयासों में मदद मिली।

### सिंगापुर में स्वागत से मोदी गद्गद्, बजाया ढोल

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ब्रुनेई के दौरे के बाद दो दिन की यात्रा पर बुधवार को सिंगापुर पहुंचे। यहां भारतीय समुदाय के लोगों के जोरदार स्वागत से पीएम मोदी काफी गद्गद् हुए। इस दौरान पीएम मोदी ने ढोल भी बजाया। मोदी के स्वागत में पहुंचे कलाकार ढोल की थाप पर नृत्य करते नजर आए। सिंगापुर के जिस होटल में वे ठहरे हैं, उसके बाहर भी भारतीय समुदाय के लोग उनके स्वागत के लिए मौजूद रहे। लोगों ने पीएम मोदी के साथ सेल्फी भी ली। उन्होंने 'रामचंद्र की जय' और 'गणपति बप्पा मोरया' के जयकारे लगाए।



### रेलवे कर्मियों को 100 रुपए के कार्ड पर एम्स व पीजीआई में मिलेगा इलाज

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने कर्मचारियों, पेंशनर्स और उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य देखभाल नीति में एक महत्वपूर्ण बदलाव किया है। अब रेलवे कर्मचारियों को 100 रुपए वाला एक कार्ड दिखाने पर सीधे एम्स और पीजीआई जैसे अस्पताल में इलाज मिलेगा। यूएमआईडी कार्ड जारी किया जाएगा। यह कार्ड 100 रुपए में बनेगा। यह नई व्यवस्था रेलवे से लगभग 12.5 लाख कर्मचारियों, 15 लाख से अधिक पेंशनर्स और करीब 10 लाख आश्रितों को लाभ होगा।

# जेएंडके में एक राजा बैठा है, नाम एलजी : राहुल

## बोले- इतिहास में पहली बार किसी राज्य से छीना स्टेटहुड, हम वापस दिलाएंगे

**अशोक ठाकुर, जम्मू**

**राहुल** गांधी ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के रामबन और अनंतनाग में चुनावी रैलियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर से स्टेटहुड छीना गया, हम इसे वापस देंगे। यहां राजा का शासन है। यहां के राजा एलजी हैं। पहले केंद्र शासित प्रदेश को राज्य बनाते थे, लेकिन मोदी राज्यों को केंद्र शासित प्रदेश बना रहे हैं।



**अब मोदी जी के झुक गए हैं कंधे**

राहुल ने पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह समेत अंबानी-अडाणी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी पहले छाती फैलाकर चलते थे। अब वे कंधे झुकाकर आते हैं। इस बार संसद में सिर पर संविधान रखकर घुसे। राहुल ने कहा कि ये लोग एक जाति को दूसरी से, एक धर्म को दूसरे से लड़ाएंगे। तमिलनाडु में जाकर कहते हैं तमिल नहीं बोल सकते। इनका मकसद जनता को लड़ाओ और हिंदुस्तान को लूट लो। हमने क्या किया, नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोल ली। 22 से 25 अरबपति हैं, मोदी ने 16 लाख करोड़ का कर्जा माफ किया है, लेकिन किसानों, स्टूडेंट्स का एक रुपया माफ नहीं हुआ। (अनंत ज्ञान)

### कांग्रेस-नेकां ने चुनाव को लेकर लॉन्च की चार्जशीट

**नेता** विपक्ष राहुल गांधी ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला और जम्मू-कश्मीर कांग्रेस अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा की मौजूदगी में जम्मू-कश्मीर चुनाव को लेकर चार्जशीट लॉन्च की।

### त्रिपुरा से उग्रवाद हुआ खत्म एनएलएफटी और एटीटीएफ के बीच शांति समझौता

**नई दिल्ली।** त्रिपुरा में तीन दशक से अधिक समय से चल रहे उग्रवादी हिंसा और संघर्ष से निजात पाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के तहत बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में राज्य के दो गुट-नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) व ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (एटीटीएफ) ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए। गृह मंत्री ने इस समझौते को त्रिपुरा में विकास और शांति के लिए एक महत्वपूर्ण समझौता बताया है और कहा कि यह पूर्वोत्तर के विकास के लिए मोदी सरकार के संकल्प को पूरा करने में मील का पत्थर है। आत्मसमर्पण और समझौते के साथ लगभग 328 से अधिक सशस्त्र कैडर मुख्यधारा में शामिल हुए।

# विजिलेंस ने जल शक्ति डिवीजन बग्गी का कब्जे में लिया रिकॉर्ड

**आदर्श यादव, नेरचौक**

**जलशक्ति** विभाग के बग्गी डिवीजन में विजिलेंस टीम ने जांच तेज कर दी है। विजिलेंस ने बुधवार को बग्गी डिवीजन का रिकॉर्ड अपने कब्जे में लिया है। विजिलेंस टीम ने जो शिकायतें मिली हैं, उससे संबंधित सारा रिकॉर्ड भी अपने कब्जे में लिया है।

टेंडर को लेकर अधिशाषी अभियंता को कौन-कौन सी शक्तियां प्राप्त हैं, उससे संबंधित भी सारा रिकॉर्ड तलब किया है। गौर रहे कि बग्गी डिवीजन में नियमों को ताक पर रखकर टेंडर प्रक्रिया करने की एक ठेकेदार ने लिखित शिकायत की थी, जिसके बाद से विजिलेंस ने छापेमारी की थी और टीम बारीकी से जांच कर रही है। (अनंत ज्ञान)

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

> **विजिलेंस** टीम जांच कर रही है और पूरा सहयोग किया जा रहा है। हमने पूरी ईमानदारी व नियमों के तहत कार्य किया है। हमें उम्मीद है कि जांच में हम सही साबित होंगे।
>
> **-हर्ष शर्मा, अधिशाषी अभियंता जलशक्ति मंडल बग्गी।**

> **जलशक्ति** विभाग के बग्गी डिवीजन में अनियमितता होने की शिकायत मिलने पर जांच चल रही है। 1398 टेंडर से संबंधित दस्तावेज कब्जे में लिए हैं और इनकी बारीकी से जांच की जा रही है।
>
> **-कुलभूषण वर्मा, एसपी विजिलेंस विभाग मंडी।**






# शिमला-बिलासपुर



## न्यूज ब्रीफ

### क्यारी स्कूल में छात्राओं का भव्य स्वागत

**भरत ठाकुर, कोटखाई।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रतनाड़ी में संपन्न हुई छात्राओं की अंडर-19 खेलकूद प्रतियोगिताओं में इस वर्ष क्यारी विद्यालय की छात्राओं का बहुत उम्दा प्रदर्शन रहा। पहली बार सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में भाग ले रही छात्राओं ने फोक डांस में दूसरा स्थान तथा क्लासिकल सोलो में भी दूसरा स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार शर्मा सहित स्कूल स्टाफ ने उनका भव्य स्वागत किया और उन्हें बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त प्राध्यापक, अध्यापक तथा कर्मचारी मौजूद रहे।



### भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी : संजय सूद

**दशमी रावत, रोहड़ू।** शिमला संसदीय क्षेत्र के भाजपा सदस्यता अभियान प्रभारी संजय सूद ने रोहड़ू में पत्रकार वार्ता में बताया कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है जिसका सदस्यता अभियान राष्ट्रीय स्तर पर 2 सितंबर से शुरू हुआ है। राष्ट्रीय स्तर पर सदस्यता अभियान का शुभारंभ प्रधानमंत्री मोदी को राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने सदस्य बनाकर किया है। हिमाचल प्रदेश में 3 सितंबर को सदस्यता अभियान का शुभारंभ पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को प्रदेशाध्यक्ष राजीव बिंदल ने किया है। यह सदस्यता अभियान प्रदेश, जिला व मंडल स्तर पर लगातार 45 दिन तक चलाया जाएगा। राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने फैसला लिया है कि यह अभियान दो चरणों में चलाया जाएगा। जिसमें पहला चरण 25 सितंबर तक चलेगा, जबकि दूसरा चरण 2 अक्तूबर से लेकर 15 अक्तूबर तक चलेगा। उन्होंने बताया कि पार्टी ने प्रत्येक बूथ पर 200 सदस्य बनाने का निर्णय लिया है, जो सदस्य 100 नए सदस्य बनाएगा उसे ही सक्रिय सदस्य माना जाएगा। इस अवसर पर अरुण फाल्टा, शशि रावत, उमेश शर्मा, बलदेव रांटा आदि मौजूद रहे।



### चियोग स्कूल बना ओवरऑल विजेता

**अनंत, ज्ञान, जुन्गा (शिमला)।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला क्यारटू में हुई अंडर-19 छात्रा वर्ग खेलकूद प्रतियोगिता में चियोग स्कूल को ओवरऑल चैंपियन के खिताब से सम्मानित किया गया। खिलाड़ियों का स्कूल पहुंचने पर उनका स्कूल प्रबंधन समिति, शिक्षक वर्ग व बच्चों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया और स्कूल की ओर से सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य संदीप शर्मा ने बताया कि छात्राओं ने कबड्डी, शतरंज, संस्कृत श्लोक उच्चारण, संस्कृत गीतिका, जूडो, कुश्ती प्रतियोगिताओं में ओवरऑल चैंपियन का खिताब विद्यालय के नाम किया। उन्होंने इसका श्रेय शारीरिक शिक्षक रमेश वर्मा और शांति चंदेल को देते हुए सभी को शुंभकामनाएं दीं और समस्त अभिभावक को स्थानीय जनता और अपनी पूरी टीम को धन्यवाद किया। इस अवसर पर प्रधान ग्राम पंचायत चियोग दिनेश जगटा, श्याम सिंह वर्मा, रमेश वर्मा, मोहनलाल चंदेल, पूर्व प्रधान गीता राम वर्मा आदि मौजूद रहे।

### सांस्कृतिक प्रतियोगिता में दाड़गी स्कूल बना चैंपियन

अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पटूखर में संपन हुई खंड स्तरीय अंडर -19 छात्रा वर्ग खेलकूद प्रतियोगिता में दाड़गी स्कूल की छात्राओं ने सांस्कृतिक और कुश्ती प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करके प्रथम स्थान प्राप्त करके ट्रॉफी स्कूल के नाम की। स्कूल पहुंचने पर खिलाड़ियों का स्कूल प्रबंधन समिति और शिक्षक ने स्वागत किया। प्रधानाचार्य बृजलाल प्रजापति ने प्रातकालीन सभा में छात्राओं के इस बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सभी छात्रा खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दीं और सम्मानित किया गया। उन्होने बताया कि छात्राओं ने समूह गान, लोक नृत्य प्रतियोगिता में जहां प्रथम स्थान प्राप्त कर ट्राफी अपने नाम की, वहीं पर श्लोक गायन में वनिता कुमारी और संस्कृत गीतिका में गुनगुन ने पूरे खंड में क्रमशः प्रथम और दूसरा स्थान, कुश्ती में पूजा ठाकुर और स्नेहा ने दूसरे स्थान पर रहीं। मुस्कान ठाकुर, पूजा, रिया, अनामिका, प्रिया आदि ने लोक नृत्य और समूह गान की ट्रॉफी अपने नाम की। कार्यक्रम प्रभारी तिलक और अर्चना शर्मा ने सभी छात्राओं को उनके शानदार प्रदर्शन पर बधाई दी।

# स्कूलों में बच्चों को अगले सत्र से सिखाई जाएंगी लाइफ स्किल्स : राजेश शर्मा

## छठी से 12वीं कक्षाओं के विषयों के साथ हो मैपिंग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



प्रदेश के स्कूलों में 6 से 12 कक्षाओं के लिए लाइफ स्किल–माइंडफुलनेस पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला समग्र शिक्षा निदेशालय में संपन्न हो गई। समग्र शिक्षा निदेशक राजेश शर्मा ने अंतिम दिन कार्यशाला में तैयार पाठ्यक्रम के प्रारूप की समीक्षा की और इस बारे में निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि हिमाचल के स्कूलों में अगले सत्र से जीवन कौशल, यानी लाइफ स्किल बच्चों को सिखाई जाएंगी। इस कार्यशाला में जीवन कौशलों को स्कूली शिक्षा का हिस्सा बनाने के तौर तरीकों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। उन्होंने भारती फाउंडेशन के ट्रेनरों, डाइटों के मनोविज्ञान एवं विषय विशेषज्ञों, समग्र शिक्षा निदेशालय के कोर्निटेरों से मॉड्यूलस को संबंधित कक्षाओं के विषयों में शामिल करने का एक पूरा खाका तैयार करने के निर्देश दिए। इसमें इन माडल्यूलस की 6वीं से 12वीं कक्षाओं के विषयों के साथ मैपिंग हो ताकि इनको सफलतापूर्वक लागू किया जा सके। उन्होंने कहा कि मॉड्यूलस को इस तरह से पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए कि ये बेहद सरल और रूचिकर हों, इससे बच्चे आसानी से इन्हें सीख सकेंगे।

कौशल का शिक्षा में शामिल करने के महत्व पर कहा कि प्राचीन समय में गुरुकुल शिक्षा प्रणाली का ये अहम हिस्सा हुआ करते थे, हालांकि समय के साथ यह समाप्त हो गए। अब इनकी अहमियत देखते हुए इन्हें फिर से स्कूली शिक्षा प्रणाली का हिस्सा बनाए जाने की जरूरत महसूस की जा रही है। यही वजह है कि हिमाचल में समग्र शिक्षा ने इन जीवन कौशलों को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए यह दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। राजेश शर्मा ने जीवन कौशल को पाठ्यक्रमों लागू करने में आने वाली चुनौतियों का जिक्र करते हुए इनका व्यावहारिक हल खोजने पर भी बल दिया।

उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि वे इसका एक ऐसा मॉडल तैयार करें, जिसमें इन्हें लागू करने की एक स्पष्ट रूप रेखा हो। इससे इस पूरी प्रक्रिया को बेहद आसान बनाकर इसको शिक्षण कार्यों के साथ लिंक किया जाना चाहिए। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि इस पहल को लागू किया करने के लिए समग्र शिक्षा पूरी तरह से तैयार है और इसके लिए शिक्षकों की ट्रैनिंग भी कराई जा सकती है।

### उच्च शिक्षा निदेशालय द्वारा गठित कमेटी ने किया पुस्तकालय का निरीक्षण

**शिमला।** राजकीय महाविद्यालय नेरवा में बुधवार को उच्च शिक्षा निदेशालय हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा गठित कमेटी के सदस्यों द्वारा पुस्तकालय का निरीक्षण किया गया। इसमें निदेशालय द्वारा नियुक्त डॉ. भूपेंद्र ठाकुर प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय टिक्कर जिला शिमला डॉ. प्रेम प्रकाश चौहान प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय सावडा जिला शिमला तथा अशोक शर्मा लाइब्रेरी सहायक राजकीय महाविद्यालय टिक्कर जिला शिमला के सदस्यों के रूप में शामिल थे। निरीक्षण टीम ने लाइब्रेरी की व्यवस्थाओं और सुविधाओं की गहन जांच की और उसे संतोषजनक पाया। टीम ने पुस्तकालय के रखरखाव और संसाधनों की सराहना की और इसे छात्रों के अध्ययन के लिए उपयुक्त बताया। उन्होंने लाइब्रेरी में आधुनिक तकनीक का उपयोग बढ़ाने और अधिक संदर्भ सामग्री उपलब्ध कराने पर जोर दिया, जिससे छात्र अधिक लाभान्वित हो सकें। नरेवा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरबंस लाल शर्मा व महाविद्यालय प्रशासन ने निरीक्षण टीम की सिफारिशों को गंभीरता से लेने और लाइब्रेरी की सुविधाओं को और बेहतर बनाने का आश्वासन दिया हैं।

# विधानसभा में खूब गूंजा संजौली मस्जिद का मामला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

विधानसभा सदन में शिमला के संजौली में मस्जिद का मामला काफी देर तक गूंजा। संजौली में चार दिन पहले प्रदर्शन हुआ था हालांकि अभी भी यह मामला थमा नहीं है।

नियम 62 के तहत विधानसभा के मानसून सेशन में संजौली में बनी अवैध मस्जिद का मामला उठाते हुए विधायक बलवीर वर्मा ने कहा संजौली में अनेक धार्मिक स्थल, मंदिर, सत्संग भवन, स्कूल कॉलेज हैं, जहां मस्जिद बनाई जा रही है। वहां 99 फीसदी एक समुदाय के लोग रहते हैं। मस्जिद में स्पीकर लगता है तो लोगों को इससे परेशानी होती है। मस्जिद के अवैध निर्माण को लेकर शिकायतें हुई हैं पर उस पर कोई एक्शन नहीं लिया गया।

इस दौरान सदन में मस्जिद को लेकर कांग्रेस के मंत्री और विधायक एक–दूसरे पर तंज कसते नजर आए। मस्जिद को लेकर कांग्रेस एक मत नहीं है। पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह मस्जिद और विशेष समुदाय पर सख्त कार्रवाई की पैरवी करते नजर आए, जबकि कांग्रेस विधायक हरीश जनारथा ने सदन में इस मामले को तूल नहीं देने और कानून के हिसाब से कार्रवाई की वकालत की। अनिरुद्ध सिंह ने कहा कि संजौली में मस्जिद के कारण लोगों में आक्रोश है। एक विशेष समुदाय के नए–नए लोग रोज यहां आ रहे हैं। क्या ये रोहिंग्या मुसलमान है? वह कुछ ऐसे लोगों को जानते हैं, जो बांग्लादेशी हैं।

#### पुलिस ने की कार्रवाई, छह आरोपियों को किया गिरफ्तार

**कांग्रेस** विधायक हरीश जनारथा ने कहा कि इस झगड़े को कुछ और रंग देने की कोशिश की जा रही है। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई की और 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया। ये मस्जिद वक्फ बोर्ड की जमीन पर बनी है। इसमें 10-15 साल पहले निर्माण शुरू हुआ। आसपास की जमीन भी वक्फ बोर्ड की है। अगर वक्फ बोर्ड एक्शन लेता है तो हमारे लोग भी फंस जाएंगे।

#### कोर्ट अगर अवैध बोलता है तो नियमों के तहत की जाएगी कार्रवाई: विक्रमादित्य

**मंत्री** विक्रमादित्य ने कहा कि कोर्ट अगर अवैध बोलता है तो नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा मामले में ज्यादा तूल देना प्रदेश हित में सही नहीं है। कानून को अपनी कार्रवाई करने दें। हम कानून के दायरे में रहकर इस मामले में कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार, मस्जिद पुराने रिकॉर्ड में है।

# सांसद कंगना पर कांग्रेस मंत्री की टिप्पणी निंदनीय : वंदना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष वंदना योगी ने कहा कि जिस प्रकार से कांग्रेस मंत्री जगत नेगी ने भाजपा सांसद कंगना रनौत को लेकर बयान दिया है वह निंदनीय है।



उन्होंने कहा कि नेताओं को महिला नेत्रियों की इज्जत करनी आनी चाहिए जिस प्रकार से कांग्रेस के मंत्री ने भाजपा ने नेत्री के बारे में टिप्पणी की उससे साफ दिखता है इन नेताओं को महिलाओं को उचित दर्जा देना नहीं आता। इन नेताओं को एक चीज का ध्यान होना चाहिए कि उनकी खुद की पार्टी में भी महिलाएं नेतृत्व करती हैं और घर पर भी महिलाओं का बड़ा योगदान होता है, पर अगर आप किसी महिला को नीचा दिखाने का प्रयास करते हैं वह ठीक नहीं है। हम कांग्रेस नेता से पूछना चाहते हैं कि क्या उनकी पार्टी और घर पर मां–बेटियां नहीं हैं? जो वह कंगना के बारे में मां–बेटी की टिप्पणी करते हैं।

उन्होंने कहा की प्रदेश में तो कुछ इस प्रकार की हालत हो गई है कि पहले हर बेटी को 1500 रुपए देने थे, पर अब तो जिनको 1500 रुपए दे दिए गए है, उनसे भी वापस मांगे जा रहे हैं। यह कैसी सरकार है। उन्होंने कहा की कांग्रेस मंत्री को महिलाओं पर टिप्पणी करने के पूर्व अपनी गारंटी पर ध्यान देना चहिए।

## विधानसभा अध्यक्ष ने शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को दी बधाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने देश व प्रदेश के सभी शिक्षकों को शिक्षा दिवस की बधाई दी है। अपने बधाई संदेश में पठानिया ने कहा कि यह दिन भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति भारत रत्न, प्रख्यात विद्वान, भारतीय संस्कृति के संवाहक और महान दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को समर्पित है। उन्होंने कहा कि शिक्षक हमारे जीवन का स्तंभ तथा मार्गदर्शक होते हैं। वह अपना समय देकर हमारे जीवन को संवारते हैं तथा आगे बढ़ाते हैं। शिक्षक हमें न सिर्फ शिक्षा देते हैं, बल्कि हमें अच्छा इन्सान बनाने का प्रयास करते हैं। उनकी कही बातें ही हमारे जीवन में निखार लाती हैं। पठानियां ने कहा कि शिक्षा से इन्सान सिर्फ शिक्षित ही नहीं होता है बल्कि आत्मनिर्भर भी बनता है। इस अवसर पर पठानिया ने सभी शिक्षकों का आह्वान किया कि वे डॉ. राधाकृष्णन द्वारा स्थापित उच्च आदर्शों को अपनाते हुए उनके सुझाए मार्गों का अनुसरण करें तथा देश के भीतर शिक्षा का दीप प्रज्वलित करते रहें।

# नेरवा बाजार से नेरवा महाविद्यालय तक शुरू की जाए बस सेवा: अभाविप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नेरवा इकाई की कार्यकर्ता रिजूल ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हमेशा से ही छात्र हितों की रक्षा के लिए आवाज बुलंद करती आई है।



इसी संदर्भ में आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नेरवा इकाई ने महाविद्यालय की स्थानीय मांगों को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया और प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा जिसमें परिषद ने प्रमुखता से मांग रखी की महाविद्यालय के पुस्तकालय में नए संस्करण की पुस्तकें उपलब्ध करवाई जाएं, देखने को मिलता है कि पुराने संस्करण की पुस्तकें होने से विद्यार्थियों को नए सिलेबस की सुविधा प्राप्त नहीं होती है। पुस्तक पुरानी होने से पुस्तकों की हालत भी खस्ता हो चुकी है इसलिए परिषद महाविद्यालय प्रशासन से आग्रह करती है की जल्द से जल्द नए संस्करण की पुस्तकों की सुविधा को मुहैया करवाई जाए। गर्मी के समय में छात्र खड़ी चढ़ाई से होते हुए महाविद्यालय पहुंचते हैं ऐसी स्थिति में छात्र महाविद्यालय में थका हुआ महसूस करते हैं। ऐसे में परिषद प्रशासन से मांग करती है की नेरवा बाजार से लेकर महाविद्यालय तक बस सेवा आरंभ की जाए।

### जुखाला के प्रधान ने पंचायत में किया पौधरोपण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जुखाला क्षेत्र को साफ-सुथरा, स्वच्छ तथा हराभरा रखने के उद्देश्य से जुखाला पंचायत प्रधान ने पौधरोपण कार्यक्रम का आगाज किया है। इस कार्यक्रम के तहत पंचायत प्रधान ने जुखाला पंचायत के सभी क्षेत्रों में पौधरोपण शुरू किया है। जुखाला पंचायत प्रधान जगदीश ठाकुर ने बताया कि मनरेगा योजना के अंतर्गत उन्होंने पूरी पंचायत में पौधरोपण किया। इस पौधरोपण के तहत उन्होंने जुखाला पंचायत के अंतर्गत आने वाले डिग्री कॉलेज जुखाला, गृह रक्षा कंपनी मारकंड, पशु चिकित्सालय जुखाला, जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान जुखाला तथा पंचायत घर में करीब 500 पौधे लगाए हैं। उन्होंने बताया कि जुखाला पंचायत के अंतर्गत आने वाले जो संस्थान शेष बच गये है उनमे अगले चरण में पौधारोपण किया जाएगा। पंचायत प्रधान के अनुसार उन्होंने सभी संस्थानों में औषधीय तथा फलदार पौधे लगाए हैं, ताकि संस्थानों में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों को ताजे फलों के साथ औषधीय पौधे से स्वच्छ हवा तथा स्वच्छ वातावरण मिल सके।



### वरिष्ठ नागरिकों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** वरिष्ठ नागरिक सभा घुमारवीं के सदस्यों के द्वारा उपमंडलाधिकारी घुमारवीं गौरव चौधरी को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंप कर उनका शीघ्र निवारण करवाने की अपील की। उनकी मुख्य मांगों में सभी विभागों के कार्यालयों में वरिष्ठ नागरिकों के कार्यों को प्रमुखता से करवाया जाना, सिर खड्ड पुल के पास रेन शेल्टर का निर्माण करवाना, बस स्टैंड से दकड़ी चौक के बीच शौचालय का निर्माण करवाना, पुराने बस स्टैंड से गांधी चौक तक सड़क में पड़े छोटे छोटे खड्डों को भरवाया जाना तथा बाजार में रास्ते एवम सड़क के साथ दुकानदारों के द्वारा रखे गए सामान का समय समय पर निरीक्षण करवाना ताकि आने जाने वाले वरिष्ठ नागरिकों तथा अन्य लोगों को असुविधा न हो आदि मांगे प्रमुख थीं। उपमंडलाधिकारी ने उनकी मांगों को प्रमुखता से पूरी करवाने की बात कही। इस अवसर पर मुख्य रूप से शहरी इकाई के प्रधान हरिसिंह ठाकुर, घुमारवीं इकाई के प्रधान रूप लाल शर्मा, रिटायर्ड चीफ इंजीनियर रमेश कुंमार केंथ, देवराज शर्मा, बीडी शर्मा, मिल्खी राम, रामलाल शर्मा, लेखराम, बलदेव मुख्य रूप से उपस्थित रहे।



### डीसी ऑफिस कर्मचारी संघ की कार्यकारिणी गठित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** उपायुक्त कार्यालय कर्मचारी संघ बिलासपुर, जिला बिलासपुर की चुनाव प्रकिया बलबीर सिंह (निजि सहायक उपायुक्त) चुनाव अधिकारी की उपस्थिति में पूर्ण करवाई गई। जिसमें निम्न कर्मचारियों को सर्वसम्मति से उपायुक्त कार्यालय कर्मचारी संघ बिलासपुर, जिला बिलासपुर के पदाधिकारी नियुक्त किए गए। जिसमें संदीप कुमार प्रधान, राजीव कुमार व पंकज शर्मा वरिष्ठ उपप्रधान, अतुल चौधरी उप प्रधान, विपिन कुमार राव महासचिव, सन्नी चन्देल अतिरिक्त महासचिव, निशा धीमान व रीमा ठाकुर संयुक्त सचिव, रवि कुमार वित्त सचिव, सूरज ढिल्लों अतिरिक्त वित सचिव, विवेक कौशल प्रैस सचिव, अनीश चंदेल अतिरिक्त प्रैस सचिव नियुक्त किया गया।

### प्रदीप ठाकुर बने खेलकूद समिति के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला स्तरीय सायर मेला समिति की एक बैठक मेला ग्राउंड में संपन्न हुई, जिसकी अध्यक्षता मेला समिति के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने की। राजेश ठाकुर ने बताया कि सायर पर्व पर आयोजित होने वाला यह जिला स्तरीय सायर मेला तीन दिन तक चलेगा जिसका 16 सितंबर को आगाज हो जायेगा और 18 सितंबर को इसका समापन होगा। इस बैठक में मेले के सफल आयोजन हेतु उपसमितियों का गठन किया गया। खेलकूद समिति में प्रदीप ठाकुर को प्रभारी बनाया गया जबकि रविंद्र ठाकुर, सोनू, अनिल कुमार तथा मुकेश कुमार को सहायक नियुक्त किया गया। पशु चयन समिति का परस राम को प्रभारी नियुक्त किया गया, जबकि श्याम लाल, गुलाबा राम, लालमन तथा मनोहर लाल को सदस्य नियुक्त किया गया।

# कारगिल युद्ध में अहम भूमिका निभाने वाले कैप्टन लेखराम पंचतत्व में विलीन



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं उपमंडल के तहत आने वाली ग्राम पंचायत हरलोग के डुगली गांव में भारतीय सेना से सेवानिवृत्त 70 वर्षीय कैप्टन लेखराम गौतम का निधन हो गया। उनके पैतृक गांव डुगली में स्थित शिवधाम में सैनिक सम्मान सहित उनका अंतिम संस्कार किया गया। दिवंगत कैप्टन लेखराम के छोटे भाई कैप्टन रतन लाल गौतम बताया कि कैप्टन लेखराम का कुछ दिनों से स्वास्थ्य ठीक नहीं चल रहा था। वह कुछ दिनों से पीजीआई चंडीगढ़ में उपचाराधीन थे। स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने के चलते जिस कारण चंडीगढ़ पीजीआई में उनका निधन हो गया। उन्होंने बताया कैप्टन लेखराम गौतम 14 जैक राइफल में वर्ष 1973 में भर्ती हुए थे। देश के विभिन्न सीमांत क्षेत्रों में उन्होंने करीब 32 वर्ष अपनी सेवाएं प्रदान कीं। वर्ष 1999 में भारत और पाक के बीच में हुए कारगिल युद्ध में कैप्टन लेख राम गौतम ने अपनी जान पर खेलकर युद्ध में सैनिक टुकड़ियों को गोला बारूद एवं हथियार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। इसके प्रति उन्हें राष्ट्रपति के द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया था। उन्होंने बताया पाक परस्त घुसपैठियों ने भारतीय सैन्य टुकड़ियों तक हथियार और राशन की सप्लाई रोकने के प्रति अनेक बार प्रयास किए गए, लेकिन कैप्टन लेखराम गौतम के द्वारा बनाई गई रणनीति के आगे उनकी एक भी चाल सफल नहीं हो सकी। अंतिम विदाई पर क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों ने दिवंगत कैप्टन लेखराम गौतम को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## हिमुडा निदेशक मंडल सदस्य जितेंद्र चंदेल ने किया कोल डैम का दौरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर के एनटीपीसी परियोजना की कोल डैम झील के साथ लगते गांव वाहोट– कसोल को पर्यटन स्थल व वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटी रूप में विकसित किया जाएगा। यह बात हिमुड़ा निदेशक मंडल के सदस्य व पूर्व पीसीसी सदस्य जितेंद्र चंदेल ने हरनोड़ा पंचायत के कसोल गांव में अपने दौरे के दौरान कही। उन्होंने यहां पर होने वाली आपार सम्भावनाओं को लेकर क्षेत्र का भ्रमण किया इस दौरान उनके साथ हरनोड़ा पंचायत के प्रधान देशराज ठाकुर, पूर्व प्रधान जोगिंदर सिंह ठाकुर, माकड़ी पंचायत की पूर्व प्रधान तृप्ता ठाकुर, जिला कांग्रेस के महासचिव पवन ठाकुर साथ थे। उन्होंने उपायुक्त आबिद हुसैन का कोल डैम के कसोल गांव में टूरिज्म हब बनाने की सोच की प्रशंसा की। इसके लिए प्रदेश सरकार सरकार की योजना सिरें चढ़ी है और सीएम सुखबींद्र सिंह सुक्खू शीघ्र ही क्षेत्र का दौरा करवाएंगे। उन्होंने कहा प्रशासन ने फ़िलहाल सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली है। अब यहां होम स्टे को भी बढ़ावा दिया जा रहा है ताकि पर्यटक यहां आकर ग्रामीण जीवन शैली का लुफ्त उठा सकेंगे। क्षेत्र में इको टूरिज्म और एक्वा टूरिज्म को भी प्रमोट किया जाएगा। शीघ्र ही कोल् डैम झील में कसोल से तातापानी तक क्रूज, शिकारे चलेंगे, जो कि पर्यटन की दृष्टि से मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा। इस क्षेत्र के लोगों को घर पर ही रोजगार का अवसर मिलेगा।प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से पर्यटन गतिविधियों के बढ़ने से लोगों की आमदनी के रास्ते खुलेंगे। बताया कि कोल डैम देश के सबसे खूबसूरत वाटर बॉडीज में से एक है। यहां पर साल भर पानी का स्तर बराबर बना रहता है यहीं नही यहां 12 महीने पर्यटन गतिविधियां कर पाना भी संभव है।

### कुनणु गांव तक सड़क होती, तो बच जाती अखिल की जानः सुनील गौतम

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** ग्राम पंचायत पंजगाईं के कुनणु गांव के 32 वर्षीय अखिल कुमार पुत्र प्रेमलाल गौतम का सोमवार देर रात अचानक बीमार होने के चलते देहांत हो गया। ग्राम पंचायत पंजगाईं के पूर्व वार्ड सदस्य सुनील गौतम ने बताया कि अखिल को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंजगाई में लाया गया। परंतु डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सुनील गौतम का कहना है कि आज तक गांव कुनणु में सड़क न पहुंचने की वजह से अखिल की मृत्यु रास्ते में ही हो गई। यदि सड़क की व्यवस्था होती तो गाड़ी द्वारा अखिल को तुरंत अस्पताल पहुंचाते। पंजगाईं स्थित हॉस्पिटल तक बीमार हालत में अखिल को चारपाई के माध्यम से अस्पताल तक पहुंचाया गया। अस्पताल में देरी से पहुंचने की वजह से अखिल ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। आज तक कई सरकारे आई, गई लेकिन गांव तक सड़क नहीं पहुंच पाई। इससे पहले भी क्षेत्र के लोग कई हादसों का सामना कर चुके है।

### एनसीसी कैडेट्स ने की साफ-सफाई

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं की एनसीसी इकाई ने सामाजिक सेवा और सामुदायिक विकास कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण गतिविधि का सफल आयोजन किया। इस कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य प्रो. राम कृष्ण के मार्गदर्शन में किया गया, जिसमें पर्यावरणीय स्थिरता और स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाने पर जोर दिया गया। इस गतिविधि में एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सार्वजनिक स्थलों की सफाई तथा क्यारियां बनाकर उनमें फूल लगाए। प्राचार्य प्रो.राम कृष्ण ने कैडेट्स के प्रयासों की सराहना की और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना को विकसित करने में ऐसी गतिविधियों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों को सामुदायिक सेवा में संलग्न रहने और स्वच्छता तथा संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के संयोजक एनसीसी प्रभारी प्रो.राजीव शर्मा ने इस कार्यक्रम के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम कैडेट्स में चरित्र निर्माण और नेतृत्व गुणों के विकास में सहायक है।



### आर्थिक संकट घोषित कर इस्तीफा दें सीएम

**घुमारवीं।** कर्मचारियों व पेंशनरों को महीने की पहली तारीख को वेतन न मिलने पर पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला किया। गर्ग ने कहा कि प्रदेश में निकम्मी सरकार कार्य कर रही है। इस निकम्मी सरकार को प्रदेश में आर्थिक संकट घोषित कर मुख्यमंत्री को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। हिमाचल प्रदेश के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि कर्मचारियों को वेतन और पेंशनरों को महीने की पहली तारीख को पेंशन नहीं मिली। प्रदेश के मुख्यमंत्री बार–बार कहते हैं कि आर्थिक स्थिति में सुधार ला रहे हैं, कभी वो 2027 में प्रदेश को आत्म निर्भर बनाने की बात कहते हैं, तो कभी 2032 में देश का अग्रणी राज्य बनाने का राग अलापते हैं। उन्होंने सवाल दागा कि यदि प्रदेश में वितिय संकट नहीं है, तो महीने की पहली तारीख को कर्मचारियों को वेतन व पेंशनरों को पेंशन क्यों नहीं दी गई। इससे पहले भी सरकारों ने कर्मचारियों व पेंशनरों को समय–समय पर भुगतान किया है।

**सम्मान** बिलासपुर में राजभाषा पखवाड़ा–2024 का हुआ आयोजन

# एपीआरओ हेमंत नेगी को हिंदी भाषा में उत्कृष्ट कार्य करने पर मिला पुरस्कार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

भाषा एवं संस्कृति विभाग जिला बिलासपुर द्वारा राजभाषा पखवाड़ा–2024 के अवसर पर कला केंद्र हॉल में जिला स्तरीय अंतर विद्यालय राजभाषा प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया। इन प्रतियोगिताओं में 15 विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने शिरकत किया। इस अवसर पर वर्ष 2023–24 के दौरान हिंदी भाषा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में कार्यरत सहायक लोक संपर्क अधिकारी हेमंत नेगी को अधिकारी श्रेणी में पुरस्कृत किया गया, जबकि जिला कल्याण विभाग में कार्यरत सोम दत्त शर्मा और मत्स्य विभाग के केवल कृष्ण को कर्मचारी वर्ग में पुरस्कृत किया गया । इसके अलावा हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए जिला सांख्यिकी विभाग को पुरस्कृत किया गया। विभाग की ओर से डीएसओ सुशील कुमार ने पुरस्कार प्राप्त किया। जिला भाषा अधिकारी रेवती सैनी ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और उन्हें प्रतियोगिताओं की पूर्ण जानकारी दी। भाषण प्रतियोगिता में मिनर्वा वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला की छात्रा वैष्णवी नड्डा प्रथम ग्लोरी स्कूल की चारु प्रिया द्वितीय और घुमारवीं स्कूल की अंबिका तीसरे स्थान पर रही। निबंध लेखन में हिम सर्वोदय माध्यमिक पाठशाला घुमारवीं के मृदुल शर्मा ने प्रथम स्थान, वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला औहर की लता कुमारी ने द्वितीय स्थान और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या बिलासपुर की उर्वशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।




### चेतना संस्था कल करवाएगी क्विज कंपटीशन

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** दिव्यांगों के उत्थान के साथ ही अपने अन्य सामाजिक दायित्व भी बखूबी निभा रही चेतना संस्था के तत्वावधान में क्विज कंपटीशन 6 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। भाषा एवं संस्कृति विभाग के रौड़ा सेक्टर स्थित बहुद्देश्यीय सांस्कृतिक परिसर में आयोजित किए जाने वाले डॉ. एनएल नड्डा क्विज कंपिटिशन में बिलासपुर जिला के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के बच्चे भाग लेंगे। चेतना संस्था के जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा व सचिव हरीश नड्डा ने बताया कि कार्यक्रम में हिमाचल केंद्रीय विश्वविद्यालय के उपकुलपति डॉ. सतप्रकाश बंसल मुख्य अतिथि, जबकि प्रसिद्ध शिक्षाविद् बृजबाला सांख्यान, एचपीयू की सेवानिवृत्त अतिरिक्त परीक्षा नियंत्रक तृशला शर्मा व व्यापार मंडल बिलासपुर के अध्यक्ष नरेंद्र पंडित विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। चेतना संस्था की संस्थापक अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा विशेष तौर पर उपस्थिति दर्ज कराएंगे। संस्था के प्रवक्ता स्वदेश ठाकुर ने बताया कि क्विज कंपटीशन के लिए निर्धारित शेड्यूल के अनुसार सुबह 10 से 11 बजे तक प्रारंभिक चरण होगा। 11:30 बजे से फाइनल राउंड शुरू होगा, जो दोपहर 1:30 बजे तक चलेगा। उसके बाद पुरस्कार वितरित किए जाएंगे।

### झंडूता के खिलाड़ियों ने किया बेहतर प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता उपमंडल में स्थित शहीद अश्वनी कुमार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झंडूता की छात्राओं ने जोनल खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार खेल प्रदर्शन किया। अपने उम्दा खेल प्रदर्शन के दम पर कबड्डी और मार्च पास्ट में प्रथम स्थान हासिल किया है। स्कूल पहुंचने पर स्टाफ व सहपाठियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। आपको बता दें कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जेजवी में अंडर 19 छात्रा वर्ग की ज़ोनल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में तीन दिवसीय खेलों का समापन कल हुआ जिसमें झण्डूता की छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए कबड्डी और मार्च पास में प्रथम स्थान हासिल किया है। स्कूल के प्रधानाचार्य पवन संख्यान ने छात्राओं का स्वागत किया। इस स्वागत कार्यक्रम में एस एम सी प्रधान संजय चंदेल, पूर्व एसएमसी प्रधान कुलदीप कश्यप, सेवानिवृत्त शारीरिक शिक्षिका शकुंतला, राकेश, कपिल, निर्मल उपस्थित रहे।



# विधानसभा मानसून सत्र





विधानसभा के मानसून सत्र में भाग लेने के लिए जाती विधायक अनुराधा राणा।



शिमला में विधानसभा के मानसून सत्र दौरान सचिवालय के बाहर भाजपा के विधायकों के साथ नारेबाजी करते नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर।



मानसून सत्र में भाग लेने के लिए जाते विधायक आशीष शर्मा और सुधीर शर्मा।

## गगल एयरपोर्ट के मुआवजे के मामले में भेदभाव को गंभीरता से देखेगी सरकार : सीएम सुक्खू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा मानसून सत्र के 7वें दिन की कार्यवाही शांतिपूर्वक तरीके से शुरू हुई। हालांकि गगल एयरपोर्ट पर किए प्रश्न पर हल्की नोक-झोंक हुई। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि जिला कांगड़ा के गगल एयरपोर्ट के मुआवजे के मामले में कहीं भी भेदभाव होगा, तो उसे सरकार गंभीरता से देखेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांगड़ा को टूरिज्म कैपिटल बनाया जा रहा है। बजट में इसकी घोषणा की गई है। इससे पहले कांगड़ा का आधारभूत ढांचा विकसित किया जाना है। जमीन बैंक बनाने के साथ-साथ अन्य कई योजनाओं पर काम किया जाना है।

वनखंडी जू को लेकर कंसल्टेंट की नियुक्ति की गई है। इसमें पहले फेज का काम पूरी हो चुका है। 160 हेक्टेयर पर चारदीवारी लगाने का काम शुरू कर दिया है। कांगड़ा में आधारभूत ढांचे को विकसित करने में 610 करोड़ रुपए खर्च होंगे। रक्कड़ में 13 करोड़ रुपए से हेलिपोर्ट का निर्माण होगा। कांगड़ा



हवाई अड्डे के विस्तारीकरण के लिए 1,230 करोड़ का प्रावधान किया गया है। नरघोटा में टूरिज्म निर्माण भूमि के क्रय के लिए 70 करोड़ की प्रशासनिक और 40 करोड़ की वित्तीय स्वीकृत दी गई है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने यह जानकारी विधायक सुधीर शर्मा और शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया की ओर से

### एयरपोर्ट पर किए प्रश्न पर मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के बीच हल्की नोकझोंक

पूछे गए प्रश्न के उत्तर में दी। हालांकि कांगड़ा एयरपोर्ट पर किए प्रश्न पर मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के बीच हल्की नोकझोंक भी हुई। सीएम ने कहा कि बल्ह एयरपोर्ट के काम को भी आगे बढ़ाया जाएगा।

सरकार की किसी को बंद करने की कोई मंशा नहीं है। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और चुराह के भाजपा विधायक हंसराज ने भी इस पर अनुपूरक सवाल किए।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कभी कहते हैं कि कांगड़ा को विंटर कैपिटल तो कभी टूरिज्म कैपिटल। धरातल पर कुछ नहीं है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि जयराम ठाकुर कुछ बातें कंफ्यूजन में कहते हैं। भाजपा के समय में शिमला एयरपोर्ट को लागू करने की लड़ाई कांग्रेस ने लड़ी है।

### खाली पहाड़ियों पर होगा पौधरोपण

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल की खाली पहाड़ियों में पौधरोपण होगा। एनजीओ और महिला मंडल को इसकी जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। इसके लिए पंचायतों को इंसेंटिव भी दिया जाएगा। हिमाचल में 50 से 60 फीसदी पौधे बच पाते हैं। कई पशु खा जाते हैं तो कई सरवाइव नहीं कर पाते। उन्होंने यह जानकारी विधायक रणधीर शर्मा की ओर से पूछे गए प्रश्न के उत्तर में दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भौगोलिक स्थिति को देखकर ही पौधरोपण होगा। भाजपा विधायक रणधीर शर्मा ने कहा कि पौधों को बचाने के लिए की जाने वाली फेंसिंग कागजों में होती है। पौधों का रखरखाव जरूरी है। जंगलों में आग लग जाती है। नए पौधे तो क्या सालों पुराने पेड़ जल जाते हैं।

## वर्तमान वित्तीय हालत के लिए सुक्खू सरकार का वित्तीय कुप्रबंधन जिम्मेदार : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान, शिमला**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस लगभग दो साल से सुखविंद सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार चला रही है, लेकिन अपनी हर नाकामी का ठीकरा केंद्र सरकार और पूर्व की भाजपा की सरकार पर फोड़ते हैं। आज की वर्तमान स्थिति की जिम्मेदार सुखविंद्र सिंह सुक्खू की वित्तीय नीतियां हैं जो प्रदेश के विकास और जनहितोन्मुखी न होकर मित्र हितोन्मुखी है।

भाजपा ने भी पांच साल सरकार चलाई। उस दौरान कोरोना जैसी महामारी को पूरी दुनिया ने झेला। सारी आर्थिक गतिविधियां बंद रही। लगभग दो साल चले इस दौर में भी एक भी कर्मचारी का एक बार भी वेतन देने में देरी नहीं हुई। आउट्स सोर्स से लेकर, पैरा वर्कर, रेग्युलर और कंट्रैक्चुअल कर्मचारी हो या कोई और किसी के वेतन से एक पैसे की कटौती भी नहीं की गई। विपरीत आर्थिक



हालत के बाद भी प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत किया गया। यह सब इसलिए हुआ कि हमारी पूर्व की सरकार न जनहित के मुद्दों को प्रमुखता दी।

इस दौरान लोगों के इलाज के लिए हिमकेयर जैसी योजनाएं प्रदेश के लोगों को समर्पित हुई, लेकिन

### कहा-कोरोना दौर में एक भी कर्मचारी के वेतन में देरी नहीं हुई

सुक्खू सरकार ने सभी योजनाओं को बंद करना शुरू कर दिया। आज हिम केयर योजना का क्या हाल है? सहारा योजना का क्या हाल है? सामाजिक सुरक्षा पेंशन का क्या हाल है। शगुन, स्वावलंबन जैसी योजनाओं का क्या हाल है? पूर्व की भाजपा सरकार एक कल्याणकारी राज्य की तरह जनसेवा कर रही थी।

वर्तमान सरकार के क्रिया कलाप किसी भी हाल में कल्याणकारी राज्य के कार्य नहीं कहते हैं। सरकार सिर्फ टैक्सेस बढ़ाने, सुविधाएं छीनने के काम में लगी है। वर्तमान वित्तीय हालत की जिम्मेदारी सुक्खू सरकार का वित्तीय कुप्रबंधन है, जिसका खामियाजा प्रदेश के लोग उठा रहे हैं।



मानसून सत्र के 7वें दिन की कार्यवाही शुरू होने से पहले विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया को सलामी देते पुलिस के जवान।

## हर्षवर्धन चौहान बोले-उद्योगों का पलायन और बंद होना सरकार के नियंत्रण में नहीं

**अनंत ज्ञान, शिमला**

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि उद्योगों का पलायन और बंद होना प्रदेश सरकार के नियंत्रण में नहीं है। उन्होंने यह जानकारी विधायक जनकराज और विधायक जीतराम कटवाल की ओर से पूछे गए प्रश्न के उत्तर में दी।



पूर्व उद्योग मंत्री बिक्रम सिंह ठाकुर ने इस मामले पर अनुपूरक प्रश्न किए। उन्होंने कहा कि हिमाचल से उद्योग पलायन कर रहे हैं। सरकार इन्हें रोक नहीं पा रही है। प्रदेश सरकार ने उद्योगपतियों को रिहायतें देना बंद कर दिया है। उन्होंने हिमाचल से पलायन होने वाली नामी कंपनियों के नाम गिनाए।

इस पर उद्योगमंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि हिमाचल में उद्योगपतियों को बिजली में रियायत की जाएगी। इसको लेकर मुख्यमंत्री से बात की गई है। अन्य राज्यों की अपेक्षा हिमाचल में उद्योगपतियों को एक रुपए कम यूनिट में बिजली दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि उद्योगों का बंद होना सामान्य प्रक्रिया है। किसी को घाटा हो गया, या किसी का उद्योग नहीं चल रहा है। इसकी जानकारी सरकार को नहीं होती है। 100 उद्योगपतियों ने लीज पर उद्योग देने के लिए आवेदन किया है। 80 से 90 उद्योगपतियों के बिजली के मीटर कट गए है। यह जानकारी बिजली बोर्ड से ली गई है।

### कंगना पर सदन में की गई टिप्पणी अपमानजनक

**नेता** प्रतिपक्ष ने मीडिया के सवालों के जवाब में कहा कि सदन के अंदर कंगना रनौत पर की गई टिप्पणी दुर्भाग्यपूर्ण हैं। एक महिला सांसद के ऊपर औचित्यहीन टिप्पणी करना समझ के परे हैं। जो व्यक्ति अपना पक्ष रखने के लिए सदन में उपस्थित नहीं है। उसके बारे में ऐसी टिप्पणी करना सदन की मर्यादा के आचरण के विपरीत हैं। इस टिप्पणी के लिए मंत्री को माफी मांगनी चाहिए।

## सीपीएस किशोरी लाल ने उठाया 'टीसीपी' व 'साडा' का मुद्दा

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

**बैजनाथ** सीपीएस किशोरी लाल ने शून्यकाल में बैजनाथ के गांवों को 'टीसीपी' व 'साडा' में शामिल करने का विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि ये नियम लोगों की आपत्तियों को बिना व उन्हें बताए बिना लिया गया है। किशोरी लाल ने कहा कि बैजनाथ के बीड़, चौगान व क्योरी पहले साडा में थे, अब उसके साथ लगते गांवों गुनेहड़, भट्ठ, भारग , घरनाला को भी साडा में शामिल किया गया है। इसके साथ ही अन्य गांवों जो कृषि आधारित क्षेत्र हैं शीतला, कुंसल, पंसुआ, मंधोल, चकौल, कुकैना, अवैरी व घोड़पीठ को टीसीपी में शामिल किया गया है, जिसका वे विरोध करते हैं।



हाल ही में उन्हें निचले क्षेत्र में जाने का मौका मिला था, जिसके तहत कुंसल में उन्हें ग्रामीणों द्वारा रोका गया था व वे उनसे क्षेत्रों को टीसीपी से बाहर निकालने का आश्वासन देकर आए हैं।

उन्होंने टीसीपी विभाग के मंत्री राजेश धर्माणी से गांवों को टीसीपी से बाहर कर उन्हें राहत देने की मांग की है। (अनंत ज्ञान)

**विधानसभा भ्रमण** छात्र-छात्राओं के साथ विधानसभा अध्यक्ष ने किया संवाद, कहा-

## सदन सर्वोपरि, कोई अवहेलना नहीं कर सकता

**अनंत ज्ञान, शिमला**

विधानसभा अध्यक्ष के साथ संवाद के दौरान विभिन्न स्कूलों व महाविद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने कहा कि बाल सत्र के आयोजन ने उन्हें विधानसभा का सत्र देखने के लिए प्रेरित किया है।

गौरतलब है कि आज इंडियन इंस्टीच्यूट ऑफ लीगल स्टडीज, हरिदेवी, घणाहट्टी, राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय घंडल, सोलहमील तथा डीएवी वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुमारसैन के करीब 160 विद्यार्थी 7वें दिन की कार्यवाही देखने विधान सभा सचिवालय पहुंचे थे। संवाद के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें आज सदन में होने वाले प्रश्नकाल तथा अन्य चर्चाओं की जानकारी दी।



विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि उनका काम सत्र को सुचारू रूप से चलाना है जिसमें उन्हें दोनों पक्षों का सहयोग जरूरी है। पठानिया ने कहा कि विपक्ष का काम प्रश्न पूछना, जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को सदन में उठाना, उस पर चर्चा कर उसका समाधान ढूंढना तथा सरकार को उस पर जवाब देना होता है। पठानिया ने कहा कि सदन सर्वोपरि है कोई भी सदस्य सदन के नियमों तथा परम्पराओं की अवहेलना नहीं कर सकता है और मेरी भूमिका सभी को सदन के अंदर संरक्षण प्रदान करना है।





# शिक्षक दिवस



## राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयनित सुनील हिमाचल से इकलौते शिक्षक

**ओपी शर्मा, चंबा** शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय शैक्षणिक पुरस्कार की घोषणा कर दी है। हिमाचल प्रदेश के जिला चंबा के भटियात तहसील के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खरगड़ के रसायन विज्ञान के प्रवक्ता सुनील कुमार को राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चुना गया है। 5 सितंबर को शिक्षक दिवस पर उन्हें नई दिल्ली में यह पुरस्कार दिया जाएगा। बताते चलें कि प्रदेश से इस बार तीन शिक्षकों के नाम राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए भेजे गए थे। उनमें से इकलौते सुनील कुमार ही हिमाचल से राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयनित हुए हैं। सुनील कुमार बतौर टीजीटी मेडिकल मार्च 2008 में नियुक्त हुए थे। वर्ष 2016 में उनकी पदोन्नति बतौर प्रवक्ता रसायन विज्ञान में हुई। अब तक के कार्यकाल में चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस राज्य स्तर पर 65 बच्चों को उन्होंने चयनित करवाया। आपको जानकर हैरानी भी होगी कि सुनील कुमार खुद दिव्यांग हैं, परंतु उन्होंने इस कार्य हेतु अपनी विकलांगता को कभी अपनी कमजोरी नहीं बनने दिया। अब तक 10 बच्चों का राष्ट्रीय स्तर के लिए प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। नेशनल मीसकम मेरिट में 16 बच्चों को उन्होंने छात्रवृत्ति दिलवाई है। 18 बच्चे उनके मार्गदर्शन में इंस्पायर अवॉर्ड के लिए चयनित हुए हैं। राष्ट्रीय बाल विज्ञान सम्मेलन में इनको हर वर्ष श्रेष्ठ गाइड अध्यापक का पुरस्कार मिलता रहता है। इसके अतिरिक्त एक छात्रा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रजक पदक भी प्राप्त किया है। (अनंत ज्ञान)



सुनील कुमार, प्रवक्ता रसायन विज्ञान

> *“बुधवार को खरगड़ स्कूल के प्रधानाचार्य सतीश कुमार कौशल और पूरे स्टाफ द्वारा उनको स्मृति चिन्ह और पुष्प देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य ने कहा कि सुनील कुमार ने भटियात, जिला चंबा के साथ-साथ पूरे हिमाचल का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर सभी को गर्व है।*

## भूपेंद्र सिसोदिया और कांता शर्मा ने शिक्षा क्षेत्र में किया सराहनीय कार्य

**सपना सूद, चौपाल/नेरवा** *राजकीय केंद्र प्राथमिक पाठशाला चौपाल की जेबीटी अध्यापिका कांता भूषण शर्मा एवं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल थरोच के प्रधानाचार्य भूपेंद्र सिसोदिया ने शिक्षा के क्षेत्र में कई सराहनीय कार्य कर अपने-अपने स्कूलों को बुलंदियों पर पंहुचाने में जो योगदान दिया है, उसके लिए आज उन्हें प्रदेश के सबसे बड़े राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। कांता शर्मा जिला शिमला से इस सम्मान के लिए चयनित होने वाली इकलौती महिला अध्यापक हैं, जबकि भूपेंद्र शर्मा ने भी प्रदेश के दूरस्थ राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल थरोच को प्रदेश में एक नई पहचान दिलवाने के लिए कई बेहतरीन कार्य किया है। (अनंत ज्ञान)*

### भूपेंद्र ने थरोच स्कूल को 50 सीटर लाइब्रेरी वाला पहला ग्रामीण स्कूल बनाया

**इस** सम्मान के लिए चयनित अध्यापक भूपेंद्र सिसोदिया ने शिक्षा के क्षेत्र में कई उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने पांच वर्ष पूर्व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल थरोच का कार्यभार संभालने के बाद इस स्कूल को बुलंदियों पर पंहुचाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी है। उन्होंने स्वयं 11 हजार रुपए अंशदान देकर अभिभावकों व अन्य लोगों से 12 लाख रुपए की एक बड़ी राशि एकत्रित कर 25 सीटर पुस्तकालय का निर्माण करवाया एवं इसकी दूसरी मंजिल पर एसजेवीएनएल के माध्यम से सात लाख 86 हजार से एक और 25 सीटर पुस्तकालय का निर्माण करवाकर थरोच स्कूल को 50 सीटर लाइब्रेरी वाला पहला ग्रामीण स्कूल होने का गौरव प्रदान किया। सिसोदिया के प्रयास से थरोच स्कूल में संभवतयाः प्रदेश के स्कूलों में फहराने वाला सबसे ऊंचा 40 फुट तिरंगा झंडा फहरा रहा है। इसके अलावा उन्होंने करीब छह लाख की लागत से स्कूल में आधुनिक सुविधायुक्त चार अतिरिक्त शौचालय निर्मित करवाए, जिससे इस स्कूल में छात्रा वर्ग की ब्लॉक स्तर की खेलस्पर्धाएं आयोजित करना संभव हुआ। प्रधानाचार्य भूपेंद्र द्वारा एससीईआरटी सोलन द्वारा राष्ट्रीय साधन सह योग्यता छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए दी गई कोचिंग के फलस्वरूप स्कूल के दस निर्धन छात्रों को यह छात्रवृत्ति मिल रही है। उनके इस प्रयास से निर्धन छात्रों को आगे पढ़ने की प्रेरणा मिल रही है। स्कूल में हर साल बच्चों की संख्या बढ़ रही है। इस वर्ष भी 12 छात्रों ने निजी विद्यालयों को छोड़कर थरोच स्कूल में प्रवेश लिया है। भूपेंद्र सिसोदिया की इसकी अतिरिक्त भी कई ऐसी उपलब्धियां हैं, जिनकी बदौलत थरोच स्कूल जिला शिमला ही नहीं प्रदेश में एक अलग पहचान रखता है। (अनंत ज्ञान)



भूपेंद्र सिसोदिया
प्रधानाचार्य

## कांता भूषण शर्मा नवाचारों से बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कर रही कार्य

**राज्य** स्तरीय शिक्षक सम्मान के लिए चयनित होने वाली जिला शिमला की एकमात्र अध्यापिका कांता भूषण शर्मा ने अपने शिक्षण कार्यकाल में नए नवाचारों से बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य किया। शिक्षिका ने 2007 में राजकीय केंद्र प्राथमिक विद्यालय देहा में बच्चों की स्वच्छता और आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए अभिभावकों को विश्वास में लाकर समार्ट ड्रेस को शुरू किया। वर्ष 2016 में प्रथम व द्वितीय कक्षा में इंग्लिश मीडियम शुरू करवाने का कार्य भी किया। बच्चों के मन की बात समझना और सिखना व सिखाना कांता भूषण का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने हमेशा बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए बाल केंद्रित शिक्षण विधा को अपनाया। कांता शर्मा ने कहा कि उनकी इस उपलब्धि का श्रेय उन्हें नए अभ्यास के लिए प्रेरित करने वाले छात्रों, ससुराल पक्ष, माता-पिता के साकारात्मक समर्थन, मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन देने वाले उनके पति भारत भूषण को जाता है।



कांता शर्मा
जेबीटी अध्यापिका

## लड्डा स्कूल में कार्यरत सुभाष चंद को मिलेगा राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार

**अनंत ज्ञान, चंबा** भाषा अध्यापक सुभाष चंद का चयन राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान-2024 के लिए हुआ है। वह वर्तमान समय में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लड्डा, शिक्षा खंड गैहरा, तहसील व जिला चंबा में टीजीटी हिंदी के पद पर कार्यरत हैं। प्रदेश सरकार की ओर से फरवरी, 2024 में विदेशी भ्रमण के लिए सिंगापुर भेजे गए शिक्षकों में सुभाष चंद भी शामिल थे। प्रदेश के 200 शिक्षकों ने सिंगापुर में अध्यापन की आधुनिक तकनीकों को सीखा था। सुभाष चंद एक अध्यापक के साथ-साथ एक कवि, लेखक व शिक्षाविद् भी हैं। इन्होंने अंग्रेजी, हिंदी तथा समाजशास्त्र तीन विषयों में स्नातकोत्तर की उपाधियां अर्जित करने के साथ-साथ बीएड भी की है। आज से 44 वर्ष पूर्व लाला राम एवं लांबी देवी के घर में जन्मे सुभाष चंद का बचपन बहुत कष्टकारी रहा। जब वह महज 14 माह के थे तो उनकी माता का देहांत हो गया। इनका पालन पोषण इनके दो बड़े भाइयों तथा एक बड़ी बहन ने पिता के साथ मिलकर किया। इनकी प्राथमिक शिक्षा राजकीय प्राथमिक पाठशाला जौवा व दसवीं तक की शिक्षा घर से लगभग पैदल 5 किलोमीटर दूर हाई स्कूल गैहरा में हुई। इसके बाद 11वीं और 12वीं की शिक्षा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छातराड़ी से पूर्ण की। राजकीय महाविद्यालय चंबा में वर्ष 1998 से लेकर 2001 के कार्यकाल में इन्होंने स्नातक स्तर की शिक्षा ग्रहण की। 2002 में इनका चयन शिक्षा विभाग में हो गया। इसके पश्चात भी इन्होंने पढ़ाई जारी रखी तथा अंग्रेजी, समाजशास्त्र और हिंदी के अलावा बीएड की शिक्षा पत्राचार के माध्यम से पूरी की। सुभाष चंद अब तक लगभग 300 से अधिक कविताएं लिख चुके हैं, जिनको वीडियो यूट्यूब चैनल क्लास विद सुभाष चंद पर भी देखा जा सकता है। विश्व हिंदी रचनाकार मंच आगरा की ओर से हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार हेतु इन्हें हिंदी सागर सम्मान से भी सम्मानित किया जा चुका है। सुभाष चंद एक नावाचारी सरकारी अध्यापक हैं, जो न केवल पाठशाला में किचन गार्डन निर्माण हेतु जाने जाते हैं, बल्कि यह कमजोर बच्चों को अतिरिक्त समय देकर भी पढ़ाते भी हैं। आज 44 वर्ष की आयु में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान के लिए चुना गया है।



सुभाष चंद
भाषा अध्यापक

## बॉक्सिंग कोच भी हैं मुख्याध्यापक उपेंद्र नेगी

**जीता सिंह नेगी। रिकांगपिओ।** कन्नौर जिले के राजकीय उच्च विद्यालय चौरा के मुख्याध्यापक एवं बॉक्सिंग कोच उपेंद्र नेगी का चयन हिमाचल प्रदेश राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए हुआ है। आज शिमला में उन्हें पुरस्कार दिया जाएगा। उन्हें यह पुरस्कार मुक्केबाजी के मैदान में असाधारण प्रदर्शन के लिए दिया जाएगा। उन्होंने एक अध्यापक होने के साथ-साथ बॉक्सिंग खेल में देश और प्रदेश के लिए चार अंतराष्ट्रीय मुक्केबाज तैयार किए, जिन्होंने इंटरनेशनल टूर्नामेंट में 7 मेडल जीते हैं, जो कि प्रदेश व जिला किन्नौर के लिए बहुत गर्व की बात है। उपेंद्र नेगी से कोचिंग लेकर वर्ष 2019 प्रशिक्षु विनाक्षी नेगी ने भूटान में स्वर्ण पदक जीता, स्नेहा कुमारी ने जूनियर इंटरनेशनल स्पेन में रजत पदक जीता। 2020 में दीपिका ने स्वीडन में कांस्य पदक जीता। उपेंद्र नेगी के राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धि में खेलो इंडिया में नेगी के प्रशिक्षुओं ने 5 स्वर्ण पदक, 2 रजत पदक और 3 कांस्य पदक जीते हैं, अंडर-14,17, 19 और सीनियर नेशनल में 5 स्वर्ण, 8 रजत और 15 कांस्य पदक जीते। खेल कोटे के तहत भारतीय सेना में दो मुक्केबाज रविंद्र और आकाश का चयन हुआ। दिव्या शक्ति जेएसडब्ल्यू के तहत एचएबीए सांगला में मुक्केबाजी कोच के रूप में सेवा कर रही है। तीन लड़कों का चयन साई छात्रावास बिलासपुर के लिए हुआ व एक लड़की का चयन रोहतक के लिए हुआ है।



उपेंद्र नेगी
मुख्याध्यापक

## मोहन शर्मा शिक्षक सम्मान के लिए कांगड़ा से चयनित एकमात्र शिक्षक

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के इंदौरा स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के प्रधानाचार्य मोहन शर्मा ने शिक्षा के क्षेत्र में 28 वर्षों का एक अनुकरणीय सफर तय किया है। उनकी यह यात्रा तकनीक को कक्षा में शामिल करने, नवाचारी शिक्षण विधियों को बढ़ावा देने और छात्र-केंद्रित शिक्षण वातावरण को पोषित करने के उनके अडिग संकल्प से परिपूर्ण रही है। शर्मा के योगदान को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है, जो उनके उत्कृष्ट कौशल और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के प्रति उनके समर्पण को दर्शाता है। इस साल उन्हें हिमाचल प्रदेश सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित सिंगापुर में पेशेवर प्रशिक्षण के लिए चुना गया। वहां उन्होंने सिंगापुर के छठी कक्षा के छात्रों को हिमाचली विद्यार्थियों के पत्र और सांस्कृतिक उपहार भेंट किए और अपनी स्कूल वेबसाइट के जरिए भारतीय संस्कृति पर 90 मिनट बातचीत की।



मोहन शर्मा
प्रधानाचार्य

### फुलब्राइट फैलोशिप एक महत्वपूर्ण मोड़

**मोहन** शर्मा को 2020 में प्रतिष्ठित फुलब्राइट टीचिंग एक्सीलेंस एंड अचीवमेंट प्रोग्राम के लिए चुना गया था, जो माध्यमिक शिक्षकों के लिए एक अंतरराष्ट्रीय व्यावसायिक विकास कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम के तहत उन्होंने छह सप्ताह नॉर्थ कैरोलिना यूनिवर्सिटी विलमिंगटन में बिताए, जहां उन्होंने हॉगर्ड हाई स्कूल में पांच सप्ताह तक पढ़ाया। यह अनुभव, जिसकी कीमत लगभग 20 लाख रुपए थी, ने उनके पेशेवर जीवन पर गहरा प्रभाव डाला और उन्हें कई नए तरीकों और अंतर्दृष्टियों से अवगत कराया।

## हरदीप सिंह ने जगाई पर्यावरण संरक्षण शिक्षा की अलख

**राजेश शर्मा, ऊना**

ऊना जिले से संबंध रखने वाले हरदीप सिंह का राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार के लिए चयन हुआ है। उन्होंने वर्ष 2006 में राजकीय माध्यमिक विद्यालय बगोटी जिला शिमला से टीजीटी मेडिकल के रूप में अपने अध्यापन कार्य की शुरुआत की। 2009 में स्थानांतरण के उपरांत राजकीय उच्च विद्यालय धलवाड़ी में बच्चों के नामांकन को बढ़ाने के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण शिक्षा पर विशेष बल दिया। इसका नतीजा यह निकला कि स्कूल में बच्चों को संख्या बढ़ने के साथ शिक्षा का स्तर भी सुधारा। 2013 में बनाया गया धलवाड़ी का जैव विविधता रजिस्टर राज्य भर में सर्वोत्तम रहा था। ईको क्लब इंचार्ज हरदीप सिंह के देख-रेख में स्कूल के बच्चों को पूरे राज्य को राह दिखाने के लिए धर्मशाला में विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। तुलसी इको क्लब धलवाड़ी के इंचार्ज के रूप में 2014 में राज्य स्तरीय इको क्लब प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल किया जो ऊना जिले के लिए पहला इनाम था। स्टाफ तथा क्लब सदस्यों के सहयोग से इसी प्रतियोगिता में 2015 में प्रथम स्थान हासिल कर ऊना जिले को सर्वोत्तम स्थान दिलाया। 2015 में उनका स्थानांतरण राजकीय उच्च विद्यालय त्यूडी हुआ। इनके मार्गदर्शन में राज्य स्तरीय वैज्ञानिक प्रश्नोत्तरी के कनिष्ठ ग्रामीण वर्ग में निजी स्कूलों से कड़ी प्रतियोगिता के बाद सूर्यांश ठाकुर तथा अग्रिम बैंस की टीम द्वितीय रही थी। इसी तरह से वरिष्ठ ग्रामीण वर्ग में अंशिका शर्मा तथा सूर्यांश ठाकुर ने भी द्वितीय स्थान हासिल कर त्यूड़ी विद्यालय तथा ऊना जिले का नाम रोशन किया था। (अनंत ज्ञान)



हरदीप सिंह
साइंस टीचर

## योग और खेल से बच्चों का भविष्य संवार रहे सुनील

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** हमीरपुर जिला से राजकीय उच्च पाठशाला चकमोह के शारीरिक शिक्षा अध्यापक सुनील कुमार को राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। शिक्षा खंड बिझड़ी में गत अठारह साल से बच्चों को योग और खेल में भविष्य संवारने में जुटे सुनील कुमार को इस बार राज्य शिक्षक पुरस्कार से नवाजा जाएगा। बुठान गांव में कुलवंत सिंह और कांता देवी के घर 9 जुलाई 1979 को जन्मे सुनील कुमार की बतौर शारीरिक शिक्षक प्रथम नियुक्ति राजकीय उच्च विद्यालय फगोटी में वर्ष 2006 में हुई। ग्रामीण और पिछड़े परिवेश में इस शिक्षक ने योग की ओर बच्चों को आकर्षित किया और इतनी बढ़िया ट्रेनिंग करवाई कि इस स्कूल की छात्रा नैंसी ने एनसीआईआरटी राष्ट्रीय योग ओलंपियाड 2019 में पूरे देश में पहला स्थान हासिल किया। वर्ष 2006 से 2021 तक इसी स्कूल में 60 से अधिक विद्यार्थी जिला, राज्य या राष्ट्रीय स्तर की योग प्रतियोगिताओं में उनके प्रशिक्षण से पंहुचे और अनेकों सफलताएं खेल और योग स्पर्धाओं में हासिल कीं। उनकी अथक मेहनत से योग में ही करीब 35 विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर तक सहभागिता लेने में कामयाब हुए। वर्ष 2007 से अब तक सुनील हिमाचल प्रदेश योग टीम के कोच रहे हैं और वर्ष 2021 में उनका तबादला राजकीय उच्च विद्यालय चकमोह में होने पर भी ये ही जुनून और जोश जारी रखते हुए फिर से राष्ट्र स्तर पर प्रदेश का नाम चमकाया। वर्ष 2024 में कर्नाटक के मैसूर में आयोजित एनसीईआरटी राष्ट्रीय योग ओलंपियाड में भी देश में तीसरा स्थान चकमोह स्कूल की दो छात्राओं ने हासिल किया जिनका प्रशिक्षण सुनील ने ही किया था। इसके लिए प्रारंभिक शिक्षा निदेशक ने सुनील को प्रशंसा-पत्र भी दिया था। (अनंत ज्ञान)



सुनील कुमार
डीपीई

## अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी हैं डीपीई डॉ. संजय यादव

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी।** राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुंदरनगर में डीपीई डॉ. संजय कुमार यादव को शिक्षा विभाग में बेहतर सेवाओं के लिए राज्य शिक्षक पुरस्कार से राज्यपाल के हाथों राष्ट्रीय शिक्षक दिवस पर सम्मानित होने का गौरव प्राप्त हुआ है। शारीरिक शिक्षा में पीएचडी उपाधि प्राप्त डॉ. यादव अध्यापन के साथ एक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी हैं व प्रदेश के लिए कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीत चुके हैं। वर्ष 2007 में शारीरिक शिक्षक के रूप में अपना करियर शुरू कर प्रदेश का सर्वोच्च खेल सम्मान परशुराम अवॉर्ड भी प्राप्त कर चुके हैं। कुश्ती में हिमाचल कुमार और हिमाचल केसरी जैसे अवॉर्ड सहित अब तक कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में खिलाड़ी और कोच के रूप प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इनके मार्गदर्शन में गत पांच सालों में कुश्ती और जूड्डो खेल में राष्ट्रीय स्तर के नौ खिलाड़ी, विद्यालय के राज्य स्तरीय 19 पदक विजेता, जिला स्कूल स्तर के 10 मेडलिस्ट अस्तित्व में आए। एक खिलाड़ी के रूप में 2020 से 23 के दौरान अखिल भारतीय सिविल सेवा कुश्ती चैंपियनशिप में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीते। इस वर्ष सिंगापुर में अंतरराष्ट्रीय एक्सपोजर और प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने अपने वर्तमान विद्यालय में सभी विद्यार्थियों को पसंद अनुसार कुश्ती, जुड्डो, किक बॉक्सिंग और कुराश खेलों की ओर आकर्षित किया। (अनंत ज्ञान)



डॉ. संजय यादव
डीपीई

## सोलन के तीन शिक्षकों को मिलेगा राज्य शिक्षक पुरस्कार

**आर मोहन चौहान, सोलन**

सोलन जिले के तीन शिक्षकों का राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए चयन होने से शिक्षा जगत में खुशी की लहर है। ये तीन शिक्षक सोलन शहर के सबसे पुराने प्राथमिक स्कूल में पुंजविला की मुख्य शिक्षिका भागीरथी शर्मा, गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल सुबाथू में बतौर हिंदी शिक्षक कार्यरत नरेश कुमार और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घनागुघाट में बतौर अंग्रेजी प्रवक्ता पुष्पेंद्र कौशल हैं, जिन्होंने शिक्षा की लौ जगाई है। (अनंत ज्ञान)

**भागीरथी** शर्मा का चयन राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए होने की सब से ज्यादा खुशी उनके पढ़ाए छात्रों और सहयोगी शिक्षकों को होगी। हो अभी क्यों न उन्होंने ड्राप आउट छात्रों को दौरान स्कूल में दाखिल करवाया और नवोदित शिक्षकों को भी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रेरित किया। मूलतः सोलन जिला के अर्की निवासी भागीरथी शर्मा ने बतौर शिक्षक अपनी अलग पहचान बनाई हैं। इसी पहचान ने उन्हें राज्य शिक्षक पुरस्कार मिलने का गौरव दिया। स्कूली बच्चों में पढ़ाई, खेल और नैतिक मूल्यों की अलख जलाने वाली भागीरथी शर्मा ने जिन भी स्कूलों में अपनी सेवाएं दीं, वहां उन्होंने ने अपनी अलग छाप छोड़ी। आज उन्हें शिमला में शिक्षक पुरस्कार मिलेगा।



भागीरथी शर्मा
शिक्षिका

**गर्ल्स** सीनियर सेकेंडरी स्कूल सुबाथू में बतौर हिंदी शिक्षक कार्यरत नरेश कुमार मूलतः जिला शिमला की कोटखाई तहसील के देवरी खनेटी गांव के रहने वाले हैं। शुरू से ही शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने का मन था। अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने शिक्षा को ही अपना करियर चुना और विद्या उपासक के पद से शिक्षा के क्षेत्र में कदम रखा। विद्यार्थियों को बेहतरीन शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास पर भी पूरा बल दिया। इन्हें प्रदेश आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के लिए ढाई लाख से अधिक की राशि एकत्र करने के लिए मुख्यमंत्री द्वारा भी सराहा जा चुका है। इनकी इन्हीं सभी उपलब्धियों को देखते हुए उन्हें राज्य स्तरीय शिक्षक अवार्ड के लिए नामित किया गया है।



नरेश कुमार
हिंदी शिक्षक

**अर्की** तहसील के बातल गांव के निवासी पुष्पेंद्र कौशिक ने बीएससी, बीएड पूरी करने के बाद एचपीयू से एमए इन इंग्लिश पूरी की। इसके बाद उन्होंने सीडीएलयू सिरसा से एमफिल की डिग्री हासिल की। वर्तमान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल घनागुघाट में बतौर अंग्रेजी प्रवक्ता अपनी सेवाएं दे रहे कौशिक पीएचडी भी कर रहे हैं। उनके कई विद्यार्थियों ने एचपी बोर्ड परीक्षाओं में अव्वल स्थान प्राप्त कर लैपटॉप व टेबलेट हासिल किए हैं। इसके अतिरिक्त कई छात्रों ने एनएमएमएस, कल्पना चावला व एसजेवीएन स्कॉलरशिप भी हासिल की हैं। चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस व इंस्पायर अवार्ड के लिए उनके विद्यार्थियों का चयन हो चुका है।



पुष्पेंद्र कौशिक
अंग्रेजी प्रवक्ता

## गुरुओं का सम्मान करना भारतीय संस्कृति और परंपरा

**गुरुओं का सम्मान करना भारतीय संस्कृति और परंपरा का एक महत्वपूर्ण अंग है। भारत में गुरु-शिष्य परंपरा की जड़ें अत्यंत गहरी हैं, और यह परंपरा सदियों से हमारे जीवन और समाज का अभिन्न हिस्सा रही है। गुरु, केवल शिक्षा का माध्यम नहीं होते, बल्कि वे शिष्य के जीवन को संवारने, उसके आचरण को मार्गदर्शन देने और उसे नैतिक मूल्यों से परिचित कराने वाले होते हैं। शिक्षक केवल वही नहीं होता जो कक्षा में पाठ्यक्रम की सामग्री पढ़ाए, बल्कि वह भी होता है जो हमें जीवन के विभिन्न अनुभवों से सीखने में मदद करता है। हमारे जीवन में हर कोई जो हमें कुछ सिखाता है, चाहे वह व्यक्ति हमारे माता-पिता हों, हमारे दोस्त हों, या कोई अपरिचित व्यक्ति हो जिसने हमें जीवन का एक महत्वपूर्ण पाठ सिखाया हो, सभी हमारे गुरु ही होते हैं। गुरु वह है जो हमें जीवन की सच्चाईयों से अवगत कराता है, हमें सही और गलत का अंतर समझाता है, और हमारी सोच को एक सही दिशा देता है। उन्होंने हमें न केवल शैक्षिक ज्ञान दिया बल्कि नैतिकता, अनुशासन, और जीवन के अन्य पहलुओं का भी बोध कराया। इसलिए गुरु का सम्मान करना न केवल एक आदरभाव है, बल्कि एक आवश्यक संस्कार भी है। भारत की प्राचीन शिक्षा पद्धति में गुरु-शिष्य परंपरा का विशेष महत्व रहा है। प्राचीन काल में गुरुकुल प्रणाली के अंतर्गत शिष्य अपने गुरु के आश्रम में रहकर शिक्षा प्राप्त करते थे। यह शिक्षा केवल शास्त्रार्थ तक सीमित नहीं थी, बल्कि जीवन जीने की कला, नैतिकता, और समाज सेवा के गुणों का भी विकास करती थी। शिष्य अपने गुरु के प्रति अपार श्रद्धा और समर्पण की भावना रखते थे और गुरु भी शिष्य को अपने पुत्र की तरह मार्गदर्शन देते थे।**

### भारतीय संस्कृति में ईश्वर तुल्य माना गया है शिक्षक को

**ऋषि-मुनियों** के गुरुकुलों से लेकर आधुनिक शिक्षा संस्थानों तक, इस परंपरा ने सदैव शिक्षक और शिष्य के बीच एक मजबूत संबंध को बनाए रखा है। गुरु, जो ज्ञान का प्रतीक होता है, उसे भारतीय परंपरा में ईश्वर तुल्य माना गया है। यह भाव संस्कृत के श्लोक गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुः गुरुर्देवो महेश्वरः। गुरु साक्षात् परब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः॥ से प्रकट होता है, जिसमें गुरु को ब्रह्मा, विष्णु और महेश के रूप में देखा गया है। गुरु के प्रति सम्मान के विभिन्न रूप भारतीय समाज में देखे जाते हैं। हर वर्ष गुरु पूर्णिमा का पर्व, विशेष रूप से गुरु को समर्पित होता है, जिसमें शिष्य अपने गुरु के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हैं। यह परंपरा एक प्रकार से यह संकेत देती है कि गुरु के बिना ज्ञान की प्राप्ति असंभव है, और शिष्य का कर्तव्य है कि वह अपने गुरु के प्रति आदर बनाए रखे।



डॉ. राजेश चौहान

### साहित्य और धर्मग्रंथों में भी गुरु का सर्वोच्च महत्व

**साहित्य** और धर्मग्रंथों में भी गुरु का महत्व प्रमुखता से दर्शाया गया है। महाभारत, रामायण, और अन्य भारतीय ग्रंथों में गुरु का सम्मान और उनकी भूमिका को उच्च स्थान दिया गया है। उदाहरण के लिए, महाभारत में द्रोणाचार्य और अर्जुन के संबंध को गुरु-शिष्य परंपरा का उत्कृष्ट उदाहरण माना जाता है। इसी प्रकार रामायण में राम और वशिष्ठ के बीच गुरु-शिष्य संबंध को आदर्श रूप में प्रस्तुत किया गया है। आज के समय में शिक्षा का स्वरूप बदल चुका है, लेकिन गुरु का महत्व अभी भी अपरिवर्तित है। हालांकि आज छात्र ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म और स्वाध्याय के माध्यम से भी शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं, परंतु गुरु का मार्गदर्शन आज भी अत्यंत आवश्यक है। शिक्षक आज भी शिष्य के मानसिक और नैतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षक ही होते हैं जो शिष्य को उसकी कमजोरियों से अवगत कराते हैं और उसे समाज में एक

## दुनिया का सबसे नेक कार्य है अध्यापन किसी दूसरे पेशे से नहीं हो सकती तुलना

***कहा जाता है कि किसी भी पेशे की तुलना अध्यापन से नहीं की जा सकती। यह दुनिया का सबसे नेक कार्य है। पूरे भारत में 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। शिक्षकों को सम्मान देने और भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस को याद करने के लिए हर साल इसे मनाया जाता है। देश के विकास और समाज में हमारे शिक्षकों के योगदान के साथ ही अध्यापन पेशे की महानता को उल्लेखित करने के लिए हमारे पूर्व राष्ट्रपति के जन्मदिवस को समर्पित किया गया है। देश की गुरुओं में आस्था व उनके प्रति बहुत सम्मान होने के कारण शिक्षक दिवस यहां विशेष महत्व का दिन बन जाता है। यही वजह है कि शिक्षक दिवस पर भारत के हर छोटे-बड़े स्कूल, कोचिंग सेंटर, कॉलेज, विश्वविद्यालय आदि के छात्र इस दिन को विशेष बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। क्योंकि अब शिक्षक भी बन ठन कर आता है और सोशल मीडिया के जमाने में शिक्षक और विद्यार्थियों के सैकड़ों फोटो और सेल्फी धनाधन सोशल मीडिया के बाजार में आ जाती है। परंतु विषय सोचने का है। भारत में दो शिक्षकों को सबसे ज्यादा महत्व दिया गया हैं एक जिनके याद में यह दिवस मनाया जाता है सर्वपल्ली राधाकृष्णन, दूसरे भारत के राष्ट्रपति रहे स्व. अब्दुल कलाम साहब। आज जरूरत है कि इन दो महान शिक्षकों की शिक्षाओं को आत्मसात करने की।***



सिकंदर बंसल
शिक्षक

### सम्मान के साथ कमियों को उजागर करने का दिन

**यह** दिन शिक्षकों को सम्मान देने के साथ ही इसमें कमियों को उजागर करने का भी है। सरकार द्वारा हर वर्ष शिक्षक पुरस्कार दिए जाते हैं। कितने ही अन्य शिक्षक इससे प्रेरित होते हैं, किसी को कोई पता नहीं। किसी को जानकारी ही नहीं होती है इसके मापदंड का पैमाना किस राजनीतिक चापलूसी की सीढ़ी है। खैर छोड़िए, पिछले वर्ष ऊना जिले के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेहदला का एक मामला जहां प्रधानाचार्य को एक स्कूली शिष्य ने थप्पड़ जड़ दिया था। यूं कहिएगा कि यह तमाचा समाज पर था या समाज का शिक्षक के प्रति। सोचिए कैसे मना होगा उन अध्यापक का शिक्षक दिवस। जिस विद्यार्थी से भविष्य की उम्मीद टिक्की थी, उसी ने अध्यापक की मान-मर्यादा को चंद मिनटों में धूमिल कर दिया। समय रहते प्रशासन ने भी आनन-फानन में दो साल तक उस विद्यार्थी को किसी भी स्कूल में प्रवेश करने से वंचित करवा दिया।

### पुराने जमाने में महान व पूजनीय होते थे गुरु

**पुरातन** शिक्षा और संस्कृति में गुरु को महान एवं पूजनीय माना गया है। जो कालांतर में कहीं खो सा गया है। उस समय शिक्षक का डर किसी से छुपा नहीं था। आज कक्षा से शिक्षक की छड़ी भी गायब है और सजा भी। अब अध्यापक न डांट सकता है न पुराने जमाने की तरह अनुशासनहीन विद्यार्थियों को मुर्गा बना सकता है या न ही पतली छड़ी से मार सकता है। समाज और अभिभावक भी अपने बच्चों के प्रति अब अति संवेदनशील बन चुके हैं। अगर गुस्से में कोई अध्यापक यह करता भी है तो उसका स्वागत डिजिटल मीडिया या सोशल मीडिया में लाइव डालकर किया जाता है। अध्यापक का पारितोषिक हमेशा उसके विद्यार्थी का चहुंमुखी विकास होता है। वह न तो किसी अवॉर्ड का भूखा होता है और न ही उसका विश्वास कभी किसी आलोचना से डगमगाता है। आज समाज को भी मुंह में राम-राम बगल में छुरी से बचना होगा।

## न्यूज ब्रीफ

### जेबीटी वार्ड ऑफ एक्स सर्विस मैन को जल्द नियुक्ति पत्र जारी करे शिक्षा विभाग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** काफी लंबे समय के बाद जेबीटी बैचवाइज का रिजल्ट निकालने और स्टेशन नियुक्ति पत्र जारी होने से जेबीटी कैंडिडेट को काफी राहत मिली। इस पर जेबीटी बेरोजगार संघ ने हिमाचल प्रदेश सरकार का धन्यवाद किया साथ ही सरकार से आग्रह किया कि वार्ड ऑफ एक्स सर्विस मैन में भी जल्द से स्टेशन दिए जाएं। जेबीटी यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश परयाल ने कहा कि जेबीटी वार्ड ऑफ एक्स सर्विस मैन की बैच वाइज काउंसिलिंग नवबंर 2023 में हुई थी, जिसका रिजल्ट 10 जुलाई, 2024 को आ गया, परंतु अभी तक स्टेशन अलॉट नहीं हुए हैं। इससे वार्ड ऑफ एक्स सर्विसमैन वाले कैंडिडेट मानसिक तनाव का शिकार हो रहे हैं। लंबे इंतजार के बाद उनका रिजल्ट आया था, परंतु स्टेशन अलॉट नहीं हुए हैं, जबकि जेबीटी बैच वाइज की भर्ती का रिजल्ट और स्टेशन एक साथ लग गए हैं। जगदीश परयाल ने सरकार से मांग रखी कि जेबीटी वार्ड वालो को भी जल्दी से नियुक्ति दी जाए।

### पनापर स्कूल में करवाईं योग क्रियाएं



**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय पनापर खोली में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व ग्रांम पंचायत पनापर द्वारा योग शिविर लगाया गया। इस दौरान कार्यक्रम में योग अध्यापिका सुनीता द्वारा विद्यार्थियों को योग क्रियाएं करवाई गईं। द हंस फाउंडेशन भवारना-1 के सामाजिक सुरक्षा अधिकारी सुमित धीमान द्वारा छात्रों को फाउंडेशन के बारे में बताया व उनके द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं की विस्तृत जानकारी मुहैया करवाई गई। इस दौरान विद्यार्थियों के साथ साथ स्कूल स्टाफ भी मौजूद रहा।

### इनरव्हील क्लब धर्मशाला ने मनाई हरियाली तीज



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** इनरव्हील क्लब धर्मशाला की ओर से हरियाली तीज कार्यक्रम आयोजित किया गया। क्लब की सदस्यों ने नृत्य किया व अलग-अलग खेल खेले। सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को हरियाली तीज की बधाई भी दी एवं सदस्यों को उपहार दिए गए। इन खेलों का संचालन सुनयना ने किया और विजेताओं को उपहार दिए गए। क्लब की सदस्यों ने हरियाली तीज पर शाकंभरी वर्मा को क्वीन और इंदू शर्मा को रनरअप चुना । हरे और लाल रंग के परिधान में पहुंचीं महिलाओं ने सबसे पहले गीतों की धुन पर नृत्य कर खूब मनोरंजन किया। क्लब की अध्यक्ष रंजना सूद, सचिव अर्चना अरोड़ा ने कहा कि यह त्योहार खासकर महिलाओं से जुड़ा है। सावन में जब चारों पर हरियाली रहती है, तो महिलाएं इसका आनंद लेने के लिए झूला झूलती हैं। हरियाली तीज का यह उत्सव हमारे संस्कारों और हमारी सभ्यता को दर्शाता है। यह उत्सव परिवारों को जोड़ने का काम करता है। यह हमारे देश का सौभाग्य है कि हमारे देश में ऐसी महिलाएं बसती हैं, जो घर-गृहस्थी से बंधी होने के बावजूद भी उत्सवों में प्रतिभाग करती हैं। अध्यक्ष रंजना सूद ने कहा कि कार्यक्रम के लिए अलग से मेजबान बनाए थे। इस अवसर पर जिला चेयरमैन उमा भगत, सचिव अर्चना अरोड़ा, वाइस प्रेसिडेंट बाला परमार, रंजू रुस्तोगी सहित अन्य मेंबर्स उपस्थित रहीं।

### गदियाड़ा की लड़कियों ने जीता बैडमिंटन खिताब

**अनंत ज्ञान, पपरोला।** बैजनाथ जोन की अंडर-19 खेल प्रतियोगिता मे गदियाड़ा स्कूल की लड़कियों ने बैडमिंटन प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। उन्होंने फाइनल मे चढ़िहार स्कूल को हराकर ये खिताब जीता। इस प्रतियोगिता मे विभिन स्कूलों की 23 टीमों ने भाग लिया। स्कूल के प्रधानाचार्या महेश घाबरू ने इस जीत के लिए खिलाड़ियों व स्कूल के समस्त स्टाफ को बधाई दी। प्रधानाचार्य ने इस जीत का श्रेय खिलाड़ियों की मेहनत और अध्यापक गगन बख्शी व डीपीई नीरज कांत को दिया है। गगन बख्शी इस इलाके में इस खेल के बेहतरीन खिलाड़ी हैं और वे समय-समय पर खिलाड़ियों को टिप्स देते रहते हैं। उन्होंने बताया कि स्कूल की तीन छात्राओं का चयन जिला स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो कि देहरा में होगी।



### पारस पब्लिक स्कूल में मनाया शिक्षक दिवस



**राकेश डोगरा, डरोह।** पारस पब्लिक स्कूल भवारना में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। इसमें विद्यालय के निदेशक महेश चंद्र कटोच निर्देशिका सरोज कटोच और प्रधानाचार्या नीलम राणा विशेष रूप से उपस्थित थे। ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के बच्चों ने शिक्षकों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया। बच्चों ने शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक स्टाफ को विभिन्न प्रकार के खिताब से नवाजा । बच्चों ने शिक्षकों का सम्मान करते हुए अनेक प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कक्षा बारहवीं की छात्रा कशिक ने अपने भाषण के माध्यम से डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन से सभी को अवगत करवाया। नवमी कक्षा की अपर्णा ने एकल और दसवीं व बारहवीं कक्षा की छात्राओं ने अपनी मनमोहक अदाओं से सामूहिक नृत्य पेश किया। विद्यालय के निदेशक महेश चंद कटोच व प्रधानाचार्या नीलम राणा ने सभी अध्यापक -अध्यापिकाओं को शिक्षक दिवस की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि प्रत्येक सफल व्यक्ति के पीछे एक शिक्षक का हाथ होता है, इसलिए हम सभी को शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

### अंडर-19 जोनल स्तरीय खेल प्रतियोगिता संपन्न




**आशीष दमीर, कांगड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला न्यू कांगड़ा में अंडर-19 जोनल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ । जिसमें 26 स्कूलों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में बैडमिंटन, खो-खो कबड्डी व वॉलीबॉल की खेलें हुई। इसमें राजकीय उच्च विद्यालय देहरियां की टीम ने बैडमिंटन प्रतियोगिता में लगातर तीसरी बार खिताब जीता। इसी के चलते स्कूल की प्रधानाचार्य संगीता ने बताया कि बच्चे पढ़ाई और खेलकूद को नियमित समय दें, ताकि सभी विद्यार्थियों का सही विकास हो। उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य के लिए खेल बहुत ही आवश्यक हैं और खेल हमारे जीवन में शारीरिकए मानसिकए मनोवैज्ञानिक और बौद्धिक स्वास्थ्य के साथ गहराई से जुड़ा हुआ है। खेल हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करते हैं। यदि हम प्रतिदिन खेल खेलते हैं तो वह हमारे मानसिक कौशल को विकसित करता है। वहीं स्कूल की मुख्यध्यापिका संगीता ने विजेता बच्चों को बधाई दी व भविष्य में आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दीं। (अनंत ज्ञान)

# एफआरए के तहत लंबित कार्यों की औपचारिकताएं जल्द पूरी करें: डीसी

## कहा, वन विभाग के अधिकारियों के साथ आपसी समन्वय करें स्थापित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने वन अधिकार अधिनियम के तहत मंजूरी के लिए लंबित सभी कार्यों की औपचारिकताएं पूर्ण करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए हैं। इसके साथ ही कांगड़ा जिला के विभिन्न क्षेत्रों में पन बिजली परियोजनाओं के संचालकों को भी वन अधिकार अधिनियम के तहत औपचारिकताएं पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

इस बाबत बुधवार को उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आयोजित वन अधिकार अधिनियम के तहत लंबित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि वन अधिकार अधिनियम के तहत सभी यूजर्स एजेंसियां अनुपालना सुनिश्चित करें। उपायुक्त हेमराज



बैरवा ने कहा कि कांगड़ा जिला में चार वन मंडलों धर्मशाला, नुरपुर, देहरा तथा पालमपुर के तहत विभिन्न विकास कार्यों के लिए वन अधिकार अधिनियम के तहत लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए गए हैं तथा इसकी सूचना जिला स्तर की बैठक में अनिवार्य तौर पर देने के लिए भी कहा गया है, ताकि विकास कार्यों को गति प्रदान की जा सके।

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि वन विभाग तथा यूजर्स एजेंसी और संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित कर इन मामलों की अनुपालना के लिए आवश्यक कदम उठाएं। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि लोक निर्माण विभाग के तहत संपर्क मार्गों तथा विद्युत विभाग और शिक्षा विभाग के संस्थानों के निर्माण के लिए वन क्लीयरेंस के मामले लंबित हैं उनकी सभी औपचारिकताएं शीघ्र पूर्ण करें, ताकि निर्माण कार्य आरंभ हो सकें।

इस अवसर पर विभिन्न विभागों के वन अधिकार अधिनियम के तहत लंबित मामलों पर भी विस्तार से चर्चा की गई तथा यूजर्स एजेंसी को उचित कदम उठाने के निर्देश दिए गए। इससे पहले डीएफओ मुख्यालय राहुल शर्मा ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए वन अधिकार अधिनियम के तहत मंजूरी के लिए लंबित विभिन्न मामलों की जानकारी प्रदान की तथा उसकी प्रगति रिपोर्ट के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर वन विभाग, लोक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग तथा यूजर्स एजेंसी के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

### 71 गणित शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

**धर्मशाला।** शिक्षा विभाग द्वारा राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद सोलन के तत्वावधान में सभी स्नातक शिक्षकों का 15 दिवसीय प्रशिक्षण बुधवार को संपन्न हुआ। कांगड़ा में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान धर्मशाला में उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा, असिस्टेंट डायरेक्टर संजय तथा डाइट प्रिंसिपल व जिला परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा नीना पुन्न ने इस प्रशिक्षण का समापन किया तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दें कर सम्मानित किया। ज़िला शिक्षक प्रशिक्षण प्रभारी डॉ जोगिंन्द्र सिंह ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला चंबा, कांगड़ा, ऊना व हमीरपुर के 71 नवनियुक्त गणित स्नातकों को प्रशिक्षित किया गया। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के प्रथम दिवस लिखित रूप में पूर्व परीक्षण लिया गया जबकि अंतिम दिन 3 घंटे का प्रशिक्षण लिया गया, जिसे राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद सोलन द्वारा तैयार किया गया है। प्रशिक्षण माड्यूल के अनुसार गणित पढ़ाने की विविध विधाओं के आलावा शिक्षण विधियों तथा विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं व नीतियों पर प्रशिक्षण दिया गया।

### हैप्पी बर्थडे



भोरंज के गांव भौर की डॉ. सुदेश अंगारिया को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### स्प्रिट का ड्रम फटने से पांच लोग झुलसे

**अजय पाल, पंचरुखी।** पुलिस थाना पंचरुखी में स्प्रिट का ड्रम फटने से पांच लोग झुलस गए। जानकारी के अनुसार लगभग दो साल पहले नकली शराब कांड के वक्त पुलिस ने लगभग डेढ़ सौ पेटी संतरा व ऊना मार्का देसी शराब व शराब बनाने में प्रयोग होने वाली स्प्रिट के सात ड्रम पकड़े थे, जो कि अब तक एक्साइज विभाग के अंडर पुलिस थाना पंचरुखी के स्टोर में रखे थे। बुधवार को एक्साइज विभाग के अधिकारियों की देखरेख में इनको नष्ट करने के ऑर्डर थे। बुधवार दोपहर को जब पुलिस कर्मी व एक्साइज विभाग के कर्मचारियों ने अभी स्प्रिट से भरे तीन ड्रम ही नष्ट किए थे, लेकिन जब चौथे ड्रम का ढक्कन खोला तो एक जोरदार धमाके के साथ ड्रम फट गया व उसमें आग लग गई। ड्रम के फटने से साथ खड़े पंचरुखी थाना के तीन पुलिसकर्मी एएसआई यशपाल, मनोज कुमार, शक्ति चंद थाना का रसोइया भुवनेश व एक एक्साइज विभाग का कर्मचारी झुलस गए। पुलिस टीम तुरंत ही इन पांचों लोगों को पालमपुर अस्पताल ले गई, जहां इनका प्राथमिक उपचार करने के बाद इन्हें टांडा अस्पताल भेज दिया गया है।

## ग्रामीणों को दी जाए साडा कानून के बारे में जानकारी

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

बीड़-बिलिंग क्षेत्र की चारों पंचायत के प्रतिनिधियों ने विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण बीड़-बिलिंग के अध्यक्ष एवं उपमंडल अधिकारी नागरिक बैजनाथ से मांग की है कि उन्हें क्षेत्र में लगाए गए साडा कानून के बारे में पूरी जानकारी दी जाए। जानकारी देते हुए साडा संघर्ष समिति के संयोजक सतीश अबरोल ने बताया कि क्षेत्र की लगभग 99 प्रतिशत जनता को साडा क्या है, उन पर इस कानून के अंतर्गत क्या-क्या थोप दिया गया है यह मालूम ही नहीं है। उन्हें तो मात्र विकास के नाम से इतना मालूम है कि क्षेत्र में विकास के लिए सरकार ने कुछ किया है लेकिन जब भी वह अपने घरेलू या अन्य किसी कारणवश कोई भी निर्माण कार्य करने लगते हैं तो उन पर कारवाई होने लग पड़ती है। छोटी-छोटी गौशालाओं से लेकर अन्य किसी भी प्रकार के निर्माण पर बिना इजाजत पाबंदी लगी है। बेशक इस कानून को लागू हुए लगभग 7 वर्ष हो गए हैं और 2004 से क्षेत्र में इसकी संरचना शुरू हो गई थी लेकिन जनता को इस विषय में कोई भी जानकारी कभी दी ही नहीं गई और न ही विश्वास में लिया गया। हो सकता है कागजों में जानकारी बेशक दी गई हो, लेकिन क्षेत्र के न तो वर्तमान और न ही किसी भी पुराने पंचायत प्रतिनिधि ने यह कहा है कि उन्हें इस विषय में कोई जानकारी है। इस विषय पर सभी सुनी सुनाई बातों और आर्किटेक्ट पर ही निर्भर रहते हैं जिस कारण उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## एनएच अथॉरिटी व पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने किया कोटला-सोहल्धा सड़क का निरीक्षण

**अनिल छांगू, जवाली**

मंगलवार को बारिश के कारण फोरलेन निर्माण कंपनी द्वारा सड़क निर्माण के लिए कोटला में लगाए गए करोड़ों रुपए की राशि के वायर क्रेट भारी बारिश से गिर गए, जिस कारण कोटला-सोहल्धा सड़क मार्ग पूरी तरह बंद हो गया था। कुछ स्थानीय लोगों के मकान भी इसकी जद में आ गए हैं। बुधवार को नेशनल हाईवे के अधिकारी व लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता नूरपुर महिंद्र पाल धीमान ने मौके पर जाकर साइट का निरीक्षण किया, जिसमें उन्होंने पाया कि बहुत अधिक नुकसान हुआ है। त्रिलोकपुर, सोहलधा, नयांगल , जोलना पंचायत के लोगों को आने जाने के लिए कोई सड़क मार्ग नहीं



रहा है। अधीक्षण अभियंता ने कहा कि जल्द ही उपरोक्त पंचायतों के लोगों के आने जाने के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था विभाग द्वारा कर दी जाएगी, जिसके लिए लोक निर्माण ने कार्य भी शुरू कर दिया है। जल्द ही एक दो दिन में मार्ग शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि नया वैकल्पिक मार्ग कोटला से वड़ेड रोड से होते हुए नए फोरलेन ब्रिज के साथ जोड़ा जाएगा, ताकि स्थानीय लोगों की आने-जाने की सुविधा सुचारू रूप से शुरू हो जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने अपने विभाग के अधिकारियों को आदेश दिए कि जिनके मकान भू-स्खलन की चपेट में आए हैं, उनका प्राकलन बनाकर फोरेलन निर्माण कंपनी व नेशनल हाईवे अर्थॉरिटी को दें, ताकि पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द इसका मुआवजा दिलवाया जा सके। (अनंत ज्ञान)

## राशन कार्ड धारक अब 30 तक करवा सकते हैं ई-केवाईसी

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

प्रदेश में जारी राशन कार्ड धारकों के लिए ई-केवाईसी की प्रक्रिया की डेडलाइन अब 30 सितंबर कर दी गई है। अब तक 22.49 प्रतिशत यानी लगभग एक चौथाई लोगों की ई- केवाईसी होना बाकी है। बताते चलें कि प्रदेश में कुल 7356090 लाभार्थियों की ई- केवाईसी होनी थी तथा इनमें से 5701979 लाभार्थियों की यानी 77.51 प्रतिशत की ई-केवाईसी पूरी हो चुकी है, जबकि 1642585 यानी 22.49 प्रतिशत लाभार्थियों की ई-केवाईसी होना बाकी है। जिलावार आंकड़ों के अनुसार ई-केवाईसी में सोलन जिला सबसे आगे है तो वहीं लाहौल-स्पीति सबसे पिछे है। बिलासपुर में कुल 427573 लाभार्थियों में 346550 यानी 81.61 प्रतिशत लाभार्थियों की ई केवाईसी हो चुकी है। चंबा जिला में कुल 572037 लाभार्थियों में 384064 लाभार्थियों की ई-केवाईसी हो चुकी है। हमीरपुर जिला में 548079 लाभार्थियों में से 456241 लाभार्थियों की ई-केवाईसी हो चुकी है। कांगड़ा जिला में 1781220 लाभार्थियों में 1338045 यानी 75.12 प्रतिशत लाभार्थियों की ई-केवाईसी हो चुकी है। किन्नौर जिला में कुल 75012 लाभार्थियों में 44881 लाभार्थियों की ई-केवाईसी हो चुकी है। कुल्लू जिला में कुल 441268 लाभार्थियों में 337119 की ई-केवाईसी हो चुकी है। लाहौल स्पीति जिला में कुल 28448 लाभार्थियों में मात्र 7248 यानी 25.48 प्रतिशत लाभार्थियों की ई-केवाईसी हो पाई है। मंडी जिला में कुल 1101588 लाभार्थियों में 898950 की ई-केवाईसी हो चुकी है। शिमला में कुल 730692 लाभार्थियों में 564142 की ई-केवाईसी हो चुकी है। सिरमौर में 550737 लाभार्थियों में 431851 की ई-केवाईसी हो चुकी है। सोलन में कुल 520998 लाभार्थियों में 459320 लाभार्थियों की ई- केवाईसी हो चुकी है। जोकि प्रदेश में सबसे ज्यादा 88.75 प्रतिशत है। वहीं, ऊना जिले में 578438 लाभार्थियों में 433569 यानी लाभार्थियों की ई-केवाईसी हो चुकी है। (अनंत ज्ञान)

### किसी भी डिपो में करवा सकते हैं ई-केवाईसी



**जिला** खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक पुरुषोतम सिंह पंवर ने बताया कि जिला कांगड़ा में अब तक 75.12 प्रतिशत लाभार्थियों की ई-केवाईसी हो चुकी है। लोग 30 सितंबर से पहले ई-केवाईसी करवाने को आगे आएं, ताकि उन्हें नियमित रूप से डिपो से राशन मिलता रहे। कोई भी लाभार्थी प्रदेश के किसी भी राशन डिपो में जाकर अपनी ई-केवाईसी करवा सकता है।

## प्रताप वर्ल्ड स्कूल की 5 लड़कियां खेलेंगी जिला स्तरीय प्रतियोगिता

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा की प्रिंसिपल रेणु परमार की अध्यक्षता में छात्राओं ने अंडर 19 खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन सरकारी सिनियर सकेंडरी स्कूल घोड़न में किया गया। इस खेलकूद प्रतियोगिता में सरकारी व प्राइवेट स्कूलों के लगभग 25 से 30 विद्यालयों ने भाग लिया। इसमें खिलाडियों ने अपनी ताकत का लोहा मनवाते हुए खो-खो में इंदौरा ब्लॉक में द्वितीय स्थान प्राप्त करके जिला स्तरीय चैंपियनशिप प्रतियोगिता में अपना चयन करवाया। इस अवसर पर स्कूल के अध्यक्ष भरत भूषण महाजन ने सभी खिलाड़ियों को बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने बताया कि आज के समय में लड़कियां प्रत्येक क्षेत्र में बेहतरीन प्रदर्शन कर रही है, चाहे शिक्षा का क्षेत्र हो, चाहे खेल का मैदान हो देश-विदेश में लड़कियां सबसे आगे बढ़ रही हैं। स्कूल प्रशासन बच्चों के सर्वांगिण विकास करने के लिए तत्पर रहता है और भविष्य में भी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए तत्पर रहेगा। (अनंत ज्ञान)



### टांडा रेंज में आज और कल फायरिंग अभ्यास

**धर्मशाला।** सहायक आयुक्त सुभाष गौतम ने बताया कि टांडा फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय सेना द्वारा 5 सितंबर को सुबह 9 से दोपहर 12 बजे व 6 सितंबर को प्रात: 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक फायरिंग का अभ्यास किया जाएगा। उन्होंने ग्राम पंचायत कोहाला, कच्छयारी, खोली, घुरकड़ी व साथ लगते क्षेत्रों के लोगों से अपील की है कि इस दौरान वह फायरिंग रेंज में न स्वयं जाएं तथा अपने पालतू पशुओं को भी न जाने दें ताकि किसी भी प्रकार की जान-माल की हानि से बचा जा सके।

### अंडर-19 जोनल टूर्नामेंट में जवाली रहा उपविजेता

**अनंत ज्ञान, जवाली।** पलौहड़ा में आयोजित लड़कियों की अंडर-19 जोनल टूर्नामेंट में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जवाली की टीम बैडमिंटन में उपविजेता रही। स्कूल पहुंचने पर विजेता खिलाड़ियों प्राची, आस्था और अनामिका को सम्मानित किया गया। इस मौके पर बीपीओ कम प्रीसिंपल प्रभात चंद्र पावा ने स्कूल के शारीरिक शिक्षा के प्रवक्ता अजय कुमार, पीईटी सुशील कुमार और इस्कोर्ट टीम को बधाई दी। इस मौके पर प्रवक्ता यशपाल सिंह, रामेश्वर दत्त, अमित कुमार, संजय कुमार, वंदना, मोनिका, जीवन ज्योति, कमल कुमार, राम कुमार, पवन कुमार, कपिल देव, भुवनेश कुमार, गुरप्रीत कौर, अनुराधा, शालिनी आदि मौजूद रहे।

### जालग में लड़कियों की खेल प्रतियोगिता संपन्न

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** जयसिंहपुर जोन की लड़कियों की तीन दिवसीय अंडर-19 खेलकूद प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जालग में संपन्न हुई । समापन समारोह में हिमाचल ग्रामीण बैंक के सेवानिवृत्त मैनेजर जगदीश चंद ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। वालीबॉल में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जयसिंहपुर ने प्रथम व धुपक्यारा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया । खो-खो में कोटलू प्रथम, टटैहल द्वितीय, कबड्डी में आलमपुर प्रथम व बालकरूपी द्वितीय रहे बैडमिंटन में टटैहल ने मझेड़ा को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया ।

## धर्मशाला में भाजपा का सदस्यता अभियान शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

भाजपा सदस्यता अभियान की शुरुआत 2 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिल्ली में की गई। उसके उपरांत 3 सितंबर को शिमला में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल तथा पदाधिकारियों द्वारा प्रदेश स्तर पर सदस्यता अभियान की शुरुआत की गई।

इसी कड़ी में बुधवार को कचहरी अड्डा धर्मशाला में जिला स्तरीय सदस्यता अभियान की शुरुआत जिला कांगड़ा भाजपा अध्यक्ष सचिन शर्मा की अध्यक्षता में हुई।



इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राकेश शर्मा, हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु, ज़िला भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष रंजू रस्तोगी, करनैल राणा, जिला कांगड़ा भाजपा के महामंत्री देवेंद्र कोहली, राकेश चौहान, धर्मशाला भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉक्टर विशाल नैहरिया, पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल चौधरी, मधु शर्मा, डॉक्टर विजय शर्मा, राजेश वर्मा, चंपा भारद्वाज, अशोक जरयाल एंडी, प्रदीप कुमार, विक्रम सिंह, कैलाश वालिया, समीक्षा शर्मा, अभिनय भाटिया समेत अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**आह्वान**

### धर्मशाला में बैंकों की जिला स्तरीय समीक्षा समिति की त्रैमासिक बैठक का आयोजन

## छोटे उद्यमियों और कृषकों का सहयोग करें बैंक : एडीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

छोटे व्यवसायी, उद्यमी, स्वयं सहायता समूह और कृषकों की आर्थिक जरूरतों को सहानुभूमिपूर्वक समझते हुए उनकी सहायता करने के लिए जिले के सभी बैंक और उनके कर्मचारी कार्य करें। बुधवार को डीआरडीए के सभागार में जिला कांगड़ा के बैंकों की जिला स्तरीय समीक्षा समिति की त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त सौरभ जस्सल ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि गांव देहात में स्वरोजगार, कृषि, पशुपालन और छोटे उद्यमों



के माध्यम से लोगों को कमाई के साधन उपलब्ध हों, इसके लिए सरकार द्वारा अनेकों योजनाएं चलाई गई हैं।

एडीसी ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को संबल प्रदान करने वाली इन योजनाओं के तहत लोगों को ऋण उपलब्ध करवाने और उनकी आर्थिक सहायता करने के निर्देश बैंक अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा गंभीर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य की पूर्ति में बैंक सबसे अहम भूमिका निभा सकते हैं। बैंक अपने सामान्य धंधे के अलावा समाज में आर्थिक तौर से पिछड़े लोगों के जीवन स्तर में उन्नति लाने के लिए कार्य करें। आम लोगों की जरूरतों और लक्ष्यों के प्रति संवेदनशील रवैया अपनाते हुए उन्हें विभिन्न सरकारी स्कीमों के तहत ऋण उपलब्ध करवाए जाएं।

उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड, कृषि अधोसंरचना, अक्षय ऊर्जा सहित अन्य प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों से संबंधित ऋण योजनाओं के प्रचार और प्रसार पर जोर देने की बात कही। उन्होंने बताया कि पशुपालक भी किसान क्रेडिट कार्ड बनवाकर उसका लाभ ले सकते हैं।

उन्होंने सभी बैंकों को निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध पूरा करने तथा सरकारी योजनाओं के तहत लोगों को ऋण उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। बैठक में जिले में कार्यरत सभी बैंकों द्वारा क्रियान्वित की जा रही सरकार की गरीबी उन्मूलन योजनाओं के अंतर्गत हुई प्रगति तथा वार्षिक ऋण योजना 2024-25 के अंतर्गत जून 2024 तक के लक्ष्यों तथा उपलब्धियों की समीक्षा की गई।

### इंडक्शन कार्यक्रम का किया आयोजन

**नगरोटा बगवां।** राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां के कॉमर्स विभाग द्वारा नवप्रवेशी छात्रों के लिए एक इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को महाविद्यालय के वातावरण से परिचित कराना और उनके शैक्षिक एवं व्यक्तिगत विकास के लिए महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम के मुख्य प्रवक्ता एनएन शर्मा ने बताया कि आज के युग में प्रभावी संचार कौशल न केवल पेशेवर जीवन में, बल्कि व्यक्तिगत संबंधों में भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है। एनएन शर्मा ने छात्रों को अच्छे संवाद कौशल के विभिन्न पहलुओं जैसे कि स्पष्टता, आत्मविश्वास, सही शब्दों का चयन, और बॉडी लैंग्वेज के महत्व को रेखांकित किया।

## न्यूज ब्रीफ

### धनेटा कॉलेज में एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया



**अनंत ज्ञान, नादौन।** राजकीय महाविद्यालय धनेटा में संजय कुमार सदस्य, जिला परिषद की अध्यक्षता में पौधरोपण अभियान चलाया गया, जिसमें महाविद्यालय के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्राचार्य डॉ. ज्ञानचंद राणा के दिशा निर्देशन में इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया तथा कहा कि वर्तमान समय में प्रकृति के साथ खिलवाड़ नहीं बल्कि उसके साथ सामंजस्य करने का समय है, क्योंकि पकृति की गोद में ही मनुष्य का सर्वांगीण विकास संभव है। राजकीय महाविद्यालय में लगभग 30 पौधों का पौधरोपण किया गया तथा छात्रों ने प्रण भी लिया कि हम इनको विकसित करने के लिए पूरा प्रयास करेंगे। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, रोवर्स एंड रेंजर्स, इको क्लब के सौजन्य से इस कार्य को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय का शिक्षक एवं गैर शिक्षक वर्ग प्रो. नीलम कुमारी, डॉ. रजनीश कुमार, डॉ. अजय कुमार, प्रो. मदन सिंह, डॉ. प्रीतम चंद, डॉ. अंजना तथा कार्यालय अधीक्षक सुषमा कुमारी, कुलबीर सिंह, विक्रम सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### गौतम कॉलेज में 11 से होगा क्रोएशियाई नाटक का मंचन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश तथा 'संकल्प रंगमंडल' शिमला के संयुक्त तत्वावधान में 11 और 12 सितंबर को हमीरपुर के गौतम कॉलेज में प्रसिद्ध क्रोएशियाई नाटक 'द डॉल' का मंचन किया जाएगा। नाटक का पहला शो 11 सितंबर को सायं 5:30 बजे और दूसरा शो 12 सितंबर को प्रातः 11:30 बजे होगा। इस नाटक का मूल आलेख अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त क्रोएशियाई नाटककार मीरो गावरान ने लिखा है। जयपुर और मुंबई के प्रसिद्ध रंगकर्मी एवं सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी सौरभ श्रीवास्तव ने इसका हिंदुस्तानी नाट्य रूपांतरण किया है। निर्देशक केदार ठाकुर ने बताया कि प्रदेश के 6 जिलों में इस नाटक के 14 शो किए जा रहे हैं। इनमें कुल्लू, मंडी, सोलन, हमीरपुर और शिमला के साथ बिलासपुर जिला शामिल है। नाटक 'द डॉल' की विषयवस्तु अत्याधुनिक कृत्रिम कुशलता आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संबंध रखती है, जो आज प्रत्येक व्यक्ति की जिज्ञासा का केंद्र है और आने वाले समय में सबके जीवन को प्रभावित करने का सामर्थ्य रखती है। प्रसिद्ध रंगकर्मी एवं राष्ट्रीय अकादमी पुरस्कार से अलंकृत केदार ठाकुर के निर्देशन में होने वाले इस नाटक में रंगकर्मी रूपेश भीमटा और यशवी भारद्वाज मुख्य भूमिका में है। सेट डिजाइन दीपिका राय और रोहित परमार कर रहे हैं। संगीत का जिम्मा रोहित कंवल संभालेंगे।

### सहकारी सभाओं को अधिक ब्याज मिलने पर खुशी

**संजीव चौहान, टौणी देवी।** आज कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर की बैठक चेयरमैन कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें सहकारी सभाओं की जमा मियादी अमानत पर अब 0.25 प्रतिशत अधिक ब्याज मिलेगा। हिमाचल प्रदेश प्राथमिक सहकारी सभाएं कर्मचारी संघ ने इस पर खुशी जताई। प्रदेशाध्यक्ष विजय शर्मा ने कहा कि इससे 5 जिलों की सभाओं को वित्तीय लाभ मिलेगा व सभाओं की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। प्रदेश कार्यकारिणी महासचिव रजनीश गुलेरिया, उपाध्यक्ष राजेश शर्मा, परवीन शर्मा, संगठन सचिव प्रवेश शर्मा, अशोक शर्मा, जिला हमीरपुर अध्यक्ष संजय पटियाल, कांगड़ा जिला अध्यक्ष रणवीर सिंह, प्रेस सचिव संजीव चौहान ने बैंक के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया व सभी निर्देशक मंडल सदस्यों का आभार व्यक्त किया। (अनंत ज्ञान)

### हमीरपुर से चंडीगढ़ जा रही बस खराब, यात्री परेशान

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** एचआरटीसी हमीरपुर डिपो की बस जो सुबह 6 बजकर 20 मिनट पर हमीरपुर से चंडीगढ़ वाया नाल्टी गलोड़ जाने वाली बुधवीं चौक पर 20 किलोमीटर का सफर तय करने के बाद ही खराब हो गई। इसके चलते सवारियां को बड़ी मुसीबत का सामना करना पड़ा। ज्ञात रहे कि वाया गलोड़ से चंडीगढ़ के लिए एकमात्र यही बस है। सरकारी कर्मचारी भी इसी बस से अपने गंतव्य तक पहुंचते हैं, क्योंकि गलोड़ क्षेत्र में लंबे रूट की सेवा नाम मात्र की है, जो गलोड़ से सात बजे निकलती है। ज्ञात रहे दो दिन पहले भी एचआरटीसी की बस लहड़ा में खराब हुई थी। सवारियों में मीना, रीता, कमला, रोशन, राकेश, देश राज, अश्वनी कुमार का कहना है कि एचआरटीसी की बस आए दिन रास्ते में ही खराब हो जाती है] जिसके कारण हमें परेशान होना पड़ता है। उधर, इस वारे में डीएम हमीरपुर राज कुमार पाठक ने बताया कि बस में तकनीकी खराबी आ गई थी। निगम ने यात्रियों को असुविधा न हो, इसलिए दूसरी बस को भेज दिया गया।

### कृतिका राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित



**जाहू।** हिंदी पखवाड़ा के उपलक्ष्य पर भाषा एवं संस्कृति विभाग ने जिला पंचायत संसाधन केंद्र शलासी में जिला स्तरीय समारोह आयोजित किया गया। इसमें जिला हमीरपुर के लगभग 60 विद्यालयों के 180 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खरबाड़ की तीन छात्रों कृतिका शर्मा कक्षा नौंवी, मुस्कान कक्षा 12वीं, साक्षी गौतम कक्षा बारहवीं ने भिन्न-भिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया, जिसमें कृतिका शर्मा ने भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होने पर अभिभावकों और स्कूल के अध्यापकों में खुशी की लहर है। कृतिका शर्मा का स्कूल में पहुंचने पर प्रधानाचार्य और अध्यापकों ने जोरदार स्वागत किया। प्रधानाचार्य धर्मवीर ने बच्चों से आह्वान किया कि पढ़ाई के अतिरिक्त अन्य गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लें।

### मारपीट करने वाले आरोपी पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन थाना के अंतर्गत रमेश कुमार पुत्र गुलाबू राम निवासी गांव व डा. बटराण तहसील नादौन ने शिकायत पर मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। इसमें शिकायतकर्ता ने दर्ज करवाया है कि उसके साथ रवि कुमार ने गत 11 अगस्त को मारपीट की है, जिससे उसके चेहरे पर चोटें आई हैं और एक दांत भी टूट गया है। शिकायतकर्ता का नादौन अस्पताल में मेडिकल भी करवाया गया व चिकित्सा अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट पर शिकायतकर्ता को गंभीर चोट का लगना दर्शाया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### रास्ता रोककर गाली-गलौज करने की शिकायत दर्ज

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** पुलिस थाना सुजानपुर के तहत मलका देवी निवासी समोना तहसील सुजानपुर ने शिकायत दर्ज करवाई है कि रीना देवी ने उसका रास्ता रोका और गाली-गलौज की तथा उसने अपनी पशुशाला से पत्थर मारने शुरू कर दिए जिसमें से एक पत्थर शिकायतकर्ता के सिर पर लगा है। पशुशाला में काम कर रहे एक मजदूर सुमन राम पुत्र जोगिंद्र राम को भी दाएं हाथ में चोट लगी है। इस पर ये सभी वहां से काम छोड़ कर घर चले गए। थोड़ी देर बाद मिस्त्री दोबारा काम पर गए तो रीना देवी ने अपनी पशुशाला की छत से पुनः पत्थर मारना शुरू कर दिए। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

### अश्लील गाली-गलौज करने पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सदर थाना हमीरपुर के तहत तरुणा अंग्रीष पत्नी स्व. विजय कुमार निवासी मकान नंबर 5, वार्ड नंबर 8 नजदीक मिल्खी राम पेट्रोल पंप की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। इसमें शिकायतकर्ता ने बताया कि गत सितंबर को लीला देवी, सोमा देवी व राजेश कुमार ने शिकायतकर्ता को व इनके बेटे को अश्लील गाली-गलौज व अभद्र शब्दों का प्रयोग किया तथा इनके बेटे को धमकियां दीं। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

# एनएचएआई और राज्य सरकार के बीच फंसा मेंटेनेंस का पेंच

## हमीरपुर-शिमला नेशनल हाईवे के गड्ढे कौन भरेगा? राजधानी को जोड़ने वाले हाईवे की हालत खराब होने से वाहन चालक परेशान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

राजधानी को जोड़ने वाले निचले हिमाचल के सबसे अहम और एकमात्र नेशनल हाईवे हमीरपुर-शिमला की हालत खराब है। 50 से 70 किलोमीटर इस हाईवे का सफर खतरनाक हो चुका है, क्योंकि गड्ढे इतनी भयंकर रूप अख्तियार कर चुके हैं, जिस कारण वाहन चलाना बेहद खतरनाक साबित हो रहा है।

अहम सवाल यह है कि इसकी रिपेयर करेगा कौन? कब भरे जाएंगे गड्ढे? जवाबदेही किसकी है। क्या राज्य सरकार या फिर उसके अधिकारी इस लापरवाही के लिए जवाब दे नहीं है? इन तमाम सवालों का जवाब कोई भी देने को तैयार नहीं है। सफर बेहद खतरनाक हो जाए, तो होता रहे, इससे किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता। फर्क केवल वाहन चलाने वालों को पड़ रहा है, जिनके वाहन तकनीकी खामियों का शिकार हो रहे हैं। दुर्घटनाओं को आमंत्रण कर रहे हैं, लेकिन किसी के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही।





हमीरपुर-शिमला नेशनल हाईवे पर पड़े बड़े-बड़े गड्ढों से अपनी कार को बचाते अपने गंतव्य की ओर ले जाता हुआ चालक। (दाएं) गड्ढे खुद बयां कर रहे हकीकत।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

### ठेकेदार की वजह से हुआ डिले : मीणा

उधर, एनएचएआई के हमीरपुर स्थित प्रोजेक्ट डायरेक्टर विक्रम मीणा का कहना है कि मेंटेनेंस का पार्ट उनके पास नहीं था। कुछ समय पहले ही हैंडओवर हुआ है। अब हमीरपुर से कलरी मोड़ घुमारवीं तक एनएचएआई ही बरसात खत्म होते ही मेंटेनेंस शुरू करेगी। फिलहाल गड्ढों को भरने के लिए कह दिया गया है। कलरी मोड़ से आगे जुखाला ब्रह्मपुत्र तक मेंटेनेंस के लिए नेशनल हाईवे को पत्र लिखा गया है, क्योंकि जिस ठेकेदार ने इस रोड की टारिंग की थी, उसी के सुपुर्द 3 साल की मेंटेनेंस का काम था। उसी को वह काम करना है। इसके आगे शिमला तक की मेंटेनेंस का काम शुरू हो गया है। ठेकेदार की वजह से थोड़ा डिले हुआ है, लेकिन अब काम बहुत जल्दी मकम्मल होगा। कुछ पार्ट इस एनएच का राज्य सरकार के पास मेंटेनेंस के लिए था, लेकिन बरसात के बाद अब सारी मेंटेनेंस हो जाएगी।

**गड्ढों से बचना आसान नहीं :** गड्ढे भी ऐसे, जिनसे बचना इतना आसान नहीं है, क्योंकि एक से डेढ़ फुट नीचे गहराई वाले गड्ढे जब बन जाएंगे, तो फिर सफर सुहाना कैसे होगा? दुर्घटना से कैसे बचाव होगा? हालात इस सड़क मार्ग की सारी यही है। (अनंत ज्ञान)

### काम नहीं होने से रोड बार बार उखड़ कर हो रहा खराब

हमीरपुर से 5 किलोमीटर दूर मट्टनसिद्ध से लेकर भोटा तक रोड़ की हालत खराब है। पिछले दो सालों से जिस अंदाज में बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं, उन्हें भरने की कोई जहमत नहीं उठा रहा। डिडवीं-टिक्कर और इसके आसपास तो हालात और भी खराब है। उसके आगे घुमारवीं भी तक भी हालत बीच-बीच में बेहद खराब है। तकरीबन 3 साल पहले इस सड़क मार्ग की अपग्रेडेशन पर लगभग 330 करोड़ खर्च किए गए थे, लेकिन दर्जे के मुताबिक काम नहीं होने की वजह से यह रोड बार-बार उखड़ रहा है। इससे आगे भी वाया जुखाला होकर जाने वाले नेशनल हाईवे पर कई स्पॉट बेहद खराब हैं। शिमला से पीछे लगभग 15 किलोमीटर का सफर थोड़ा ठीक है और बीच का सारा पार्ट जिसकी कुल लंबाई तकरीबन 40 किलोमीटर बनती है, फटेहाल है।

# अनुराग को सदस्य बनाकर सदस्यता अभियान शुरू

## बोले-आइए फिर से एक बार भाजपा से जुड़ें और हमारे संगठन को एक नई ऊंचाई के शिखर तक ले जाएं

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

भारतीय जनता पार्टी जिला हमीरपुर के सदस्यता अभियान की शुरुआत समीरपुर में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद अनुराग ठाकुर के आवास पर हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के प्रभारी राजेश ठाकुर ने उन्हें सदस्य बनाकर जिले में अभियान की शुरुआत की। इसके अतिरिक्त अनुराग ठाकुर ने भरेड़ी व टौणी देवी में कार्यकर्ताओं की बैठक में अपना संबोधन दिया।

इस अवसर पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज भाजपा सदस्यता अभियान 2024 के जिला स्तरीय सदस्यता अभियान का शुभारंभ करने का सुअवसर प्राप्त हुआ। हमीरपुर जिले के पार्टी पदाधिकारियों व समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ आज पार्टी के एक समर्पित कार्यकर्ता के रूप में अपनी सदस्यता का नवीनीकरण कर राष्ट्र सेवा के अपने संकल्प को दोहराया। आपसे अनुरोध है राष्ट्र नवनिर्माण के महाअभियान में आप भी भागीदार बनें। अनुराग ने कहा कि हम केवल कागजों में ही हमारे संगठन नहीं बनाते, बल्कि यह धरातल पर एक परिवार की तरह काम करने वाला दल है। उन्होंने कहा कि कभी दो सीटों वाली पार्टी से 303 सीट वाली पार्टी भी बन कर दिखाया और अगर यह संभव हुआ है तो यह कार्यकर्ताओं के के दमखम और जनता के आशीर्वाद से।



हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के प्रभारी राजेश ठाकुर, सांसद अनुराग को सदस्य बनाते हुए।

हमारी पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी तो है ही, साथ ही सभी राजनीतिक दलों में एक प्रकार से अनूठी पार्टी है। आज भारत के 1,500 से अधिक राजनीतिक दलों में कोई भी दल लोकतांत्रिक तरीके से विश्वास और खुलेपन के साथ हर 6 साल के बाद अपने सदस्यता अभियान को नहीं करता है। ऐसा केवल और केवल भाजपा ही करती है। मैं भाजपा के सभी शुभेच्छकों, पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से अपील करता हूं कि आइए, फिर से एक बार भाजपा से जुड़ें और हमारे संगठन को एक नई ऊंचाई के शिखर तक ले जाएं। कर्मचारियों को वेतन न मिलने व प्रदेश के मौजूदा वित्तीय हालात पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के आर्थिक कुप्रबंधन से आज हिमाचल बेहाल है। हिमाचल के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है, जब राज्य के 2 लाख कर्मचारियों और 1.5 लाख पेंशनर्स को पहली तारीख को न सैलरी और न ही पेंशन मिली है। राजनीतिक नियुक्तियों के लिए कांग्रेस के पास पैसा, गाड़ी, बंगला सब है, मगर कर्मचारियों को देने के लिए सैलरी नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की निक्कमेपन के चलते आज उन्हें यह दिन भी देखना पड़ रहा है।

कांग्रेस की बेसिरपैर की नीतियां, बेहिसाब खर्च, बेतुकी नियुक्तियां, आकंठ विलासिता, मित्रों को मालामाल करने की सनक ने आज प्रदेश को बदहाल करके छोड़ा है। हिमाचल प्रदेश में पिछले 20 महीने से चल रहा कांग्रेस का कार्यकाल अराजकता, अहंकार और अन्याय भरा रहा है। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री के अलावा हमीरपुर संसदीय क्षेत्र सदस्यता अभियान के प्रभारी राजेश ठाकुर, हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के शहर प्रभारी सुमित शर्मा, जिलाध्यक्ष देशराज शर्मा, पूर्व विधायक बलदेव शर्मा, पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री, पूर्व विधायक उर्मिला ठाकुर, पूर्व विधायक अनिल धीमान, पूर्व विधायक कमलेश कुमारी, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष वंदना योगी सहित सभी पांचों मंडलों के अध्यक्ष महामंत्री जिला के सभी पदाधिकारी युवा मोर्चा के पदाधिकारी एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सुक्खू ने मित्रों पर खजाना लुटाकर प्रदेश को बनाया कंगाल : राजेंद्र राणा



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश की जनता ने चुनावी गारंटियां पूरी करने और प्रदेश को खुशहाली की राह पर ले जाने के लिए कांग्रेस को जनादेश दिया था, लेकिन मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जनादेश का अपमान करते हुए प्रदेश का खजाना मित्रों पर ही लुटाकर प्रदेश को कंगाल बनाने में कोई कसर नहीं रखी है। पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा कि एडवोकेट जनरल कार्यालय में अपने मित्रों की फौज खड़ी करके बेरहमी से उन पर तो पैसा लुटाया ही जा रहा है, पीजीआई में भी एक ऐसे व्यक्ति की संयोजक के रूप में नियुक्ति करके सरकारी खजाने से उसे मोटी तनख्वाह दी जा रही है, जो शिमला में ही घूमता रहता है। ऐसी कई और नियुक्तियां करके मुख्यमंत्री ने सिर्फ अपने चहेतों की सरकारी कोष से रोजी-रोटी का जुगाड़ किया है। आने वाले समय में जांच एजेंसिया यह भी जांच करेंगी कि सरकारी खजाना मुख्यमंत्री ने अपने किन-किन मित्रों पर लुटाया है। यह बड़े अफसोस की बात है कि सरकार कर्मचारियों से काम तो ले रही है, लेकिन उन्हें वेतन नहीं दे पा रही है। हिमाचल में इससे पूर्व किसी भी मुख्यमंत्री के कार्यकाल में सरकारी खजाने की लूट का ऐसा खेल नहीं देखा गया था।

### राज्य चयन आयोग में विभिन्न पदों के लिए दस्तावेजों का सत्यापन 9 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग हमीरपुर ने कॉपी होल्डर पोस्ट कोड-982, सेनेटरी सुपरवाइजर पोस्ट कोड-986, वर्कशॉप इंस्ट्रक्टर (पैटर्न मेकिंग) पोस्ट कोड-992, साइकोलॉजिस्ट एवं रिहेबिलिटेशन ऑफिसर पोस्ट कोड-994 और वर्कशॉप इंस्ट्रक्टर (आर्किटेक्चर) पोस्ट कोड-997 के पदों की भर्ती प्रक्रिया के तहत दस्तावेजों की सत्यापन प्रक्रिया 9 सितंबर को निर्धारित की है। पोस्ट कोड-982 और 986 की सत्यापन प्रक्रिया सुबह साढ़े दस बजे आरंभ होगी। पोस्ट कोड-992 और 994 की सुबह 11 बजे तथा पोस्ट कोड-997 की सत्यापन प्रक्रिया साढ़े 11 बजे शुरू की जाएगी। आयोग के प्रशासनिक अधिकारी जितेंद्र सांजटा ने बताया कि दस्तावेजों की सत्यापन प्रक्रिया के लिए चयनित अभ्यर्थियों के रोल नंबरों का विवरण आयोग की वेबसाइट एचपीआरसीए.एचपी.जीओवी.इन पर उपलब्ध करवा दिया गया है। जितेंद्र सांजटा ने बताया कि इस संबंध में सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया गया है।

### बजट में प्रावधान होने पर वेतन और पेंशन नहीं दे रही सरकार : महासंघ

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ हिमाचल प्रदेश के सचिव ने प्रदेश सरकार द्वारा वेतन व पेंशन जारी न करने पर प्रधान ब्रह्मानंद और इंद्रपाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ है कि बजट में प्रावधान होते हुए भी वेतन व पेंशन इस माह कर्मचारियों और पेंशनरों को नहीं दिया गया है। संघ का यह मानना है कि जो सरकार बजट में प्रावधान होते भी हाथ खड़े कर दे तो उस सरकार से और क्या उम्मीद की जा सकती है। संघ के पदाधिकारियों ने प्रदेश सरकार से आग्रह किया है कि वेतन और पेंशन, डीए को अभिलंब जारी करे।

### आयुर्वेदिक अस्पताल मन्वी में 15 साल से पद खाली

**एसके शर्मा, जाहू।** उपमंडल भोरंज का एकमात्र आयुर्वेदिक अस्पताल मन्वी में सुविधाओं के अभाव के चलते लोग अपना इलाज के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं। गौरतलब है कि हमीरपुर जिले के आयुर्वेदिक अस्पताल के बाद 20 बिस्तरों वाला आयुर्वेदिक अस्पताल मन्वी गांव में है। इस अस्पताल को जैन मुनि आयुर्वेदिक अस्पताल के नाम भी जाना जाता है। आयुर्वेदक अस्पताल मन्वी में एक्सरे की मशीन तो लगाई गई थी परंतु एक्सरे करने वाला कोई भी कर्मचारी न होने की वजह से धूल फांकने की वजह से खराब हो चुकी है।

अस्पताल में लैब न होने की वजह से लोगों को अपने रोगों से संबंधित टैस्ट करवाने के लिए भोरंज जाना पड़ता है। हालांकि अस्पताल में लैब टेक्निशियन का पद भी सृजित है, जो कि लगभग 15 सालों से खाली पड़ा हुआ है। इसकी वजह से लोगों को अपने टेस्ट व एक्सरे प्राइवेट लैबों में महंगे दामों पर करवाने पड़ रहे हैं। ग्रामीणों में राकेश कुमार, अशोक कुमार, कमल कुमार, सुनील कुमार, बबलू शर्मा, पुरुषोत्तम लाल, राज कुमार, राजेश कुमार, कुलदीप कुमार, विनोद कुमार, संत राम, हंसराज, कमला देवी, रत्नी देवी, सरोज कुमारी आदि ने सरकार पर आयुर्वेदिक अस्पताल की अनदेखी का अरोप लगाया है। आयुर्वेदिक अस्पताल मन्वी के आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. अंचित शर्मा ने बताया कि सभी समस्याओं के बारे में उच्च अधिकारियों को अवगत करवा दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

# अंडर-19 कबड्डी प्रतियोगिता में भोरंज को हराकर ताल स्कूल बना विजेता



भोरंज के एसडीएम संजय स्वरूप ने विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

मुख्यमंत्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज में हुई अंडर-19 वर्ग के भोरंज खंड की खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में फाइनल मुकाबले काफी रोचक हुए। बुधवार को कबड्डी खेल के फाइनल मुकाबले में ताल के खिलाड़ियों ने मेजबान भोरंज स्कूल को 49-37 के अंक से पराजित करके ट्रॉफी अपने नाम की। बैडमिंटन के फाइनल मुकाबले में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाहन्वीं ने भरेड़ी स्कूल को हराकर प्रथम स्थान हासिल किया।

वॉलीबाल के फाइनल मुकाबले में जाहू स्कूल के खिलाड़ियों ने भुक्कड़ को 2-1 से पराजित करके प्रतियोगिता को अपने नाम किया। तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन भोरंज के एसडीएम संजय स्वरूप ने किया तथा उन्होंने विजेता व उपविजेता रही टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। उन्होंने इस अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए 5000 रुपए देने की घोषणा की।

इस दौरान स्थानीय स्कूल के प्रधानाचार्य अनिल डोगरा, सेवानिवृत एडीपीओ सुनील कपिल, राजेश धीमान, प्रधानाचार्य देशराज कमल, खेलकूद प्रतियोगिता के समन्वयक चमन लाल, सहायक समंवयक अनिल कुमार, डीइपी जगदीश चंद, सुनील दत्त, विनोद कुमार, प्रवीण कुमार व अन्य उपस्थित रहे। (अनंत

# 14 से एक अक्तूबर तक मनाया जाएगा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा



ग्रामीण विकास विभाग और अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करते डीसी।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत इस वर्ष भी 14 सितंबर से एक अक्तूबर तक आयोजित किए जाने वाले 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़े के दौरान जिला हमीरपुर में भी व्यापक सफाई अभियान चलाया जाएगा। उपायुक्त अमरजीत सिंह ने डीआरडीए हॉल में ग्रामीण विकास विभाग और अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक करके इस पखवाड़े के लिए विभिन्न गतिविधियों की रूपरेखा तय की।

उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने-अपने कार्यालय परिसरों से स्वच्छता ही सेवा की शुरुआत करके आम लोगों के समक्ष उदाहरण प्रस्तुत करें। 14 सितंबर को पखवाड़े के शुभारंभ अवसर पर सफाई अभियान के साथ-साथ आम लोगों को जागरूक करने के लिए अन्य गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। 15 सितंबर को सभी पंचायतों में विशेष ग्राम सभा होगी, जिसका मुख्य मुद्दा संपूर्ण स्वच्छता ही रहेगा। उपायुक्त ने ग्रामीण विकास, पंचायतीराज, शहरी विकास,

**अपने परिसरों से करें 'स्वच्छता ही सेवा' की शुरुआत : अमरजीत सिंह**

युवा सेवाएं एवं खेल, जल शक्ति, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास आदि विभागों के अधिकारियों से कहा कि वे इस सफाई अभियान में पंचायत जनप्रतिनिधियों, महिला मंडलों, युवा मंडलों, अन्य सामाजिक संगठनों और छात्रों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करें। तीसरे चरण में सफाई कर्मचारियों और सफाई मित्रों के लिए विशेष शिविर लगाए जाएंगे।

पखवाड़े के दौरान सराहनीय कार्य करने वाले विभागों, संस्थाओं और आम लोगों को गांधी जयंती पर पुरस्कृत किया जाएगा। उपायुक्त ने इस अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों से सुझाव भी आमंत्रित किए। बैठक में एडीएम राहुल चौहान और डीआरडीए की परियोजना अधिकारी अस्मिता ठाकुर ने पखवाड़े के लिए विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया।






## न्यूज ब्रीफ

### नगाली स्कूल ने जीता बैडमिंटन का खिताब



**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** बनीखेत जॉन अंडर -14 छात्राओं की तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता जिसका राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुनियाला में आयोजन किया गया। इसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगाली की लड़कियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बैडमिंटन में विजेता और कुश्ती में 35 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड मेडल पर कब्जा किया। इस अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य संदीप राठौर ने कहा कि यह जीत खिलाड़ी छात्राओं और स्थानीय स्कूल के डीपीई अविनेश टंडन की कड़ी मेहनत का नतीजा है। उन्होंने इस मौके पर स्कूल के सभी स्टाफ सदस्यों को भी बधाई देते हुए कहा कि इन बच्चों ने न केवल विद्यालय का वल्कि गांव का नाम भी रोशन किया है। इस उपलब्धि पर तीन छात्राओं जीविका, मीनाक्षी और तन्वी का चयन जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए हुआ है। जिला स्तरीय टूर्नामेंट के लिए प्रधानाचार्य ने अग्रिम शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर स्कूल स्टाफ तथा अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### चिंतपूर्णी भाजपा ने सदस्यता अभियान किया शुरू



**अनंत ज्ञान, अंब।** चिंतपूर्णी भाजपा ने आज मंडल अध्यक्ष रवींद्र दिवेदी की अगुवाई में सदस्यता अभियान को शुरुआत की। अभियान का आगाज़ बस अड्डा अंब से किया गया, जहां सबसे पहले जिला महामंत्री शाम मिन्हास द्वारा पूर्व विधायक व वर्तमान भाजपा जिला अध्यक्ष बलबीर सिंह को सदस्यता दिलवाई गई। इसके साथ साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने आम जनता को भाजपा के इस अभियान से अवगत करवाया गया जिसके बाद सैकड़ों लोगों को सदस्यता दिलवाई गई। इस मौके पर पूर्व विधायक बलबीर सिंह ने बताया की यह अभियान 25 सितंबर तक चलेगा। चिंतपूर्णी विधानसभा में भी 25000 सदस्य बनाए जाने का लक्ष्य रखा गया है जिसमें प्रत्येक बूथ पर 200 से अधिक लोगों को पार्टी के साथ जोड़ा जाएगा।

# डीसी ने 'उज्ज्वल ऊना' मुहिम का किया शुभारंभ

## लोगों को स्वस्थ रखने के लिए 'प्लास्टिक मुक्त ऊना' बनाने को प्रशासन की नवीन पहल

**राजेश शर्मा, ऊना**

उपायुक्त जतिन लाल ने ऊना जिले को प्लास्टिक कचरा मुक्त बनाने के उद्देश्य से 'उज्ज्वल ऊना' मुहिम का शुभारंभ किया। बुधवार को डीआरडीए सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में इस पहल को औपचारिक रूप से लॉन्च किया गया। इस मुहिम के अंतर्गत प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन के लिए चार स्तरीय निस्तारण प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

इस प्रक्रिया के तहत प्रत्येक पंचायत में घरों से कचरा एकत्रित कर उसे ग्राम पंचायत स्तर पर बने सेग्रीगेशन यूनिट में लाया जाएगा और उसका उचित निस्तारण किया जाएगा। इसके बाद, कई पंचायतों के कचरे को क्लस्टर स्तर पर बने माइक्रो सेग्रीगेशन यूनिट में भेजा जाएगा, फिर इसे ब्लॉक स्तरीय यूनिट में स्थानांतरित किया जाएगा, जहां से इसे औद्योगिक इकाइयों के उपयोग के लिए भेजा जाएगा।

उपायुक्त ने सभी विकास खंड अधिकारियों को मुहिम के सफल क्रियान्वयन के निर्देश देते हुए पंचायत प्रतिनिधियों के साथ मिलकर इसे आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह मुहिम जिले को प्लास्टिक कचरा मुक्त बनाने और स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनाने में प्रभावी होगी। उन्होंने स्वच्छता के प्रति लोगों की मानसिकता बदलाव लाने और सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर बल दिया।

**ये रहे मौजूद :** बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर के अलावा डीआरडीए की परियोजना अधिकारी शैफाली शर्मा, सभी विकास खंड अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र कुमार समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



उपायुक्त 'उज्ज्वल ऊना' मुहिम का शुभारंभ करते हुए, साथ में हैं गणमान्य।

### मिलकर अभियान को बनाएंगे सफल

बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने अभियान को पूरी तत्परता से क्रियान्वित करने को लेकर उपायुक्त को आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि उनके दिशा-निर्देशों के अनुरूप सभी संबंधित विभागों को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया है। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी मिलकर इस अभियान को सफल बनाएं तथा बेहतर काम करते हुए एक मिसाल कायम कर सकें।

### 14 सितंबर से 2 अक्तूबर तक विशेष अभियान

उपायुक्त ने 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के तहत जिले में की जाने वाली गतिविधियों का ब्यौरा भी लिया। उन्होंने बताया कि स्वच्छता ही सेवा अभियान-2024 के अंतर्गत ऊना जिले में 14 सितंबर से 2 अक्तूबर तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान में स्वच्छता, जनसहभागिता और जनजागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उपायुक्त ने जिले में स्वच्छता अभियान को मिशन मोड पर चलाने का आह्वान किया और स्वच्छता को रोजमर्रा के व्यवहार में शामिल करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अभियान में सभी विभागों की सक्रिय सहभागिता और जनभागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इसके लिए एडीसी ऊना को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान में होगी ये गतिविधियां

अभियान के तहत जल स्रोतों की सफाई और प्लास्टिक कचरा संग्रहण अभियान भी चलाया जाएगा, जिसमें नदियों, नालों, खड्डों और पारंपरिक जल स्रोतों की सफाई के साथ-साथ कचरा प्रभावित हॉटस्पॉट्स की पहचान और सफाई के बाद सौंदर्यीकरण किया जाएगा। स्वच्छता और जागरूकता गतिविधियों के तहत स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों और सरकारी संस्थानों में सफाई अभियान चलाए जाएंगे। पौधरोपण और सौंदर्यीकरण की गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। छात्रों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सरकारी कर्मचारियों को कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर, जागरूकता कार्यशालाएं और कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए ब्लॉक स्तर पर शिविरों का आयोजन किया जाएगा। अभियान के समापन पर 2 अक्तूबर को कार्यक्रम आयोजित कर सभी हितधारकों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा।

### सुरेंद्र को शिक्षक पुरस्कार से क्षेत्र में खुशी का माहौल



**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छोग टाली जिला सिरमौर में प्रवक्ता अंग्रेजी के पद के कार्यकारी प्रधानचार्य के पद पर नियुक्त सुरेंद्र सिंह पुंडीर को राज्य स्तरीय पुरस्कार मिलने पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई है। स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मनोज ठाकुर ने कहा कि सुरेंद्र पुंडीर ने विद्यालय में गुणात्मक शिक्षा के साथ आधारभूत सुविधाएं जैसे विद्यालय में सुशोभित पुस्तकालय बनाना, गैर सरकारी संस्था से लगभग 15 लाख रुपए से तीन अतिरिक्त कमरों का निर्माण करवाना, मंच बनवाना तथा असुरक्षित भवन को संपूर्ण रूप से सुरक्षित बनवा कर सभी कक्षाओं एवं विषयों के लिए पर्याप्त आधारभूत ढांचा स्थापित करना जैसे असाधारण कार्य किए। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु विद्यालय में आधारभूत सुविधाओं को विकसित करने हेतु अभूतपूर्व भूमिका निभाई है। इसी के परिणाम स्वरूप उन्हें राज्य स्तरीय पुरस्कार मिला है।

## बहुमुखी प्रतिभा की धनी हैं तलमेहड़ा स्कूल की छात्रा मानसी राणा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कहावत है कि गुरु बिन गत नहीं पेड़ बिन पत नहीं, इसलिए गुरु होना जरूरी है, जिनके मार्गदर्शन व आशीर्वाद से हर मुश्किल आसान हो जाती है। शिक्षक दिवस पर छोटे से गांव की बेटी मानसी राणा ने शिक्षक दिवस पर सभी शिक्षकों को बधाई दी। मानसी राणा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तलमेहड़ा स्कूल की दस जमा एक की छात्रा है।

मानसी राणा जहां पर शिक्षा के क्षेत्र में बढ़िया प्रदर्शन कर रही है, वहीं थ्रो बॉल जूनियर टीम में कप्तान के रूप में टीम का नेतृत्व कर रही है। वह स्काउट एवं गाइड में इंटरनेशनल स्तर पर प्रतिभा में भाग ले चुकी है। इसका सारा श्रेय स्कूल स्टाफ सदस्यों को जाता है, जिन्होंने बेटी की प्रतिभा को निखारना सिखाया।

वहीं, पर मानसी राणा ने 2022में नवमी कक्षा से स्काउट एवं गाइड ग्रुप ज्वाइन किया था और विभिन्न जिलों में गाइड के रूप में टीम वर्क किया। उसके लिए मानसी राणा को महामहिम राज्यपाल पुरस्कार अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है। वह अब राष्ट्रपति टैस्टिंग पुरस्कार की तैयारी कर रही है।


मानसी राणा की गुरु सोनू कुमारी।

मानसी राणा को दो बार राष्ट्रीय प्रतिष्ठा पुरस्कार, एक बार राष्ट्रीय एकता पुरस्कार, एक बार प्राइड ऑफ भारत अवार्ड सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों सहित अन्य संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। मानसी राणा ने स्काउट एवं गाइड सहित अन्य गतिविधियों में इस उपलब्धि पर पहुंचाने का सारा श्रेय जिला ऊना उपमंडल अंब के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कटौहड खुर्द की अध्यापिका व स्काउट एवं गाइड की जिला संगठन आयुक्त सोनू कुमारी को दिया है। आज शिक्षक दिवस पर मेरे लिए सबसे पहले शिक्षक दिवस पर बधाई की पात्र है जो मैडम सोनू कुमारी हैं।

### ऊना रेलवे स्टेशन पर अब 12 घंटे होगी टिकट की बुकिंग

**ऊना।** हिमाचल के ऊना रेलवे स्टेशन पर अब आठ घंटे की जगह 12 घंटे बुकिंग होगी। उत्तरी रेलवे की ओर से इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं और यह सेवा तत्काल प्रभाव से लागू हो रही है।

ऊना रेलवे स्टेशन पर इससे पहले सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक बुकिंग होती थी, लेकिन अब सुबह आठ से रात आठ बजे तक बुकिंग होगी। रेलवे सूत्रों के मुताबिक ऊना हिमाचल ब्रॉडगेज रेललाइन पर रेल सेवाओं में विस्तार हो रहा है। अब दिन में कई ट्रेनें विभिन्न स्थानों के लिए चल रही हैं। इस सुविधा से यात्रियों को लाभ मिलेगा।

## चिंतपूर्णी महोत्सव को लेकर जनता उत्साहित : विकास

**अनंत ज्ञान, अंब**

माता चिंतपूर्णी महोत्सव को लेकर आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक बलबीर सिंह चौधरी जहां महोत्सव को लेकर कई तरह के सवाल उठा रहे ह, वहीं कांग्रेस नेता उन्हें अपने गिरेबान में झांकने की नसीयत दे रहे हैं।

बुधवार को कांग्रेस लीगल सैल के प्रदेश महासचिव एवं ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अधिवक्ता विकास कश्यप ने विश्रामगृह अंब में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान चिंतपूर्णी महोत्सव का विरोध करने पर भाजपा जिला अध्यक्ष बलबीर सिंह चौधरी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि एक तरफ क्षेत्र की जनता उक्त महोत्सव को लेकर उत्साहित है लेकिन दूसरी तरफ भाजपा नेता इस पर अड़ंगा लगाकर जनता को भ्रमित करने का प्रयास न करे, बल्कि चाहिए तो यह था कि महोत्सव को लेकर सरकार का कंधे से कंधा मिलाकर साथ देते।


अधिवक्ता विकास कश्यप पत्रकार वार्ता के दौरान।

उन्होंने कहा कि भाजपा जिला अध्यक्ष बलबीर सिंह चौधरी स्कूल मैदान में आयोजित उत्सव को लेकर आपत्ति तो जता रहे हैं, वह शायद यह भूल गए है कि यहां पर किसी पार्टी की चुनावी रैली नहीं बल्कि सरकारी और धार्मिक आस्था से जुड़ा हुआ कार्यक्रम हो रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसी बेतुकी बातें करने से पहले उन्हें याद रखना चाहिए कि उन्होंने तो अपनी बेटी की शादी पर लोगों को भोजन की व्यवस्था को लेकर भी इसी स्कूल मैदान में व्यवस्था की थी।

उन्होंने कहा कि चिंतपूर्णी महोत्सव के दौरान खुशी की बात यह है कि स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी प्रतिभा उजागर करने का मौका मिलेगा। उसके साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर से लेकर स्थानीय गायक कार्यक्रम में मां चिंतपूर्णी का गुणगान करेंगे। उन्होंने कहा कि दरअसल भाजपा नेता पहली बार हो रहे चिंतपूर्णी महोत्सव को लेकर इसलिए परेशान है कि कांग्रेस का इस महोत्सव को लेकर कद ऊंचा हो रहा है।

### जोनल अस्पताल में मनाया नेत्रदान पखवाड़ा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** 39वां राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा सभागार मुख्य चिकित्सा अधिकारी मंडी में मनाया गया, जिसमें खंडों से आईं महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, नर्सिंग स्कूल जोनल अस्पताल मंडी की प्रशिक्षुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. नरेंद्र भारद्वाज ने की तथा जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश ठाकुर, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनुराधा शर्मा भी उपस्थित रहे। डॉ. हिमांशी नेत्र रोग विशेषज्ञ ने कहा कि इस पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य लोगों में नेत्रदान के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि कोई भी स्वस्थ व्यक्ति अपनी आंखें दान कर सकता है इसके लिए एक शपथ पत्र भरकर अपनी सहमति देनी पड़ती है।

### मंडी में पकड़ी अवैध शराब की 87 पेटी

**अनंत ज्ञान, मंडी।** आबकारी विभाग की टीम ने मंडी शहर से चार किलोमीटर की दूरी पर पुल घराट में नाके के दौरान अवैध शराब की बड़ी खेप पकड़ने में सफलता हासिल की है। मिली जानकारी के अनुसार मंडी शहर में आबकारी विभाग द्वारा 87 पेटी अवैध शराब की पकड़ी गई हैं। विभाग को इस बारे में गुप्त सूचना थी कि सुंदरनगर से मंडी की ओर आ रही एक गाड़ी में अवैध शराब है। विभाग द्वारा मंडी के पुल घराट पर नाका लगाया गया और नाके पर तलाशी के दौरान यह शराब पकड़ी गई है। पूछताछ के दौरान पाया गया कि टेंपो चालक के पास न ही परमिट पाया गया और न ही किसी प्रकार का पास था। जिसके चलते विभाग द्वारा शराब की पेटियां जब्त करके सदर पुलिस थाना में मामला दर्ज करवा दिया है। मनोज डोगरा उपायुक्त आबकारी विभाग ने बताया कि विभाग द्वारा अवैध शराब को पकड़ने के लिए अभियान जारी है।

## डीसी का पंचायत प्रतिनिधियों से तत्परता से काम करने का आह्वान

**अनंत ज्ञान, ऊना**

उपायुक्त जतिन लाल ने पंचायतीराज संस्थानों के सभी प्रतिनिधियों से ऊना जिले में विकास को नए आयाम देने के लिए तत्परता से काम करने का आह्वान किया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों के लिए सरकारी योजनाओं की पूरी जानकारी होना अत्यावश्यक है, ताकि वे अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक लोगों को इन योजनाओं का लाभ दिला सकें।

यह बात उन्होंने मंगलवार को जिला परिषद के सभागार में आयोजित रिफ्रेशर ट्रेनिंग कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के दौरान कहीं। यह

**बोले-सरकारी योजनाओं की पूरी जानकारी रखें पंचायत प्रतिनिधि**

प्रशिक्षण कार्यक्रम 18 सितंबर तक चलेगा, जिसमें जिले के सभी विकास खंडों की ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधि चरणबद्ध तरीके से भाग लेंगे। पहले दिन विकास खंड अंब के पंचायत प्रतिनिधियों को प्रशिक्षित किया गया।

उपायुक्त ने बताया कि राज्य सरकार और जिला प्रशासन की ओर से क्रियान्वित की जा रही योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों को यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान, पंचायत प्रतिनिधियों को उन्हें विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाने में आने वाली समस्याओं के समाधान के बारे में व्यावहारिक ज्ञान दिया गया। साथ ही, उन्हें पॉक्सो एक्ट (बच्चों के यौन अपराधों से संरक्षण अधिनियम) और पोश अधिनियम (कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम) के महत्वपूर्ण प्रावधानों के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम के दौरान, 'एक पौधा मां के नाम' मुहिम के तहत उपायुक्त ने जिला परिषद ऊना परिसर में आंवला का पौधा रोपित किया और सभी पंचायत प्रतिनिधियों को भी आंवले के पौधे वितरित किए। उन्होंने सभी पंचायतों में अधिक से अधिक पौधरोपण करके पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का आह्वान किया, ताकि आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ वातावरण मिल सके।

कार्यशाला में जिला परिषद अध्यक्ष नीलम कुमारी, जिला पंचायत अधिकारी नीलम कटोच, चाइल्ड वेलफेयर कमेटी अध्यक्ष मीनाक्षी राणा, विकास खंड अंब के पंचायत प्रतिनिधियों सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### प्लॉट सबलेट के विरुद्ध की जाएगी कानूनी कार्रवाई

**सुनील शर्मा, गोहर।** 16 से 23 सितंबर तक आयोजित हो रहे जिला स्तरीय नलवाड़ मेला खयोड़ के लिए 12 सितंबर से प्लॉट आवंटन प्रक्रिया शुरू की जाएगी। एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट ने बताया कि नलवाड़ मेला कमेटी की ओर से प्लाट आवंटन 12 सितंबर से शुरू की जाएगी। उन्होंने सभी व्यापारियों को आह्वान किया है कि वह सभी प्लॉट खरीदने के लिए एफिडेविट बना लें, जिसके लिए व्यापारी व दुकानदार को मेला कमेटी को स्टांप पेपर पर अपनी सभी जानकारी देनी होगी, जो व्यक्ति या व्यापारी किसी भी रूप में किसी दूसरे के खरीदे प्लॉट को स्लेट करता है तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए 6 तथा 10 सितंबर को ग्राम पंचायत बासा के पंचायत घर में ऑडिशन किए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### चौंतड़ा विकास खंड में पोषण माह की धूमः सीडीपीओ

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** बाल विकास परियोजना अधिकारी चौंतड़ा बीआर वर्मा ने बताया कि गर्भवती महिलाओं, धात्री महिलाओं, किशोरियों एवं 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की पोषण पूर्ति और लोगों के जीवन में पोषण के महत्व को लेकर 1 से 30 सितंबर तक देश भर में मनाया जा रहा। 7वां राष्ट्रीय पोषण माह चौंतड़ा विकास खंड में भी धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा अनीमिया के प्रति लोगों को जागरूक किया और पूरक पोषण आहार की जानकारी भी उपलब्ध करवाई जा रही है। इसके अतिरिक्त बेहतर प्रशासन पारदर्शिता और कुशल सेवा वितरण के लिए प्रौद्योगिकी सहित समग्र पोषण विषयों पर विभिन्न गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। सीडीपीओ ने पोषण माह के आयोजन में शिक्षा, स्वास्थ्य, आयुष, वन पंचायतीराज संस्थाओं व स्थानीय निकायों के प्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं आदि से सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित बनाने का भी आह्वान किया है।

### स्टूडेंट्स को जन कल्याणकारी योजनाओं के दिए टिप्स

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** सूचना एवं जन संपर्क विभाग के जोगिंद्रनगर स्थित सहायक लोक संपर्क अधिकारी एपीआरओ कार्यालय एवं कॉलेज के करियर काउंसलिंग एंड प्लेसमेंट सैल के माध्यम से बुधवार को राजकीय महाविद्यालय लड़भड़ोल में प्रदेश सरकार की विभिन्न विकासात्मक एवं जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करवाई गई। साथ ही विद्यार्थियों से नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने का भी आह्वान किया गया। इसके अलावा प्रदेश सरकार की हिम समाचार ऐप को भी डाउन लोड करवाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्य प्रो. मुनीश ठाकुर ने की। इस मौके पर कॉलेज के प्राध्यापक भी मौजूद रहे।

### डिडवीं में अंडर-14 गर्ल्स जिला स्तरीय टूर्नामेंट शुरू



**डिडवी टिक्कर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डिडवीं में अंडर-4 गर्ल्स जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यातिथि डॉ. पुष्पेन्द्र वर्मा ने किया। स्कूल की प्रधानाचार्य शैली शर्मा तथा स्टाफ सदस्यों ने मुख्यातिथि का स्वागत किया तथा सम्मानिलत किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि को बच्चों ने सलामी दी। इस टूर्नामेंट में भिन्न भिन्न स्कूलों की 297 बच्चियां भाग ले रही हैं। इस टूर्नामेंट में वॉलीबाल, बास्केटबॉल, खो-खो, कबड्डी, बैडमिंटन आदि खेलों में बच्चियां अपना दमखम दिखाएंगी। मुख्यातिथि डॉ. पुष्पेन्द्र वर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमारे देश की बच्चियां भी किसी से कम नहीं हैं। इस अवसर पर स्कूल का स्टाफ, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य स्कूलों से आए हुए पीईटी, स्थानीय लोग, को-आर्डिनेटर किशोरी लाल, सह को-आर्डिनेटर अश्वनी कुमार व अनीता देवी उपस्थित रहे।

## भाजपा नेता नरेंद्र शर्मा की हृदय गति रुकने से मौत

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

जिला ऊना के प्रख्यात अधिवक्ता एवं भाजपा नेता नरेंद्र शर्मा का बुधवार को हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। वर्ष 2007 में वह विधानसभा चुनाव में विधानसभा क्षेत्र चिंतपूर्णी से भाजपा टिकट पर चुनाव में भी उतरे थे।मूलरूप से उपमंडल अंब के पंजोआ गांव के निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र शर्मा ने अपने वकालत के पेशे की शुरुआत उपमंडल न्यायालय परिसर अंब से शुरू की थी।



उनका नाम जिला ऊना के जाने-माने अधिवक्ताओं में शुमार था। वकालत के साथ-साथ उन्होंने राजनीति में भी खूब पहचान बनाई। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में उन्होंने कई साल पार्टी के लिए कार्य किया। वर्ष 2007 में पूर्व मंत्री प्रवीण शर्मा के स्थान पर भाजपा ने उनमें भरोसा जताते हुए उन्हें चुनाव मैदान में उतारा था। वकालत में भी उनका लंबा तजुर्बा रहा। बुधवार को भी एक केस के सिलसिले में वह गगरेट आए थे। यहां उन्होंने एक केस में उपमंडल मैजिस्ट्रेट की अदालत में बहस की। इसके बाद वह कुर्सी पर बैठे हुए थी कि अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई।

उनके साथ उनके भतीजे अधिवक्ता अनिल शर्मा व कई जूनियर वकील भी साथ थे। उन्हें तत्काल सिविल अस्पताल गगरेट लाया गया। यहां पर डाक्टरों ने उन्हें प्राथमिक उपचार उपलब्ध करवाने का प्रयास किया, लेकिन उन्हें बचाया न जा सका। उनके बेटे सन्नी मौदगिल प्रदेश उच्च न्यायालय में वकालत करते हैं तो बेटी धर्मशाला में प्रोफेसर के पद पर तैनात है। उनके निधन पर बार काउंसिल आफ अंब के अध्यक्ष नरेश ठाकुर, उपप्रधान वीनस जसवाल, वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश चौधरी, वरिष्ठ अधिवक्ता राज कुमार धनौटिया, वरिष्ठ अधिवक्ता मदन ठाकुर सहित तमाम अधिवक्ताओं के साथ पूर्व विधायक व जिला भाजपा अध्यक्ष बलवीर चौधरी, प्रदेश भाजपा सचिव एवं पूर्व विधायक राजेश ठाकुर, विधायक सुदर्शन बबलू, विधायक राकेश कालिया ने शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं प्रकट की हैं।

### सूडोकु 0047 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0046 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

5 सितंबर, 2024, वीरवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** भाद्रपद **तिथि** द्वितीयाः (12:23)**: नक्षत्र** उत्तरा फाल्गुनी (06:14), **पक्ष :** शुक्ल **योगः** शुभ (9:07) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:54-12:44), **राहुकाल** (01:53 -3:28)।

**विशेष दिन**

- 5 सितंबर 2024 : शिक्षक दिवस आज।
- 5 सितंबर 2024 : रामदेव दूज आज।

**मेषः** अपनी दिनचर्या में बदलाव लाएं। यश कीर्ति में वृद्धि होगी। कारोबार में लाभ बढ़ेगा। संतान पर ध्यान रखने की आवश्यकता है।

**वृषभः** दिन की शुरुआत शुभ संकल्पों से होगी। नए कारोबार में लाभ की आशंका कम है। करियर में निराश न हों, समय बदलेगा।

**मिथुनः** आपके काम करने के तरीको में सुधार की जरूरत है। आज धनागमन सहज होगा। लाभ होगा, स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

**कर्कः** कार्यस्थल पर स्थिति आप के पक्ष में बनेगी। परिवार में बुजुर्गो को स्वास्थ्य संबंधी समस्या बढ़ेगी। नौकरी में विवाद शांत होंगे।

**सिंहः** अपने पराए में फर्क समझें। दिनचर्या नियंत्रित रखें। किसी दूर के मित्र से मुलाकात फायदेमंद साबित होगी।

**कन्याः** कम बोलें पर अच्छा बोलें। शत्रु भी प्रशंसा करेंगे। बाहरी विवादों का असर परिवार पर न होने दें।

**तुलाः** सोच के परे कार्य होने से परेशानी बढ़ सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यस्थल का वातावरण पक्ष में होगा।

**वृश्चिकः** नौकरी में अशांति का वातावरण बनने के योग हैं। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। धोखा होने की आशंका है।

**धनु :** दिन चिंताजनक व्यतीत हो रहे हैं। मानसिक पीड़ा हावी रहेगी, पर इष्ट पर भरोसा रखें। संतान के स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**मकरः** पुराने मित्र से मुलाकात से लाभ के योग हैं, जो शुभ रहेगा। शत्रु परास्त होंगे। यात्रा के शुभ योग हैं।

**कुंभः** समय के साथ अपने आचार विचार में बदलाव करना पड़ेगा। सुख-शांति चाहते हो तो स्वयं के व्यवहार को बदलना पड़ेगा।

**मीनः** अपने आप पर विश्वास रखो दूसरों के भरोसे न रहें। आलस्य से बड़ा कोई शत्रु नहीं है। सजग रहें, सतर्क रहें।

**मंथन** अंदरौली में पर्यटन विकास पर खर्च होंगे 12.50 करोड़ : जतिन लाल

# कुटलैहड़ में पहली बार आयोजित होगा भव्य कार्निवाल

**अनंत ज्ञान, ऊना**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत गोबिंदसागर झील के किनारे स्थित पर्यटन स्थल अंदरौली में पर्यटन विकास पर करीब 12.50 करोड़ रुपए व्यय किए जाएंगे। इस धनराशि का उपयोग जेट स्कीइंग, कायाकिंग, नौकायन और यॉच जैसी विभिन्न जलीय मनोरंजक गतिविधियों के उपकरण खरीदने के लिए किया जाएगा, जिससे अंदरौली को पर्यटकों के लिए एक आकर्षक गंतव्य बनाया जा सके। इसके अलावा कुटलैहड़ में पहली बार भव्य कार्निवाल आयोजित होगा। यह जानकारी उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने कुटलैहड़ पर्यटन विकास समिति (केटीडीएस) की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

उपायुक्त ने बताया कि इन जलीय गतिविधियों के अलावा, स्थानीय व्यंजनों को बढ़ावा देने के लिए फूड वैन भी खरीदी जाएगी, साथ ही गरीब दास मंदिर के पास एक प्रतीक्षा स्थल (वेटिंग एरिया) विकसित करने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे पर्यटकों को और सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। बैठक में एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल, सीपीओ संजय सांख्यान, जिला पंचायत अधिकारी नीलम कटोच, बीडीओ बंगाणा सुशील कुमार सहित विभिन्न अधिकारी उपस्थित थे।


कुटलैहड़ पर्यटन विकास समिति (केटीडीएस) की बैठक में मौजूद गणमान्य।

### 15 सितंबर तक श्रद्धालुओं की पीर गौस मंदिर तक पहुंच सुनिश्चित करने के निर्देश

इसके बाद, उपायुक्त ने मंदिर पीर गौस पाक ग्यारहवीं वाला चंगर चौरिटेबल सोसायटी की बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें उन्होंने मंदिर में चल रहे 11 करोड़ 40 लाख रुपए की लागत से विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने मंदिर तक अस्थायी रास्ते के निर्माण को शीघ्र पूरा करने और 15 सितंबर तक श्रद्धालुओं की मंदिर तक पहुंच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, मंदिर के प्रथम और द्वितीय तल को लीज पर देने के लिए टेंडर शीघ्र बुलाए जाएंगे और मंदिर चैरिटेबल समिति ने आंगन को पक्का करने और चारदीवारी निर्माण के लिए 3 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की है।

### कार्निवाल से आरंभ होगा उत्सवधर्मी संस्कृति का नया अध्याय

उपायुक्त ने बताया कि अंदरौली में इस वर्ष पहली बार एक भव्य कार्निवाल का आयोजन किया जाएगा। यह कार्निवाल 25 से 31 दिसंबर तक चलेगा और इसमें जलक्रीड़ाएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्थानीय स्ट्रीट फूड स्टॉल और कैंडल कैंपिंग जैसी मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपने कुटलैहड़ दौरे में कार्निवाल के आयोजन को लेकर निर्देश दिए थे। उनके निर्देशानुरूप जिला प्रशासन इसकी तैयारियों में जुट गया है। उन्होंने बताया कि इस आयोजन से न केवल अंदरौली के पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि यहां की उत्सवधर्मी संस्कृति का भी एक नया अध्याय शुरू होगा। कार्निवाल में आयोजित होने वाली विविध गतिविधियां स्थानीय संस्कृति और पर्यटन को एक नया आयाम देंगी।

### चिंतपूर्णी महोत्सव के नाम पर जनता से ठगी : द्विवेदी



**अंब।** भाजपा मंडल चिंतपूर्णी के अध्यक्ष रवींद्र द्विवेदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जन भावनाओं की कदर करती है। जब-जब कांग्रेसी नेताओं द्वारा जन भावनाओं को ठेस पहुंचाई जाएगी तथा कुठाराघात होगा तो भाजपा मुखर होकर विरोध करेगी। उन्होंने कांग्रेसी नेताओं को सचेत करते हुए कहा की मां चिंतपूर्णी महोत्सव के नाम पर जनता से ठगी ही नहीं की जा रही, बल्कि राजस्व विभाग के कर्मचारी बाजार से गुंडा टैक्स इकट्ठा कर रहे हैं।

नगर पंचायत अंब के सभी पार्षदों को भी टैक्स लेने का आदेश किया गया है। सभी नियमों को ताक पर रखकर स्कूल खेल मैदान का नाम बदल कर मेला ग्राउंड अंब के नाम पर स्वीकृति दी गई है, जबकि माननीय उच्च न्यायालय द्वारा स्कूल ग्राउंड पर ऐसे कार्यक्रमों की मनाही है। कांग्रेस पार्टी के नेताओं को जनप्रतिनिधियों से बात करके चिंतपूर्णी के विकास को अधिमान देने की और बढ़ना चाहिए।

> शिक्षक कभी साधारण नहीं होता, प्रलय और निर्माण उसकी गोद में पलते हैं। -आचार्य चाणक्य

## संपादकीय

# शिक्षकों की महत्ता

शिक्षक दिवस पर आज फिर शिक्षकों का वंदन होगा। यह दिवस शिक्षा और शिक्षकों की महत्ता को समझने और उन्हें सम्मानित करने के लिए समर्पित है। शिक्षक को गुरु की संज्ञा यूं ही नहीं दी गई है, बल्कि आज के समय में भी शिक्षकों का बहुत महत्व है। शिक्षक हमें ज्ञान देने के साथ-साथ सामाजिक और नैतिक मूल्यों का भी पाठ पढ़ाते हैं। वह हमें नए विषयों और तकनीकों के बारे में सिखाते हैं। दरअसल, गुरु की महिमा का पूरा वर्णन करना बेहद कठिन है, क्योंकि उनकी महिमा अपरंपार है। शास्त्रों में गुरु की महिमा का बहुत बखान किया गया है। मॉडर्न भारत में सांसारिक अथवा पारमार्थिक ज्ञान देने वाले व्यक्ति को गुरु कहा जाता है। इनकी पांच श्रेणियां होती हैं।

शिक्षक-जो स्कूलों में शिक्षा देता है। आचार्य-जो अपने आचरण से शिक्षा देता है। कुलगुरु-जो वर्णाश्रम धर्म के अनुसार संस्कार ज्ञान देता है। दीक्षा गुरु-जो परंपरा का अनुसरण करते हुए अपने गुरु के आदेश पर आध्यात्मिक उन्नति के लिए मंत्र दीक्षा देते हैं। शिक्षक हमें अपने व्यक्तित्व को विकसित करने में मदद करते हैं। आज के मॉर्डन शिक्षकों और पुराने शिक्षकों में कुछ फर्क अवश्य आ गए हैं। मॉर्डन शिक्षकों की शिक्षण शैली अधिक आधुनिक और तकनीक पर आधारित होती है, जबकि पुराने शिक्षकों की शिक्षण शैली अधिक पारंपरिक होती थी। मॉर्डन शिक्षक ऑनलाइन कक्षाएं, डिजिटल सामग्री पर ज्यादा जोर देते हैं।

आजकल शिक्षकों का छात्रों के साथ संवाद अधिक खुला और मित्रवत हो गया है, जबकि पुराने शिक्षकों का संवाद अधिक औपचारिक होता था। मॉडर्न शिक्षकों की भूमिका अधिक मार्गदर्शक और सहायक होती है, जबकि पुराने शिक्षकों की भूमिका अधिक अधिकारपूर्ण होती थी। आजकल की शिक्षा पद्धति पहले की शिक्षा पद्धति की तुलना में अधिक मजबूत है। आजकल छात्रों पर व्यक्तिगत ध्यान दिया जाता है, जिससे वे अपनी जरूरतों के अनुसार सीख सकते हैं। शिक्षा पद्धति में व्यवहारिक शिक्षा पर अधिक जोर दिया जाता है, जिससे छात्रों को वास्तविक जीवन में उपयोगी कौशल सीखने में मदद मिलती है। यही नहीं, शिक्षकों की भूमिका अधिक मार्गदर्शक और सहायक होती है, जिससे छात्रों को सीखने में मदद मिलती है।

मूल्यांकन प्रणाली अधिक व्यापक और निष्पक्ष है, जिससे छात्रों की प्रगति का सही मूल्यांकन होता है। बलात्कार की घटनाओं की वजह से कई बार शर्मिंदगी होती है। गुरु-शिष्या की परंपरा में गुरु और शिष्य के बीच एक विशेष संबंध होता है, जिसमें गुरु शिष्य को ज्ञान और मार्गदर्शन प्रदान करता है, लेकिन जब कोई गुरु शिष्या के साथ बलात्कार जैसी घटनाएं को अंजाम देता है, तो गुरु-शिष्या परंपरा धूमिल हो जाती है। इस तरह की घटनाएं न केवल शिष्या के लिए दर्दनाक होती हैं, बल्कि यह गुरु-शिष्या की परंपरा के लिए भी खतरनाक हैं।

यह घटनाएं समाज में विश्वास की कमी को बढ़ाती हैं और लोगों को गुरु-शिष्या की परंपरा से दूर करती हैं। इसलिए, यह जरूरी है कि हम गुरु-शिष्या की परंपरा को सुरक्षित और सम्मानजनक बनाए रखने के लिए काम करें। इसके लिए हमें गुरु-शिष्या के बीच संबंधों को मजबूत बनाने के लिए काम करना चाहिए और ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने चाहिए। एक आदर्श शिक्षक गुणों का खजाना होता है। आदर्श शिक्षक विषय के ज्ञान में पारंगत होते हैं। वे छात्रों को सही दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। धैर्यवान होते हैं और छात्रों की समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुनते हैं। वे छात्रों के साथ सहानुभूति रखते हैं और उनकी भावनाओं को समझते हैं।

आदर्श शिक्षक निष्पक्ष होते हैं और छात्रों के साथ भेदभाव नहीं करते हैं। वे छात्रों को प्रेरित करते हैं और उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। आदर्श शिक्षक नवाचारी होते हैं और नए तरीकों से शिक्षा प्रदान करते हैं। वे विनम्र होते हैं और छात्रों के साथ विनम्र व्यवहार करते हैं। गुरुओं की महत्ता न तो कभी कम हुई है और न ही आगे होगी, क्योंकि तभी तो कहा है कि गुरु बिना गति नहीं होती। अर्थात गुरु के अभाव में कोई भी लक्ष्य सफलतापूर्वक प्राप्त नहीं किया जा सकता है। वेद व्यास जी ने भी महाभारत में गुरु की महिमा बताते हुए कहा है, 'जैसे ज्ञान-विज्ञान के बिना मोक्ष नहीं हो सकता, उसी प्रकार सद्गुरु से संबंध हुए बिना ज्ञान की प्राप्ति नहीं हो सकती। ■

# शिक्षक दिवस तक ही सीमित न रहे गुरु की महिमा

**शिक्षक दिवस पर विशेष**

भारतवर्ष में शिक्षक दिवस 5 सितंबर को बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। इस अवसर पर बहुत से सम्मान समारोह भी किए जाते हैं, लेकिन शिक्षक की महिमा शिक्षक दिवस तक ही सीमित न रह जाए, इसके लिए हमें गहराई से विचार करना होगा, क्योंकि आए दिन टीवी चैनलों और समाचार पत्रों में देखने और सुनने को मिलता है कि कहीं पर अध्यापक पर हमला किया गया, तो कहीं मारपीट की गई। जिससे शिक्षक वर्ग ही नहीं बल्कि पूरा समाज कलंकित होता है। इसलिए विद्यार्थियों को चाहिए कि घिनौनी हरकतें न करें, वे शिक्षक को इस तरह सम्मान दें, जिस तरह गुरुकुल में दिया जाता था और मेरा शिक्षक समाज से भी आग्रह है कि वे छात्रों की भावनाओं को पूरी तरह से समझे, ताकि वह कोई भी ऐसी घिनौनी हरकत पर न उतरे यही नहीं वे अपने बच्चों की तरह उसी नजर से देखें जिस तरह वे अपने बच्चों को देखते हैं और किसी भी तरह का अपराध करने से बचे। शिक्षक का हर मानव के जीवन में विशेष स्थान होता है। यह शिक्षक ही है, जो किसी मनुष्य को इंसान बनाता है।

शिक्षक का स्थान मानव जीवन में भगवान और माता-पिता से भी ऊपर है। यही वजह है कि शिक्षक के बारे में जितना भी कहा जाए कम ही है। तभी तो स्वयं कबीर दास जी इस विषय पर कहते हैं सब धरती कागज करूं, लिखनी सब बनराय। सात समुद्र की मसि करूं, गुरु गुण लिखा न जाए॥ इसका अर्थ यह है कि यदि संपूर्ण पृथ्वी को कागज के रूप में परिवर्तित कर दिया जाए, साथ ही सातों समुद्र की स्याही बना ली जाए और क्यों न सभी जंगलों की कलम भी बना ली जाए, लेकिन इसके बावजूद शिक्षक की महिमा का संपूर्ण गुण-गान किया जा सके, यह मुमकिन नहीं है। भारत में प्राचीन काल से ही गुरु-शिष्य की परंपरा का बहुत अधिक महत्व रहा है। हमारी संस्कृति के निर्माण में गुरु-शिष्य परंपरा का बहुत अधिक योगदान है। मानव के जीवन निर्माण के सभी स्तंभों में शिक्षक सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ है। शिक्षक अपने शिष्य के जीवन के साथ-साथ उसके चरित्र निर्माण में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कहा जाता है कि इंसान की सबसे पहली गुरु उसकी मां होती है, जो अपने बच्चों को जीवन प्रदान करने के साथ-साथ जीवन के आधार का ज्ञान भी देती है।



लेखक : डॉ. मनोज डोगरा
प्राध्यापक, बड़सर कॉलेज

इसके बाद अन्य शिक्षकों का स्थान होता है। किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व का निर्माण करना बहुत ही विशाल और कठिन कार्य है। व्यक्ति को शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उसके चरित्र और व्यक्तित्व का निर्माण करना उसी प्रकार का कार्य है, जैसे कोई कुम्हार मिट्टी से बर्तन बनाने का कार्य करता है। भारत में भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्ण के जन्म दिवस अर्थात 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। उन्होंने अपने छात्रों से अपने जन्म दिवस पर शिक्षक दिवस मनाने की इच्छा जताई थी। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राधाकृष्णन का जन्म 5 सितंबर, 1888 को तमिलनाडु के तिरुमनी गांव में एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। वे बचपन से ही किताबें पढ़ने के शौकीन थे और स्वामी विवेकानंद से काफी प्रभावित थे। डॉ. राधाकृष्णन का निधन चेन्नई में 17 अप्रैल, 1975 को हुआ था। भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्ण के सम्मान में ही उनके जन्म दिवस पर भारत में शिक्षक दिवस मनाने की शुरुआत हुई।

भारत में सबसे पहले शिक्षक दिवस 5 सितंबर, 1962 को मनाया गया था। वैसे तो विश्व भर में 100 से भी अधिक देशों में शिक्षक दिवस मनाया जाता है, मगर अन्य देशों में यह दिवस अलग-अलग दिन पर मनाया जाता है। भारत में यह दिवस 5 सितंबर को मनाया जाता है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षक दिवस 5 अक्तूबर को संयुक्त राष्ट्र के तत्वावधान में मनाया जाता है। इस दिन विश्व के सभी शिक्षकों को उनके बहुमूल्य योगदान के लिए याद किया जाता है। गुरु की भूमिका प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में महत्वपूर्ण रहती है, लेकिन आज के समय में शिक्षक के सम्मान दायित्व को कुछ लोग भ्रष्ट आचरण से कलंकित कर रहे हैं तो कुछ लोग गुरुओं का अपमान कर प्राचीन काल से ही भारत की परंपरा रही गुरु-शिष्य परंपरा को समाप्त करते जा रहे हैं जो कि बेहतर समाज के भविष्य के लिए संकट व चुनौती है इसे पार पाना होगा, क्योंकि वो कहा जाता है न ,'गुरु बिना ज्ञान नहीं होता'। शिक्षक एक ऐसा औदा है जिसे हमेशा आदर्शात्माक रूप से देखा जाता है ,प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में अनेक ऐसे शिक्षक होते हैं जिनके व्यक्तितत्व से ही व्यक्ति पर इतना प्रभाव पड़ता है कि विद्यार्थी के व्यक्तितत्व व चरित्र में भी एक शिक्षक के गुण दिखने लग जाते हैं, यही एक सच्चे शिक्षक की निशानी होती है जो शिक्षक अपने चरित्र व व्यक्तित्व से अपने विद्यार्थी को प्रभावित न कर पाए ,उन शिक्षकों की छाप विद्यार्थी पर नहीं छप पाती शिक्षण क्षेत्र आधुनिक समय में एक बहुत बड़ा व्यापक क्षेत्र है, लेकिन इस क्षेत्र में सच्चे शिक्षकों की भारी कमी है।

शिक्षण जैसे आदर्श क्षेत्र को एक व्यवसाय के रूप में बहुत से स्वार्थी लोगों ने तब्दील कर दिया है, लेकिन तब भी आज के दौर में शिक्षण को एक व्यवसाय मान लेने के बाद भी शिक्षण व शिक्षक के गहरे अर्थों में देखें तो यह केवल मात्र एक व्यवसाय नहीं है एक सच्चा शिक्षक अपने शिक्षण द्वारा पूरे समाज में ज्ञान का प्रकाश फैलाता है। हमारे भीतर सामाजिक एवं नैतिक मूल्य रोपता है और इस तरह सुसंस्कृत समाज और सशक्त राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देता है। यही कारण है कि शिक्षकों को राष्ट्र निर्माता भी कहा जाता है। शिक्षकों के इसी योगदान को याद करने के लिए हम हर वर्ष डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के जन्मदिवस के अवसर पर 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाते हैं, लेकिन शिक्षकों को आदर-सम्मान देने की बात करे, तो आज न जाने युवा समाज के मन में क्या विकृति आ गई है पुराने समय में शिक्षको के प्रति इतना आदर भाव होता था कि शिक्षक के सामने गर्दन उठाने की हिमाकत बच्चे नहीं करते थे, लेकिन आज बाजार में कहीं शिक्षक दिख जाए, तो ऐसे घमंड में निकलेगे न जाने सामने से कौन आ गया हो! पांव छूने की तो बात छोड़ ही दो नमस्कार कर दे वही बहुत बड़ी बात है, उल्टा शिक्षक को ही धमका कर चले जाते हैं इस विकारी सोच को युवाओं को बदलना होगा और गुरू को आदर-सम्मान देने के आदर्श गुणों को अपने व्यक्तितत्व में उतारना ही होगा क्योंकि गुरु जीवन को नई दिशा प्रदान करता है। शिक्षक उस नारियल की भांति होता है जो बाहर से कठोर होता है, लेकिन अंदर से कोमल होता है, शिक्षक एक ऐसा नाम जिस नाम में ही शिक्षा-शिक्षण व ज्ञान का बोध होने लगता है। महान संत कबीरदास ने गुरु के महत्वता का इस तरह से व्याख्यान किया है-

गुरू गोविन्द दोऊ खडे का के लागु पाँव,
बलिहारी गुरू आपने गोविन्द दियो बताय।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# हंसना, मुस्कुराना बहुत जरूरी है जी

भारतीय दर्शन व अन्य कई गंभीर, श्रेष्ठ, बहुत उच्चकोटि की पुस्तकें लिखने वाले विश्व प्रसिद्ध अध्यापक, लेखक, दार्शनिक, व्यवहारकुशल नेता डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी उनके महान हास्यरस के लिए भी बहुत लोकप्रिय थे। भारत के उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के अध्यक्ष होने के नाते डॉ. सर्वपल्ली जी वहां बहस का संचालन कर रहे थे। भारतीय संसद के उच्च सदन राज्यसभा में तलाक के नियम बनाने संबंधित चर्चा-परिचर्चा हो रही थी।



लेखक : मुमुक्षु के ठाकुर
मतियारा , मसरूंड , चंबा

राज्यसभा के एक माननीय सदस्य ने बहुत ही गंभीरता से सुझाव दिया कि तलाक के लिए जरूरी शर्तों में 'अगर पति पागल हो' के स्थान पर 'अगर पति का दिमाग ठीक न हो' वाले शब्दों का प्रयोग किया जाना चाहिए। इससे पहले कि वे आगे कुछ बोलते, सभापति डॉ. राधाकृष्णन जी ने तुरंत सुधार किया, 'पर , ऐसा तो हम सभी का ही है ( दिमाग ठीक न होना ) कम से कम हमारी अपनी-अपनी पत्नियों की नजर और विचार में !' डॉ. साहब के ऐसा कहते ही राज्यसभा का सारा कक्ष जोरदार हंसी के ठहाकों से गूंज गया। लगभग सभी सदस्यों के हंसी के मारे पेट में बल पड़ गए, उन सुझाव वाले सदस्य सहित! भला इससे आगे कोई क्या सुझाव दे पाते? इस विषय पर महात्मा गांधी जी ने भी कहा/लिखा है, 'अगर मुझमें हास्यरस की भावना न होती तो मैं कब का ही मर गया होता!' इनके साथ ही विश्व के और कई महामानव यथा बीरबल, तेनालीराम, शेक्सपीयर, चार्ल्स डिकन्स, वुडरो विल्सन, जार्ज लॉयड , मुंशी प्रेमचंद, अटल बिहारी वाजपेयी जी व अन्य कई महान व्यक्तित्व मानव जीवन में हास्यरस के महत्व और अनिवार्यता को बहुत गहराई से समझते रहे हैं।

यदि गंभीरता से संसार के महामानवों का ईमानदारी से अनुकरण व अनुशरण किया जाए, तो हंसना, मुस्कराना प्रत्येक मनुष्य के लिए बहुत ही ज़रूरी है। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी भी विश्व की उन महान विभूतियों में से एक थे। अग्रिम रूप से ही क्षमा चाहता हूं, लेकिन इस विषय पर एक दोहा मैंने भी लिख मारा है-

रोना-धोना छोड़कर , तनिक दियो मुस्काए ।
शत्रु होवें पस्त-त्रस्त , और मित्र गले लगाए ।।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## कविता



### शिक्षक शत्-शत् नमन तुम्हें

डॉ. कौमार्या मनोज

*हे शिक्षक शत् शत् नमन तुम्हे ।*
*तुम सबका मान बढ़ाते हो ।।*
*जहां लोग बसाते घर अपना ।*
*तुम हो जो राज्य बसाते हो।।*
*चाह के भी क्या लिखूं तुमपे ।*
*तुमने लाखों को लिखा है।।*
*तुमसे सीखा पढ़ना लिखना।*
*पल पल जीना, तुमसे सीखा है।।*
*माता ने दी जीवन मुझको ।*
*पिता से है मेरी पहचान ।।*
*तुमसे होता ज्ञान का अर्जन।*
*तुमसे होता मान-सम्मान ।।*
*तू इस देश की जान है प्यारे ।*
*गौरव तुमसे है सारा जहान।।*
*निर्भर जो तुमपे , बना के काबिल।*
*देता उसको , उसका मान ।।*
*कभी तू माता, कभी पिता तू ।*
*कभी दोस्त बन जाते हो ।।*
*तू भगवान से पहले भगवन ।*
*परिचय मेरा मुझसे करवाते हो।।*
*हे शिक्षक नित नित नमन तुम्हे।*
*तूने सबका मान बढ़ाया है ।।*
*जहां लोग बसाते घर अपना ।*
*तूने तो राज्य बसाया है।।*

# शिक्षा की नीति और नीयत बदलने से बढ़ रही बेरोजगारी

शिक्षा मनुष्य जीवन के सर्वांगीण विकास के लिए सबसे पहली सीढ़ी है। इसलिए शिक्षा अत्यधिक जरूरी है। जैसी शिक्षा और संस्कार होंगे वैसा ही जीवन का निर्माण होगा। शिक्षा के साथ संस्कार और राष्ट्र प्रेम भी अत्यंत आवश्यक है। अन्यथा उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी आतंकी होने के उदाहरण देखे जा सकते हैं। इसलिए विभिन्न देशों में अपनी नीति रीति, संस्कृति और जीवन दर्शन के अनुसार बच्चों को शिक्षा दी जाती है। अधिकांश देशों में अपने देश का गौरवपूर्ण इतिहास पढ़ाया जाता है, जो विद्यार्थियों को आदर्श रूप में प्रेरणा प्रदान करता है, जबकि भारत में गुलामी, विदेशियों के इतिहास को बढ़ा-चढ़ाकर पढ़ाने की नीति रही है और अपने देश की संस्कृति, सभ्यता, जनजीवन के प्रति हीन भावना शिक्षा के माध्यम से प्रदान की जा रही है। जिसके दुष्परिणाम सबके सामने हैं। इसके विपरीत चीन, अमेरिका, जर्मन, फ्रांस तथा अन्य देशों में प्रारंभिक अवस्था में ही व्यावसायिक और नैतिक शिक्षा पर जोर दिया जाता है। बच्चे देश की नींव हैं।

अगर नींव ही कमजोर हुई, तो उस पर मजबूत इमारत का टिका रह पाना संभव नहीं होता है। शिक्षा देश के भविष्य के निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। चीनी शिक्षा प्रणाली को दुनिया की सबसे कठिन और सफल शिक्षा प्रणालियों में से एक माना जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को शुरू से ही अनुशासन, परिश्रम और ज्ञान की दिशा में प्रेरित करना है। चीन में शिक्षा की शुरुआत किंडरगार्टन से होती है, जहां बच्चों को बुनियादी सामाजिक कौशल और प्रारंभिक शिक्षा दी जाती है। इसके बाद, बच्चों को छह साल की उम्र में प्राथमिक विद्यालय में दाखिला दिया जाता है।

प्राथमिक शिक्षा में चीनी भाषा, गणित, नैतिक शिक्षा, शारीरिक शिक्षा और कला जैसे विषयों पर जोर दिया जाता है। इस स्तर पर बच्चों को गहन पढ़ाई के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को अपनाने और अनुशासन में बने रहने की शिक्षा दी जाती है। स्कूली शिक्षा के दौरान बच्चों को क्रियात्मक शैक्षणिक और व्यावहारिक ज्ञान दिया जाता है, जिससे वे उच्च शिक्षा के लिए तैयार हो सकें। इस स्तर पर छात्रों को अपनी रुचियों और क्षमताओं के अनुसार विषयों का चयन करने की स्वतंत्रता भी दी जाती है, जबकि भारत में माता-पिता बच्चों पर अपनी सोच को लादने का काम करते हैं और हर कोई अपने बच्चों को डॉक्टर इंजीनियर बनाकर विदेशों में भेज कर वहीं सैटल करवाना चाहता है और सफल न होने पर तनाव में जीना पड़ता है। कुछ देशों में स्कूल के बाद प्रवेश परीक्षा के परिणाम के अनुसार छात्रों के लिए उच्च शिक्षा तथा भविष्य के करियर की दिशा तय की जाती है, जबकि भारत में इस तरह की कोई भी व्यवस्था नहीं है। यहां अभी बच्चे पेट में होते हैं और स्कूल में एडमिशन करवानी पड़ती है। खेलने की उम्र में पीठ पर भारी बैग रख दिया जाता है। होमवर्क का बोझ अलग। माता पिता को अपने बच्चों को स्कूल भेजने तथा लाने के साथ होमवर्क और फ्रूट तथा लंच की व्यवस्था करनी पड़ती है।



लेखक : डॉ. कर्म सिंह
देव सदन गांव, जिला शिमला

बच्चों के साथ माता-पिता की पढ़ाई भी शुरू हो जाती है। उसके बाद ट्यूशन और कोचिंग का बोझ अलग से। यहां विद्यार्थियों को कई कठिन और महंगी प्रतियोगिताओं में से गुजरना पड़ता है। जनसंख्या की बढ़ोतरी और शिक्षा के क्षेत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार तथा सामाजिक विसंगतियों के कारण युवा वर्ग के लिए भारी कंपटीशन और असफलता तनाव का कारण बनता जा रहा है। अनुशासन और परिश्रम के साथ अध्ययन में पूरी तरह से समर्पण और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत जरूरी है। इसके अलावा, माता-पिता का भी बच्चों की शिक्षा में एक महत्वपूर्ण योगदान रहना चाहिए।

उन्हें ट्यूशन और कोचिंग के दम पर ही सफलता नहीं दिलाई जा सकती है। उसके लिए घर परिवार का माहौल भी अनुकूल होना जरूरी है। वस्तुत: बच्चों की शिक्षा एक गहन, अनुशासित और प्रतिस्पर्धी प्रक्रिया है जो उन्हें भविष्य के लिए तैयार करती है। हालांकि, इसे और अधिक संतुलित और समग्र बनाने के लिए सुधारों की आवश्यकता हो सकती है, ताकि बच्चे न केवल शैक्षणिक दृष्टिकोण से बल्कि मानसिक और भावनात्मक दृष्टिकोण से भी सशक्त बन सकें। भारत में शिक्षा के नाम पर किताबों का भारी बोझ लादकर शिक्षा को व्यापार बना दिया गया है। कुछ को मदरसों की शिक्षा देकर कट्टरपंथी बनाया जा रहा है। कुछ को अंग्रेजी और अंग्रेजियत का दीवाना बनाया जा रहा है। जिससे अपने देश की माटी, संस्कृति और परंपराओं के प्रति लगाव कम होता जा रहा है। निजी स्कूलों में धन कमाने की होड़ लगी है। सरकारी स्कूलों में भारी भरकम वेतन और सुविधाओं को भोगने वाले शिक्षक शिक्षा देने के प्रति उदासीन हैं। कागजी कार्यवाही और औपचारिकताओं में शिक्षकों का अधिकांश समय बर्बाद होता है और शिक्षा का उद्देश्य पूर्ण होना कठिन होता जा रहा है। शिक्षक को चुनाव, जनगणना और अन्य कार्यों में उलझा दिए जाने से भी शिक्षा पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। अध्यापकों की स्थानांतरण की नीति से स्कूलों में कहीं पद खाली पड़े रहते हैं और कहीं जरूरत से ज्यादा सरप्लस शिक्षकों की भीड़ देखी जा सकती है जिनका मकसद अपनी सुविधाओं के लिए जुगाड़ बिठाना अधिक रहता है, शिक्षा पर काम। शिक्षा में राजनीति की घुसपैठ दुर्भाग्यपूर्ण है जो सुविधाएं जुटाने में कम और उठा पटक में ज्यादा चिंतित रहती है। वर्तमान में ऐसा भी लगता है कि शिक्षा का उद्देश्य बच्चों के जीवन का निर्माण नहीं केवल धन कमाना और राजनीति करना मात्र हो गया है। अमेरिका, रूस और यूरोपीय देशों में शिक्षा को राजनीति से अलग रखकर सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है और वहां के सामाजिक जनजीवन तथा राष्ट्रीय के अनुसार विद्यार्थियों को तैयार किया जाता है जबकि भारत में सरकार के साथ-साथ शिक्षा की नीति और नियत भी बदलती रहती है। बेरोजगारों की कतार और लंबी होती जा रही है। इससे युवाओं में तनाव बढ़ता रहेगा और सामाजिक असंतुलन बढ़ेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन विद्वान, शिक्षाविद्, दार्शनिक व सर्वधर्म विचारक व्यक्तित्व

बहुत ही कम ऐसे व्यक्तित्व वाले लोग( विद्वान, शिक्षाविद्, दार्शनिक व सर्वधर्म विचारक) राजनीति में देखने को मिलते हैं, जैसे कि हमारे शिक्षा विद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी रहे हैं। विश्व इतिहास में कोई बिरली ही ऐसी मिसाल होगी। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी का जन्म 5 सितंबर,1888 को ब्राह्मण परिवार में माता श्रीमती सीताम्मा व पिता सर्वपल्ली विरस्मियाह के यहां तिरूतनी गांव में हुआ था। तिरूतनी गांव चिनेई के जिला चितूर में पड़ता है। उस समय( 1960 तक) यह गांव तिरूतनी आंध्र प्रदेश में पड़ता था।

डॉ. राधा कृष्णन के चार भाई व एक बहन थी। इनके नाम के आगे सर्वपल्ली इसलिए लगाया जाता है, क्योंकि इनके पुरखे पीछे सर्वपल्ली क्षेत्र से संबंध रखते थे। इनकी प्रारंभिक शिक्षा 1896 से 1900 तक तिरूतनी के लुर्थन मिशन स्कूल तिरुपति में हुई थी। फिर 1900 से 1904 तक की शिक्षा, बैंगलोर से प्राप्त करने के पश्चात आगे की शिक्षा के लिए वे मद्रास क्रिश्चियन कॉलेज चले गए। 8 मई,1903 को जब बालक राधा कृष्णन की आयु अभी 14 वर्ष की ही थी, तो इनकी शादी 10 वर्ष की लड़की सिवाकामू से करवा दी, क्योंकि उस समय छोटी आयु में ही शादी करवा देते थे। 1907 में छात्र राधा कृष्णन स्नातक की परीक्षा (कला संकाय) में प्रथम स्थान प्राप्त करके मनोविज्ञान, इतिहास व गणित विषयों में विशेष योग्यता टिप्पणी के साथ सफल रहे और फिर से छात्रवृत्ति भी प्राप्त की। 1908 में डॉ. राधा कृष्णन के यहां बेटी का जन्म हुआ और उसका नाम सुमित्रा रखा गया। 1909 में दर्शनशास्त्र में एमए कर लेने के पश्चात अपनी शिक्षा को आगे जारी रखने के लिए इन्होंने कुछ समय के लिए ट्यूशन पढ़ाने का काम भी किया और फिर इसके शीघ्र बाद 1918 में मैसूर में सहायक प्रोफेसर के पद पर नियुक्त हो गए, बाद में वहीं प्रोफेसर के रूप में कार्य करने लगे। विद्वान शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन वर्ष 1931 से 1936 तक आंध्र प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में कार्यरत रहे। फिर 1939 से लेकर 1948 तक बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के कुलपति का कार्य देखते रहे।



लेखक : डॉ. कमल के प्यासा
लोअर समखेतर, मंडी

साथ ही साथ 1936 से 1952 तक ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में प्राध्यापक का कार्य भी करते रहे, इस मध्य वर्ष 1946 में इनकी नियुक्ति यूनेस्को में भारतीय प्रतिनिधि के रूप में हो गई। वर्ष 1947 से 1949 तक डॉ. राधा कृष्णन संविधान निर्माण समिति के सदस्य भी रहे। आगे वर्ष 1949 से 1952 तक भारत के राजदूत के रूप में मास्को (रूस) में कार्यरत रहे। वर्ष 1960 तक डॉ. साहिब ने आंध्र प्रदेश के गवर्नर के रूप में भी अपनी सेवाएं दीं। वर्ष 1952 से देश के पहले उपराष्ट्रपति के रूप में भी अपनी सेवाएं देते रहे। इसके पश्चात वर्ष 1962 से 1967 तक देश के दूसरे राष्ट्रपति के रूप में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन अपने देश की सेवा में समर्पित रहे। इसके साथ ही साथ वर्ष 1953 से 1962 तक दिल्ली विश्वविद्यालय में उपकुलपति का कार्य भी देखते रहे। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की कई उपलब्धियां रही हैं, जिनमें वर्ष 1954 का भारत रत्न सम्मान भी आ जाता है।

दसवीं करने से पूर्व,12 वर्ष की आयु में जब इन्होंने पवित्र पुस्तक बाइबल के कुछ अंशों को पूरी तरह से कंठस्थ कर लिया तो इनका बड़ा मान सम्मान किया जाने लगा और बाद में इन्हें विशेष रूप से सम्मानित भी किया गया। इसके पश्चात इन्हें कई संस्थानों व विश्वविद्यालयों से मानद डिग्रियां व सम्मान भी दिए गए और दर्शनशास्त्र, भारतीय संस्कृति, धर्म व मनोविज्ञान पर भाषणों के लिए भी आमंत्रित किया जाता रहा। मैनचेस्टर व लंदन में इनको भाषणों के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। एक बार जब डॉ. राधाकृष्णन जी से उनके विद्यार्थियों ने, उनके जन्मदिन को मनाने की बात की, तो डॉ. साहिब ने कह दिया कि जन्मदिन तो चलते ही रहते हैं तुम आज के दिन को, इसे शिक्षक दिवस के रूप में मना लो अच्छा रहेगा ,तभी से डॉ. राधाकृष्णन जी के जन्मदिन को अध्यापक दिवस के रूप में मनाने लगे हैं।

डॉ. राधाकृष्णन जी ने 40 वर्ष तक अपनी सेवाएं एक अध्यापक के रूप में विभिन्न शिक्षण संस्थानों में देकर न जाने कितने ही विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करके उन्हें अपने चिंतन से अवगत करवाया है। उनका कहना था कि विद्यार्थी ही शिक्षा का केंद्र होता है, इस लिए विद्यार्थियों में नैतिक, बौद्धिक, आध्यात्मिक, सामाजिक व व्यावसायिक आदि मूल्यों का संचरण अवश्य होना चाहिए। उनका यह भी कहना था कि सुख-दुख दोनों साथ ही चलते हैं, स्थिति हमेशा एक सी नहीं रहती, परिवर्तन चलता रहता है। मृत्यु परम सत्य है, इसके लिए सभी बराबर हैं, क्या अमीर तो क्या गरीब। कुछ भी हो ,कभी भी हो लेकिन राष्ट्र निर्माता तो एक अध्यापक ही होता है जो तराश तराश कर और जी तोड़ परिश्रम के साथ राष्ट्र के सच्चे नागरिकों को घड़ कर आगे लता है और अपने आप में गर्व अनुभव करता है।इसके लिए अध्यापक दिवस पर मेरा अपने सभी गुरुजनों को कोटि कोटि नमन।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# आज के दिन की प्रमुख हस्ती

## भारत के दूसरे राष्ट्रपति

**डॉ. सर्वपल्ली** राधाकृष्णन स्वतंत्र भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति और दूसरे राष्ट्रपति थे। उन्होंने डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाया। उनका कार्यकाल 13 मई 1962 से 13 मई 1967 तक रहा। उनका नाम भारत के महान राष्ट्रपतियों की प्रथम पंक्ति में सम्मिलित है। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व के लिए संपूर्ण राष्ट्र इनका सदैव ऋणी रहेगा। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म तमिलनाडु के तिरूतनी ग्राम में हुआ था। इनका जन्मदिवस 5 सितंबर आज भी पूरा राष्ट्र 'शिक्षक दिवस' के रूप में मनाता है। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन भारतीय संस्कृति के ज्ञानी, एक महान् शिक्षाविद, महान् दार्शनिक, महान् वक्ता होने के साथ ही साथ विज्ञानी हिंदू विचारक थे। डॉक्टर राधाकृष्णन ने अपने जीवन के 40 वर्ष एक शिक्षक के रूप में व्यतीत किए थे। वह एक आदर्श शिक्षक थे। उस समय मद्रास के ब्राह्मण परिवारों में कम उम्र में ही शादी संपन्न हो जाती थी और राधाकृष्णन भी उसके उपवाद नहीं रहे। 1903 में 16 वर्ष की आयु में ही उनके विवाह दूर के रिश्ते की बहन 'सिवाकामू' के साथ संपन्न हो गया। उस समय उनकी पत्नी की आयु मात्र 10 वर्ष की थी। अत: तीन वर्ष बाद उनकी पत्नी ने उनके साथ में रहना आरंभ कर दिया। यद्यपि उनकी पत्नी सिवाकामू ने परंपरागत रूप से शिक्षा प्राप्त नहीं की थी, लेकिन उनका तेलुगु भाषा पर अच्छा अधिकार था। वह अंग्रेज़ी भाषा भी लिख-पढ़ सकती थीं। 1908 में राधाकृष्णन दंपति को संतान के रूप में पुत्री की प्राप्ति हुई। ■



डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन
जन्म : 5 सितंबर, 1888
मृत्यु : 17 अप्रैल, 1975

## अपनी बात

**देशभर** में राष्ट्रीय शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया जाता है। यह दिवस देश के महान शिक्षाविद् और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के मौके पर मनाया जाता है। इस दिन हम शिक्षकों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करते हैं। शिक्षक ही वे मार्गदर्शक होते हैं, जो हमें सही दिशा दिखाते हैं। हमारे ज्ञान को बढ़ाने का काम करते हैं। हमें जीवन के कठिन मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं।

उनकी मेहनत का फल हम अपने जीवन में पाते हैं। आज इस अवसर पर मैं अपने सभी शिक्षकों को धन्यवाद देना चाहता हूं। उनका योगदान अमूल्य है। हम उनका सम्मान करते हैं। हम राष्ट्रीय शिक्षक दिवस महान शिक्षक और पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के रूप में मनाते हैं। इस दिन हमारे पास मौका होता है कि शिक्षकों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त कर सकें। शिक्षक समाज की रीढ़ होते हैं। वे हमारे जीवन के पहले गुरु होते हैं, जो हमें केवल पाठ्यक्रम का ज्ञान ही नहीं, बल्कि जीवन की सच्ची शिक्षा भी देते हैं। वे हमें सही और गलत का अंतर सिखाते हैं।

-अंशिका,मटौर

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# छतों का पानी सीवरेज लाइन में डाला तो कटेगा कनेक्शन

**रितेश चौहान, सरकाघाट**



घरों और दुकानों के स्लैब व छतों पर इकट्ठा होने वाला बारिश का पानी सीवरेज चैंबर और पाइपों में डालने और चोरी-छिपे हाईवे पर सड़क किनारे बनाई गई नालियों में सीवरेज डालने को लेकर जल शक्ति विभाग ने कड़ी कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। शहर भर में कई लोगों द्वारा बारिश का पानी सीवरेज पाइप और चेंबर में डालने के बाद जल शक्ति विभाग के दोनों ट्रीटमेंट प्लांट में अतिरिक्त भार आ जाने के कारण फेल हो गए हैं।

इसके अलावा शहर में जगह-जगह बने चैंबर भारी मात्रा में पानी एकत्रित होने के कारण ओवरफ्लो हो रहे हैं जिस कारण लोगों के घरों सड़कों व्यावसायिक परिसरों और रास्तों में मल निकासी का गंदा पानी खुले में बह रहा है, जिससे महामारी फैलने का भी अंदेशा बना हुआ है। जल शक्ति विभाग के सहायक अभियंता अनिल शर्मा ने कहा की सार्वजनिक तौर पर सूचना देने के बाद भी लोग विभाग की नहीं सुन रहे हैं और मल निकासी के लिए बनाई गई नालियों में बारिश का पानी डाल रहे हैं।

उन्होंने बताया कि सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में डिजाइन से ज्यादा पानी एकत्रित होने के कारण ट्रीटमेंट प्लांट काम नहीं कर रहें हैं। लोगों द्वारा बरसात का पानी इन चेंबर में डाल देने से चैंबरों को काफी नुकसान पहुंचा है। विभाग द्वारा ट्रीटमेंट प्लांट और चैंबरों को बचाने के लिए ही कड़े कदम उठाने का निर्णय लिया है।

विभाग ने कहा है कि अधिकारी और कर्मचारी लोगों के घरों और व्यावसायिक परिसरों का निरीक्षण करेंगे, जिस किसी ने भी व्यक्ति ने सीवरेज पाइपों में बरसात का पानी डालने के लिए पाइप लगाई होगी तो उससे सीवरेज के लिए अप्लाई करने से लेकर आज तक की पेनल्टी वसूली जाएगी। इसके अलावा उसका पेयजल कनेक्शन भी काट दिया जाएगा। विभाग यह भी कहा कि किसी भी व्यक्ति का नालियों में बिना अनुमति के छत के पानी और टॉयलेट का कनेक्शन पकड़ा गया तो विभाग उन्हें नहीं बख्शेगा। (अनंत ज्ञान)

### शिकायत के लिए जारी किया ईमेल और मोबाइल नंबर

**सरकाघाट** जल शक्ति विभाग ने पीपो और चेंबर में ओवरफ्लो पानी डालने की शिकायत को लेकर ईमेल *eeiphskt@gmail.com* और मोबाइल 9805013540 जारी किया है, जिस पर सुबह 10 से लेकर दोपहर 1.30 बजे और ढाई से 5 बजे तक शिकायत दर्ज करवाई जा सकती है।

### एक हफ्ते में हटाएं पाइपें

**अधिशाषी** अभियंता जल शक्ति विभाग सरकाघाट विवेक हाजिरी ने कहा की लोगों द्वारा डाली गई अनाधीकृत पाइपों से चेंबरों के साथ-साथ प्लांट पर ओवरलोड पड़ रहा है एक हफ्ते में पाइपें ना हटाई तो सीवरेज के साथ पेयजल कुनेक्शन भी काट दिया जाएगा उन्होंने शहर वासियों से ऐसे लोगों की विभाग को सूचना देने का आग्रह किया है।

# भादो 20 के पवित्र स्नान में हजारों ने लगाई डुबकी

**कविता, पधर**

### संतान प्राप्ति के लिए महिलाओं ने फैलाया आंचल



हिमरी गंगा सरोवर स्थल में स्नान करने के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

उपमंडल मुख्यालय पधर के हिमरी गंगा में भादो 20 के पवित्र स्नान के लिए बुधवार सुबह 4 बजे से ही श्रद्धालुओं का आना-जाना शुरू हो गया। हालांकि, सुबह के मौसम खराब था, लेकिन दोपहर होते-होते मौसम बिलकुल साफ हो गया और स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दिखाई दी।

मान्यता के अनुसार मां हिमरी गंगा में निसंतान को संतान सुख की प्राप्ति होती है। ऐसे अनेक दृश्य इस दिन हिमरी गंगा के सरोवर के पास देखने की मिले। संतान सुख की प्राप्ति के लिए महिलाओं ने अखरोट, दाढू व फूल सरोवर में फेंके और पानी में अपना आंचल फैलाकर संतान सुख के लिए मन्नतें मांगीं। सरोवर के पानी में स्वयं द्वारा फेंके गए अखरोट, दाढू व फूल पानी में तैरते हुए महिला के आंचल में आ जाए तो उसे मां के आशीर्वाद से संतान सुख की प्राप्ति होती है। दूर-दूर से लोग जातर लेकर भादो 20 को मन्नत चढ़ाने यहां पहुंचे और स्नान करने के पश्चात साथ में ही बने मां गंगा व भोलेनाथ के मंदिर में पूजा-अर्चना करके श्रद्धालुओं की मंडलियां भजन-कीर्तन कर पूरे वातावरण को भक्तिमय बना देते हैं।

श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए परिवहन निगम ने पधर मुख्यालय से मेला स्थल तक आने जाने के लिए बसों को लगा रखा था। मार्ग तंग होने की वजह से व बड़ी बसों के कारण एक दो स्थानों पर यात्रियों को जाम का सामना भी करना पड़ा। वहीं हिमरी गंगा से सीधे नीचे नारला में एक गुप्त गंगा है, जहां गुफा के अंदर भी यही जलधारा निकलती है। यहां भी श्रद्धालु इस पावन दिवस पर स्नान करते हैं। (अनंत ज्ञान)



# खराब मौसम भी पस्त न कर पाया शिव भक्तों के हौसले

**मुकेश शर्मा, डलहौजी**



हिमाचल प्रदेश में मौसम के पूर्वानुमान के अनुसार जिला चंबा में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त दिख रहा है। बता दें की इसका प्रभाव सीधा मणिमहेश यात्रा पर भी पड़ा है। बारिश को लेकर मणिमहेश यात्रा को भी कुछ समय के लिए बंद करना पड़ा, तो वही खराब मौसम के चलते आज हेली टैक्सी सेवा भी प्रभावित रही। बता दें कि राधा अष्टमी के शाही स्नान को लेकर मणिमहेश यात्रियों के जत्थे निरंतर खराब मौसम में भी भरमौर की और कूच कर रहे हैं। उनको देखकर भगवान शिव के प्रति आस्था एवं अटूट विश्वास देखने को ही बन रहा है। इस खराब मौसम में जगह-जगह लगे लंगर भी यात्रियों एवं श्रद्धालुओं के प्रति सेवाभाव से पीछे हटते नहीं दिख रहे हैं।

मणिमहेश यात्रा को लेकर खराब मौसम में भी जिला प्रशासन किसी तरह की कोई कोताही नहीं बरत रहा है, लेकिन रिकॉर्ड तोड़ श्रद्धालुओं को संभालना भी अपने आपमें एक चुनौती है, जिसको लेकर प्रशासन डटा हुआ है। वहीं क्षेत्र के डलहौजी बनीखेत एवं आसपास के क्षेत्र में मूसलाधार हो रही बारिश से हर कोई परेशान है। एक तरफ जहां होटल कारोबारी मायूस हैं, तो वहीं दूसरी ओर किसान बागवान भी भारी-भारी को लेकर परेशान दिख रहे हैं। जिला के भरमौर, तीसा, सलूणी, भटीयात लगातार बारिश हो रही है। (अनंत ज्ञान)



मणिमहेश यात्रा के दौरान भोलेनाथ के जयकारे लगाते लाइनों में जाते श्रद्धालु।

## मणिमहेश यात्रा के सफल आयोजन के लिए सरकार जल्द बनाए मास्टर प्लान

**ओपी शर्मा, चंबा।** मणिमहेश यात्रा के लिए दिन-प्रतिदिन श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है और सरकार इसके लिए जल्द से जल्द मास्टर प्लान बनाए यह बात भरमौर पांगी के विधायक डॉक्टर जनक राज ने विधानसभा में कही है। उन्होंने कहा है कि इस बार मणिमहेश यात्रा के दौरान कई प्रकार की अवव्यवस्थाएं सामने आई हैं। भरमौर में लोगों को पीने का पानी व पार्किंग की व्यवस्था न होने के कारण यात्रियों को इस बार काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। हड़सर से लेकर मणिमहेश तक शौचायलयों की कम व्यवस्था होने के कारण गंदगी का आलम फैला हुआ है। लोग खुले में शौच करने को मजबूर हैं। सरकार द्वारा यात्रियों से जो 20 रुपए रजिस्ट्रेशन शुल्क लिया जा रहा है, वह बंद होना चाहिए। हर जगह ट्रैफिक जाम की समस्या से लोगों को काफी परेशानियां हुई हैं। इस वर्ष डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालु अब तक आधिकारिक रूप से यात्रा कर चुके हैं। विधायक डॉक्टर जनक राज ने कहा है कि इस ऐतिहासिक मणिमहेश यात्रा का दायरा बढ़ाया जाए और इसे माता वैष्णो देवी और अमरनाथ की तर्ज पर शुरू किया जाए और इसे राज्य स्तरीय दर्जा दिया जाए। (अनंत ज्ञान)



## न्यूज ब्रीफ

### 'किसमें कितना है दम' के सेमीफाइनल में पहुंची आरुषि

**मुकेश कुमार, डलहौजी।** उपमंडल डलहौजी के तहत ग्राम पंचायत टप्पर के छोटे से गांव चौहड़ा की 13 वर्षीय लड़की ने टीवी चैनल डीडी पंजाबी के कार्यक्रम 'किसमें कितना है दम' में सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर अपने श्रेत्र का नाम रोशन किया है। बता दें कि आयोजन अभी जारी है अब देखना यह है कि आने वाले दिनों में आरुषि फाइनल में अपनी जगह पक्की कर उसको जीती है या नहीं यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा किंतु ये ही अपने आप में बहुत बड़ी बात है कि अपने हुनर के दम पर एक टीवी चैनल पर आकर परफॉर्म करना और सेमीफाइनल में जगह बनाना भी कम बड़ी उपलब्धि नहीं है। आरुषि अपनी कामयाबी का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है। (अनंत ज्ञान)



### बन्नी नाले पर पुल न होने से बच्चे नहीं पहुंच पा रहे स्कूल

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** विधानसभा क्षेत्र भरमौर के ग्राम पंचायत मांधा के दुर्गम क्षेत्र बन्नी के नाले में एकाएक जलस्तर बढ़ जाने के कारण पिछले दो दिनों से बच्चे स्कूल नहीं पहुंच पाए हैं। इस नाले पर पुल न होने की वजह से शाम के वक्त कभी भी इस नाले का जलस्तर बढ़ जाता है। जिस कारण कई बार स्कूली बच्चे भी घर नहीं पहुंच पाते हैं। जानकारी के मुताबिक पिछले दो दिनों से हो रही बारिश के चलते इस नाले का जलस्तर बहुत ही बढ़ गया है। लिहाजा यहां पर 24 घंटे से लोग एक जगह से दूसरी जगह पर फंसे रहे। गौरतलब है यहां पर मंगलवार को एक भव्य मेले का आयोजन हुआ है जिसमें माता बन्नी के दर्शन करने के लिए दूर-दूर से सैकड़ो की तादाद में श्रद्धालु यहां पहुंचे थे। लिहाजा इस दौरान सैकड़ो श्रद्धालु इस नाले को पार नहीं कर पाए और वापस वापस मुड़ गए हैं। इस नाले पर पुल न बनने के कारण लोगों को पिछले कई सालों से इस तरह की समस्या से दो-चार होना पड़ रहा है। करीब आधा दर्जन यहां पर लोग हादसे का शिकार हो चुके हैं। यहां के लोगों ने सैकड़ों बार प्रशासन व विभाग के पास जल्द से जल्द पुल बनाने की मांग भी उठाई है लेकिन अभी तक भी पुल नहीं बन पाया है।

### नागचला में भादो 20 के पवित्र स्नान के लिए उमड़े श्रद्धालु



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर के हराबाग (नागचला) में भादो 20 के पवित्र स्नान, जिसे स्थानीय बोली में 'नहौण' कहा जाता है, के लिए हजारों श्रद्धालु उमड़े। इस धार्मिक आयोजन का मुख्य आकर्षण देव माहुनाग का स्नान होता है, जिसके बाद ही भक्तों के लिए पवित्र स्नान की प्रक्रिया शुरू होती है। यह पवित्र स्नान हर साल भादो महीने के 20वें दिन आयोजित किया जाता है और इस दिन नागचला के नाग देवता के प्राचीन मंदिर में विशेष मेला लगता है। मान्यता है कि इस स्नान में भाग लेने से बुरी शक्तियों का प्रभाव समाप्त हो जाता है और व्यक्ति विभिन्न रोगों से मुक्त हो जाता है। इस आयोजन के दौरान लोगों का विश्वास है कि जिन दंपतियों को संतान की प्राप्ति नहीं हो रही है, वे यहां स्नान करने से संतान सुख प्राप्त कर सकते हैं। इसी विश्वास के चलते दूर-दूर से श्रद्धालु यहां आते हैं। स्थानीय कथा के अनुसार, प्राचीन समय में कुछ कुष्ठ रोगी इस क्षेत्र में आए थे। उन्होंने नाग देवता के मंदिर में पूजा अर्चना की और पास की झील में स्नान किया। इस स्नान के बाद वे कुष्ठ रोग से मुक्त हो गए। इस घटना के बाद से इस स्थान को दिव्य शक्ति का केंद्र माना जाने लगा, और तभी से यहां हर साल मेला लगता है। हर साल इस पर्व के आयोजन के लिए आयोजन समिति द्वारा विशेष तैयारियां की जाती हैं, ताकि भक्तों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। इस आयोजन में शामिल होने के लिए दूर-दराज से भक्त आते हैं, और नाग देवता का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। नागचला में आयोजित इस पवित्र स्नान में शामिल होने वाले भक्तों का मानना है कि यहां आकर जो भी सच्चे मन से अपनी मनोकामना के लिए प्रार्थना करता है, उसकी इच्छाएं पूरी होती हैं।

## खुंडी माता मंदिर के लिए जल्द बनेगा पक्का रास्ता



**आजम डार, चुराह**

जिला चंबा के अंतर्गत चुराह में स्थित चांजू माता मंदिर से खुंडी मराली माता की यात्रा करना अब श्रद्धालुओं के लिए आसान होगा। इस यात्रा को आसान बनाने के लिए चुराह प्रशासन ने चांजू माता मंदिर से खुंडी माता डल झील तक पैदल आवाजाही के लिए पक्का रास्ता बनाने का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश खंड विकास अधिकारी को दिए हैं।



एसडीएम शशिपाल शर्मा

तीन दिन तक चलने वाली इस यात्रा में हजारों श्रद्धालु 30 किलोमीटर की पैदल चढ़ाई चढ़ने के बाद श्रद्धालु खुंडी माता के डल तक पंहुचते हैं और वहां जाकर आस्था की डुबकी लगाते हैं। उपमंडल अधिकारी चुराह शशिपाल शर्मा ने बताया कि चुराह में कई ऐसे धार्मिक स्थान है जो काफी दूरदराज के इलाकों में स्थित हैं, जहां हजारों की संख्या में लोग दर्शन करने जाते हैं।

वहीं, चुराह एसडीएम शशिपाल शर्मा का कहना है कि श्रद्धालुओं की यात्रा सुगम बनाने के लिए प्रशासन प्रयास कर रहा है कि यात्रा स्थल तक पैदल चलने वाला रास्ता पक्का बनाया जा सके। (अनंत ज्ञान)

## बालू में एचआईवी-एड्स के बचाव के बारे में लोगों को किया जागरूकता

**अनंत ज्ञान, चंबा।** स्वास्थ्य विभाग के सौजन्य से भारतीय स्टेट बैंक के ग्रामीण स्वयं रोजगार प्रशिक्षण संस्थान बालू में प्रशिक्षणर्थियों को एचआईवी-एड्स से संबंधित जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला एड्स नियंत्रण कार्यक्रम अधिकारी डॉ. हरित पुरी ने बताया कि एचआईवी एड्स एक लाइलाज बीमारी है तथा इसका बचाव एकमात्र जागरूकता ही है। उन्होंने कहा कि बचाव इलाज से बेहतर होता है। उन्होंने इस बीमारी के फैलने के कारणों और इससे बचाव के बारे सभी प्रशिक्षणर्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी से अगवत करवाया। उन्होंने बताया कि हर व्यक्ति को समय-समय पर अपने स्वास्थ्य की स्वेच्छा से जांच करवानी चाहिए। जिले मे गर्भवती स्त्रियों की एचआईवी जांच विशेष रूप से की जाती है। जिला स्तर पर आईसीटीसी चंबा, भरमौर, किहार और चुवाड़ी में एचआईवी की निशुल्क जांच की जाती है और जानकारी को विभाग द्वारा गोपनीय रखा जाता है।



## नर्सिंग छात्राओं के लिए लगाया बहरापन जागरूकता शिविर

**अनंत ज्ञान, चंबा**



बुधवार को जिला स्तरीय बहरापन जागरूकता शिविर का आयोजन पंडित जवाहर लाल नेहरू गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज चंबा की नर्सिंग छात्राओं के लिए आयोजित किया गया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. वैभवी गुरंग ने बताया कि वर्ष 2022 में प्रकाशित एक रिपोर्ट में दिए गए एक अनुमान के मुताबिक उस समय तक भारत में 6.5 करोड़ से भी अधिक लोग ऐसे थे, जिन्हें या तो कम या बिलकुल भी सुनाई नहीं देता था। वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट की मानें तो वर्ष 2050 तक दुनियाभर में लगभग 70 करोड़ (700 मिलियन) लोग बहरपन से ग्रसित हो सकते हैं। जानकार मानते हैं कि बहरेपन या कम सुनने की समस्या के कई मामलों में समय से इलाज करवाने से पीड़ित की समस्या का निदान या प्रबंधन संभव है। जानकारों का कहना है कि बहरेपन की समस्या एक बार होने पर ज्यादातर मामलों में इलाज संभव नहीं होता है।

इस अवसर पर उपस्थित जन शिक्षा एवं सूचना अधिकारी सीआर ठाकुर ने बताया कि जिला चंबा के हर स्वास्थ्य खंड में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीमों द्वारा आंगनबाड़ी, सरकारी तथा गैर-सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की स्क्रीनिंग की जाती है, यदि स्क्रीनिंग में किसी बच्चे की सर्जरी या कोक्लियर इंप्लांट की आवश्यकता है तो इस कार्यक्रम के तहत मुफ्त में इलाज होता है। इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें मुस्कान प्रथम, मनीषा द्वितीय तथा पूजा ने तृतीय स्थान हासिल किया।

## एक साल बीत जाने पर भी नहीं बना स्प्रेई पुल

**पुष्पराज, मंडी**

बीती बरसात में जहां प्रदेश को भारी जख्म मिले वहीं सरकार ने कई जगह पर मरहम तो लगाया, लेकिन कुछ लोगों को पूछा भी नहीं। द्रंग विधानसभा के मासड़ और शिवा बदार पंचायत के करीब 4 गांव पिछले एक साल से पुल न होने के कारण 2 घंटे का लंबा सफर कर घर पहुंचने को मजबूर है।

पंडोह के आर्मी ट्रांस्जीट कैंप के सामने वाले गांव स्प्रेई को जाने वाला पुल पिछली बरसात में ब्यास नदी में समा गया। यह पुल पंडोह को स्प्रेई से जोड़ता था जिससे लोगों को काफी सुविधा रहती थी। इस पुल के टूटने से दो पंचायतों के करीब 1800 लोग प्रभावित हुए है।



जहां स्थानीय लोग पुल से 15 मिनट में अपने घर पहुंचते थे, वहीं अब उन्हें 9 मील से जंगली रास्ता तय करके घर पहुंचने में 2 घंटे लग जाते है।

गांव वासी संजय कुमार ने बताया कि पुल के टूटने से गांव वासी काफी समस्याओं से जूझ रहे है। 9 मील वाले रास्ते में भी बारिश होने पर पहाड़ी से पत्थर दरकते है और नालों को जल स्तर बढ़ने से बच्चे स्कूल नहीं जा पाते और मजदूर अपने काम पर। उन्होंने बताया कि मासड़ पंचायत में करीब 6 गांव हैं और शिवा बदार पंचायत के दुआपरा, चुड़ाघी, स्नेहणी, हिल गांव के लोग भी इसी रास्ते से घर आते जाते है। उन्होंने बताया कि पिछली बरसात के बाद जेपी नड्डा, अनुराग ठाकुर, जयराम ठाकुर, प्रियंका गांधी, विक्रमादित्य सिंह आए, लेकिन धरातल पर कोई कार्य नहीं किया गया। उन्होंने सरकार और प्रशासन से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द इस पुल का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। नहीं तो गांववासियों के लिए काले पानी की सजा जैसा महसूस हो रहा है।

प्रधान लोकपाल ने बताया कि 11 महीने पहले ही पुल का 40 लाख का एस्टीमेट बना दिया था और 8 माह पहले उसकी एक कॉपी मौके पर लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह के हाथों में भी थमाई थी, लेकिन आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला। (अनंत ज्ञान)

## प्राथमिकता के आधार पर भरे जाएं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के पद



**अनंत ज्ञान, चंबा**

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के जिले में रिक्त सभी पदों को प्राथमिकता के आधार पर भरा जाए। वह बुधवार को जिला स्तरीय अनुश्रवण एवं संवीक्षा समिति (डीएलएमआरसी) बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे।

उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों से संबंधित विभिन्न विषयों पर समीक्षा करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के जिला में रिक्त पदों को भरने के लिए जल्द प्रक्रिया शुरू करने को निर्देशित किया। आकांक्षी जिला कार्यक्रम एवं मनरेगा कन्वर्जेंस के तहत निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र भवनों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्होंने जिला विकास अधिकारी को नियमित अंतराल के भीतर समीक्षा करने को कहा। साथ में उन्होंने यह निर्देश भी दिए कि खंड विकास अधिकारियों के साथ आयोजित होने वाली समीक्षा बैठक में इस मद को शामिल किया जाए। मैहरा ने भूमि की उपलब्धता नहीं होने से लंबित आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण को लेकर जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास को वन अधिकार अधिनियम (एफआरए) के तहत भूमि स्थानांतरण प्रक्रिया शुरू करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस उपाधीक्षक जितेंद्र चौधरी, उपनिदेशक कृषि डॉ. कुलदीप धीमान, उद्यान डॉ. प्रमोद शाह, डॉ. जालम भारद्वाज, अनुराग शर्मा, ओम प्रकाश ठाकुर आदि उपस्थित रहे ।

## सुगम संगीत में चौंतड़ा स्कूल प्रथम

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बस्सी, जोन जोगिंद्रनगर, जिला मंडी में बुधवार को अंडर-19 छात्रा वर्ग की खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्यातिथि रीना कुमारी, प्रधान नेरघरवासडा, का स्वागत प्रधानाचार्या राजकुमारी द्वारा शॉल भेंट कर किया।

सुगम संगीत प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौंतड़ा ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुम्मा ने द्वितीय और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गलू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समूह गान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या जोगिंद्रनगर ने प्रथम स्थान पाया, जबकि द्वितीय स्थान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौंतड़ा और तृतीय स्थान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ने हासिल किया।

शतरंज प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या जोगिंद्रनगर प्रथम स्थान पर रही। कबड्डी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या जोगिंद्रनगर विजेता और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौंतड़ा उपविजेता बने। योगा प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुम्मा विजेता और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला एहजु उपविजेता रहे। अन्य प्रतियोगिता अभी जारी हैं।

## खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में देरी पर अभिभावकों का आक्रोश

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर में बुधवार को शारीरिक शिक्षकों ने द्रग ब्लॉक-2 में 14 वर्ष से कम आयु वर्ग की खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता न करवाने पर अभिभावकों में शिक्षा उपनिदेशक और एलिमेंटरी खेलकूद प्रभारी के प्रति गहरा आक्रोश है। अभिभावकों, एसएमसी प्रधानों और पंचायत प्रधानों ने बताया कि छात्रा वर्ग के टूर्नामेंट 31 अगस्त से 2 सितंबर तक सफलतापूर्वक आयोजित किए गए, लेकिन छात्र वर्ग के टूर्नामेंट अभी तक नहीं कराए गए हैं। अभिभावकों का आरोप है कि अफसरशाही के कारण उनके बच्चों को खेलकूद प्रतियोगिता से वंचित किया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर दो दिनों के भीतर छात्र वर्ग के टूर्नामेंट की तिथि निश्चित नहीं की गई, तो वे शिक्षा उपनिदेशक मंडी का घेराव करेंगे। शारीरिक शिक्षक संघ द्रग सेकंड ने भी अंडर-14 बॉयज के ट्रायल का विरोध करते हुए कहा है कि वे बच्चों को ट्रायल या जिला स्तरीय टूर्नामेंट में नहीं भेजेंगे।

## बट्ट आईटीआई बोंखरी मोड़ में रोजगार मेला 16 अक्तूबर को

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**



सुजुकी मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा के द्वारा बट्ट आईटीआई बोंखरी मोड़ में 16 अक्तूबर को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। बट्ट ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट के चेयरमैन परवेज अली बट्ट ने उक्त जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि कंपनी द्वारा अपने हंसलपुर (गुजरात) प्लांट के लिए पुरुष अभ्यर्थियों के साक्षात्कार लिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कैंपस इंटरव्यू में फिटर, डीजल मैकेनिक, मोटर मैकेनिक, टर्नर, मैकेनिस्ट, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, टूल एंड डाई मेकर, प्लास्टिक प्रोसेसिंग ऑपरेटर, ट्रैक्टर मैकेनिक, पेंटर जनरल, इलेक्ट्रॉनिक्स, वायरमैन व शीट मेटल व्यवसायों में वर्ष 2018 से 2024 में उत्तीर्ण अभ्यर्थी हिस्सा ले सकते हैं। अभ्यर्थी की शैक्षणिक योग्यता दसवीं में 40 प्रतिशत अंक व आईटीआई पास के लिए 50 प्रतिशत अंक निर्धारित की गई है, जबकि आयु सीमा 18 से 24 वर्ष निर्धारित है।

बट्ट ने बताया कि साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थी को सभी दस्तावेज लाने अनिवार्य होंगे। चयनित युवाओं को कंपनी द्वारा 24550 रुपए (सीटीसी) दिया जाएगा।

**गुस्सा** श्री मणिमहेश यात्रा के दौरान अनावश्यक चालान करने का विरोध करती भरमौर टैक्सी यूनियन

## यातायात रोक प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

श्री मणिमहेश यात्रा के दौरान अनावश्यक चालान करने के विरोध में भरमौर टैक्सी यूनियन ने भरमौर प्रशासन के खिलाफ मंगलवार को खूब हल्ला बोल दिया। इस दौरान यहां के टैक्सी यूनियन के लोगों ने हड़ताल कर दी और प्रशासन के खिलाफ खूब नारेबाजी की। प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगे नहीं मानी जाती,वे अपनी टैक्सियां नही चलाएंगे। उन्होंने कहा कि उनके खिलाफ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। टैक्सी यूनियन की गाड़ियों को अनावश्यक ही तंग किया जा रहा है। उनकी गाड़ियां हड़सर तक नही जाने दी जाती। मणिमहेश यात्रा के दौरान टैक्सी स्टैंड की नीलामी कर दी गई है ।जिस कारण मात्र सात ही टैक्सियां खड़ी करने की अनुमति दी गई है।,जबकि यहां की साठ से अधिक टैक्सियां कहां खड़ी करेंगे। इस हड़ताल के चलते मणिमहेश यात्री जिन्होंने भरमाणी माता या हड़सर जाना है वे काफी परेशान हो रहे हैं। अपनी मांगों को लेकर टैक्सी यूनियन के लोगों ने ओल्ड बस स्टैंड भरमौर में प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।





भरमौर टैक्सी स्टैंड पर हड़ताल के दौरान यातायात रोकते व नारेबाजी करते टैक्सी चालक।

**व अदालत श्री प्रिंस धीमान सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी एवं नायब तहसीलदार जोगिंद्रनगर जिला मंडी हि.प्र.**

| मिसल नं. | तारीख मरजुआ | तारीख पेशी |
|---|---|---|
| 49 | 23/03/2023 | 09/09/2024 |

श्री राकेश कुमार पुत्र श्री नरैण दास 2. श्रीमति संध्या शर्मा पत्नी श्री राकेश कुमार निवासी पलहुण तहसील जोगिंद्रनगर जिला मंडी हि.प्र.। ....**प्रार्थी**

**वनाम**

1. श्री अनिल कुमार 2. श्री अजय कुमार पुत्रगण श्री श्याम लाल निवासी मसौली 3. श्री रवि कुमार पुत्र जगतम्बा प्रसाद 4. श्रीमति पुत्री किरना देवी 5. श्रीमति अरुणा देवी 6. श्रीमति लता देवी 7. श्रीमति रजनी देवी पुत्रियां 8. श्रीमति गीता देवी विधवा श्री जगतम्बा प्रसाद निवासीगण राजा 9. श्री नीरज 10. श्री निशांत 11. श्री निखिल पुत्रगण श्री माधो प्रसाद निवासीगण च्याल डाकघर कोकान तहसील व जिला कुल्लू हि.प्र. 12. श्रीमति शारदा शर्मा पत्नी श्री के.एल. निवासी भाटी (सखवाल) डाकघर सखवाल तहसील व जिला हमीरपुर 13. श्रीमति निर्मला शर्मा विधवा श्री प्रदुमन शर्मा निवासी बालकरुपी 14. श्री रमेश कुमार 15. श्री राजेश कुमार पुत्रगण श्री नरैण दास निवासीगण पलहुण तहसील जोगिंद्रनगर जिला मंडी हि.प्र.। **प्रत्याशी।**

**इश्तहार/अखबारी**
**आवेदन पत्र तकसीम करने बारे।**

श्री राकेश कुमार पुत्र श्री नरैण दास आदि निवासी पलहुण तहसील जोगिंद्रनगर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश ने इस कार्यालय/न्यायालय में भूमि खाता खतौनी नं. 13/13 खसरा नं. किता-4 रकबा आबादी 2-1-1 वीघा स्थित मुहाल पलहुण/334 तहसील जोगिंद्रनगर भूमि की तकसीम करने बारे प्रार्थना पत्र प्रेषित किया है। प्रार्थी श्री राकेश कुमार ने मौखिक तौर बताया कि प्रतिवादी नं. 9,10 व 11 मुहाल हजा में नहीं रहते हैं। वे बाहर रहते हैं। जिस कारण उन्हें अखबारी इश्तार जारी करने की प्रार्थना की है।

अतः उपरोक्त प्रतिवादिगणों को इस अखबारी इश्तार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि वह दिनांक 09-09-2024 को प्रातः 10:00 बजे असालतन व वकालतन अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर अपने उजर एतराज पेश करें अन्यथा गैर हाजरी की सूरत में प्रतिवादिगणों के खिलाफ कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

आज दिनांक 27-08-2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं मोहर से जारी हुआ

**प्रिंस धीमान, सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी जोगिंद्रनगर जिला मंडी हि.प्र.**

## न्यूज ब्रीफ

### 10 को सिविल पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक

**कुल्लू।** सिविल पेंशनर्स एवं सोशल वेलफेयर एसोसिएशन कुल्लू मंडल की मासिक बैठक 10 सितंबर को महिला मंडल शास्त्रीनगर में होगी। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष जय बिहारी भारद्वाज द्वारा की जाएगी, जिसमें जिला प्रधान सेस राम ठाकुर एवं महासचिव मोहर सिंह सीस विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। बैठक में विशेष रूप से राज्य कार्यकारिणी की ओर से घोषित 15 सितंबर के बाद जिला मुख्यालय में धरना दिया जाना है। इस संबंध में सरकार अगर 15 सितंबर तक पेंशनर्स की मांगे मान लेती है, तो धरना-प्रदर्शन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगर किसी कारण किसी पेंशनर्स ने 2024-2025 का लाइफ सर्टिफिकेट जिला कोषधिकारी कार्यालय में जमा नहीं किया है, तो वह अपने आधार कार्ड तथा पैन कार्ड साथ लाएं।

### वैद्य सत्यवान कल से करेंगे रोगियों की जांच



**पतलीकूहल।** ऊझी घाटी के 14 मील में तीन दिवसीय नाड़ी शिविर का आयोजन होने जा रहा है। यह शिविर 6 से 9 सितंबर तक चलाया जाएगा। वैद्य सत्यवान की ओर से इस शिविर में विभिन्न प्रकार के रोगियों की जांच करेंगे, जिनमें पुरुषों के गुप्त रोग, महिलाओं के रोग जैसे बार-बार गर्भपात होना, गर्भ न ठहरना, सफेदपानी, स्तनों में गांठ, रसोली, बच्चेदानी से संबंधित रोग, ओडी से संबंधित सभी प्रकार के रोगों का ईलाज इस शिविर में किया जाएगा। वेदराज सत्यवान नायक ने बताया कि इस शिविर में आयुर्वेद के अनुसार स्वर्णकल्प औषधीय, रसायन, जड़ी बूटी, पंचकर्म, नाडी परीक्षण और मर्म थेरेपी द्वारा इलाज किया जाएगा। इसके अलावा वैद्य सत्यवान नायक ओडिसा में पंचकर्म का प्रशिक्षण भी दे रहे हैं। नायक ने आयुर्वेदिक के लगभग सभी प्रमुख ग्रंथों का बहुत गहराई से शोध एवं अध्ययन किया।

### थरास में 200 से अधिक देवदार के पौधे रोपे



**कुल्लू।** कुल्लू के वन परिक्षेत्र हुरला के तहत आने वाली थरास वन बीट में टीम सहभागिता और थरास स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम पर एकदिवसीय पौधरोपण कार्यक्रम थरास में आयोजित किया गया। इस अभियान के तहत करीब 200 से अधिक देवदार और वान के पेड़ रोपित किए गए। इस कार्यक्रम में थरास स्कूल की टीम प्रिंसिपल छिम्मे डोलमा की अध्यक्षता में भाग लिया। इस अवसर पर वन विभाग की वन रक्षक सुर्दशना शर्मा विशेष रूप से कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। इसके अतिरिक्त स्थानीय विद्यालय की थरास स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों ने भी इसमें भाग लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन मुख्य रूप से टीम सहभागिता के द्वारा करवाया गया और स्थानीय विद्यालय ने इस कार्यक्रम में सहयोगी संस्था के रूप में काम किया। पौधरोपण कार्यक्रम में टीम सहभागिता के राज्य परियोजना अधिकारी पूर्ण ने बच्चों से टीम सहभागिता के उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए टीम में जुड़ने की अपील की। पौधरोपण कार्यक्रम में स्थानीय युवक मंडल जेहर शांघड़ी स्पोर्ट्स युवक थरास के सदस्यों ने भी भाग लिया।

# आनी के शिक्षक कुंदन लाल ने कोविडकाल में पेश की शिक्षा की मिसाल

## पांच वर्ष में दिया शत-प्रतिशत परिणाम, राज्यपाल के हाथों राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार से आज होंगे सम्मानित

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

कुल्लू के दो शिक्षकों का चयन इस बार शिक्षक दिवस पर राज्य स्तरीय सम्मान के लिए हुआ है, जिनमें से शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन सेवाएं देने वाले एक शिक्षक आनी स्कूल के कुंदन लाल भी हैं।



पांच साल तक लगातार शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम देने वाले शिक्षक कुंदन लाल को आज राज्य शिक्षक पुरस्कार मिलेगा। वह राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला आनी में राजनीतिक शास्त्र शिक्षक कुंदन लाल शर्मा जागरण प्रवक्ता के पद पर सेवारत हैं। कुंदन शर्मा का जन्म एक साधारण परिवार में हुआ है। पिता जोबन दास किसान, जबकि माता कनौरी देवी व पत्नी कल्पना शर्मा गृहिणी हैं। बचपन से पढ़ाई में अव्वल रहे तथा आनी विद्यालय से कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर सभी कक्षाएं उत्तीर्ण की। दस जमा दो के पश्चात स्नातकोत्तर स्तर तक सभी पढ़ाई पत्राचार से संपन्न की, जेबीटी अध्यापक के रूप में 1998 में सेवा आरंभ की और फिर टीजीटी और प्रवक्ता के रूप में कार्यकाल बढ़ाया, अभी तक कुल दस पाठशालाओं में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

जिन पाठशालों में सेवाएं दीं, वहां नामांकन में वृद्धि, 2020-21 में कोविड काल में बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई में विशेष योगदान। हर घर पाठशाला में अपने विषय के राज्य नोडल अधिकारी नियुक्त तथा यूट्यूब चैनल के माध्यम से पूरे हिमाचल के बच्चों को जरूरत के समय पढ़ाई करवाई, पीएम श्री विद्यालय आनी तथा कन्या विद्यालय आनी की शैक्षणिक और सह शैक्षणिक उपलब्धियों में विशेष योगदान, पिछले पांच वर्ष में शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम के साथ चार विद्यार्थी एचपी बोर्ड टॉप टेन में स्थान बनाने में कामयाब, विद्यार्थियों का यूथ पार्लियामेंट तथा भाषण प्रतियोगिता में विशेष मार्गदर्शन तथा राज्य स्तर तक स्थान प्रथम, पढ़ाए गए विद्यार्थी चिकित्सा, इंजीनियरिंग, शिक्षा, न्यायिक, प्रशानिक सेवाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों में चयनित हैं।

जिला सत्रीय मास्टर ट्रेनर के साथ विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्व, सामाजिक क्षेत्र में भी अग्रणी रेड क्रॉस सोसायटी, हिमाचल ज्ञान-विज्ञान समिति, हिमाचल शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास आदि संस्थाओं के पदाधिकारी पाठशाला प्रशासन, एसएमसी सहित विभिन्न संस्थाओं द्वारा उत्कृष्ट कार्य के लिए समय-समय पर इन्हें सम्मानित किया गया। (अनंत ज्ञान)

## प्रेम सिंह भी राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए चयनित

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुल्तानपुर में भाषा अध्यापक के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे प्रेम सिंह को इस बार अध्यापक दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय स्टेट टीचर्स अवार्ड-2024 से नवाजा जा रहा है।



सैंज घाटी की तलाड़ा पंचायत के एक छोटे से गांव फवियारी में 1973 में जन्मे प्रेम सिंह आज शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर उन शिक्षकों की फेहरिस्त में शामिल हो चुके हैं, जिन्होंने शिक्षा को दौलत कमाने का नहीं, बल्कि समाज को बदलने की ताकत रखने वाली शक्ति के रूप में देखा। प्रेम हिंदी में एमफिल कर टेट की परीक्षा को पास कर पिछले 26 सालों से शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करते हुए कुल्लू के विभिन्न स्कूलों में निरंतर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। प्रेम एक लेखक, कवि भी हैं और लोक संगीत एवं लोक गीत के संरक्षण में भी अपनी तरफ से योगदान दे रहे हैं।

प्रेम वर्ष 2002 में ग्रामीण विद्या उपासक पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं और वर्ष 2011 में जेबीटी तथा 2016 से भाषा अध्यापक के पद पर पदोन्नत होकर नग्गर स्कूल, कन्या पाठशाला सुल्तानपुर और वर्तमान में कन्या पाठशाला सुल्तानपुर में सेवारत हैं। प्रेम सिंह ठाकुर को पिछले पांच सालों के अंदर औसतन बोर्ड परीक्षा के परिणाम, भाषा के विषय में छात्रों के खंड स्तरीय, जिला स्तरीय और राज्य स्तरीय मंचों पर बेहतरीन प्रदर्शन, राष्ट्रीय रोलप्ले प्रतियोगिता में छात्राओं का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर आना, हिंदी भाषा में भाषण, निबंध लेखन, कविता, एकांकी, नाट्यरूपातर और वाद-विवाद प्रतियोगिता में जिला स्तर पर अनेक जगह प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहने सहित अनेक गतिविधियों में प्रेम द्वारा छात्राओं को दिशा-निर्देश को देखते हुए ही उनका चयन राज्य स्तरीय अध्यापक पुरस्कार के लिए किया गया। प्रेम सिंह की इस उपलब्धि पर समस्त कुल्लू जिले के लोगों में हर्ष का माहौल है। (अनंत ज्ञान)

# राजस्थान का युवक 710 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

पुलिस ने भुंतर-मणिकर्ण रोड पर छरोड़ नाला के पास गश्त के दौरान राजस्थान के एक युवक से 710 ग्राम चरस बरामद की है। आरोपी की पहचान सोनपाल (21) पुत्र सुभाष चंद निवासी माजरी गूजर, जिला अलवर राजस्थान के रूप में हुई है।

आरोपी के खिलाफ थाना कुल्लू में धारा 20 मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच की जा रही है। उधर, एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने बताया कि इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने जिले में नशे के खिलाफ अभियान चलाया हुआ है, जिसके तहत पुलिस नशा तस्करों पर लगातार शिकंजा कस रही है। इसके अतिरिक्त कुल्लू पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत दो मामलों में कार्रवाई की है। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बंदरोल और व्यासा मोड़ स्थित ढाबों की तलाशी के दौरान 7 लीटर अवैध शराब बरामद की। इन मामलों में दो महिलाओं के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामले दर्ज किए गए हैं।

### बंदरोल-ब्यासा मोड़ में ढाबों में 7 लीटर अवैध शराब बरामद



# संगम स्थलों में हजारों ने लगाई आस्था की डुबकी

## 20 भादो पर भूतनाथ, ब्यास-पार्वती संगम स्थल, भुंतर, जिया में लगी रही भीड़

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

बीस भादो के दिन कुल्लू में ब्यास नदी में मनाली से बजौरा तक के तमाम संगम स्थलों में श्रद्धालुओं के साथ देवताओं ने आस्था की डुबकी लगाई।

इसके अतिरिक्त ब्यास-पार्वती संगम स्थल, मणिकर्ण, सैंज, तीर्थन, क्लाथ, वशिष्ठ, रक्तिसर में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। दस हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित सरयोलसर में बुढ़ी नागिन माता ने भी स्नान किया। इसमें भूतनाथ, ब्यास पार्वती संगम स्थल, भुंतर, जिया, प्रमुख हैं। इसके अलावा पार्वती नदी में मणिकर्ण, सैंज, तीर्थन, क्लाथ, वशिष्ठ में लोगों ने सबुह उठकर स्नान किया। 10 हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित सरयोलसर में बुढ़ी नागिन माता ने भी स्नान किया। भुंतर में ब्यास व पार्वती नदी के संगम स्थल पर व मणिकर्ण में भी अनेक देवी-देवताओं ने स्नान किया।



कुल्लू के भुंतर स्थित संगम स्थल में 20 भादो का स्नान करते हुए देवी-देवता व लोग।

सुबह से ही यहां देवताओं के दरबार में स्नान के लिए तैयारियां चलती रही, तो दोपहर को यहां पर देवी-देवताओं ने स्नान किया। जिया में भी विशेष इंतजामों के बीच स्नान हुआ। इस बार जिले के विभिन्न स्थानों के लोग भी मौजूद रहे, जबकि आपदा के कारण बाहरी राज्यों के लोग इस बार स्नान करने के लिए नहीं पहुंचे। देर शाम से ही दूरदराज के श्रद्धालुओं का यहां आना शुरू हो गया था, तो स्थानीय श्रद्धालु सुबह तड़के पवित्र स्नान के लिए घरों से निकले। मान्यता है कि बीस भादों के दिन पवित्र स्नान कर चरम रोग दूर होते हैं। ऊंची चोटियों पर लगी जड़ी बूटियों का रस जमीन में चला जाता है, जो कि नदी में समा कर बहता है। गड़सा घाटी के तहत आने वाले शौठ निहारगडू नामक तीर्थ स्थल में काफी अधिक संख्या में श्रद्धालुओं ने शाही स्नान किया। (अनंत ज्ञान)

### क्या है मान्यता

इस संबंध में राम मंदिर कमेटी मणिकर्ण के प्रधान जनक राज शर्मा ने कहा कि मान्यता है कि इस पर्व पर प्राकृतिक जल स्रोतों में स्नान करने से कई तरह की बीमारियां खत्म हो जाती हैं। 20 भादो के स्नान का काफी महत्व है। स्थानीय लोगों की आस्था और मान्यता के अनुसार 20 भादो के दिन पहाड़ों पर उगी जड़ी-बूटियां पानी के माध्यम से निचले क्षेत्रों में पहुंचती हैं और इस दिन प्राकृतिक जल स्रोतों पर स्नान करने से शरीर संबंधित सभी बीमारियां खत्म हो जाती हैं।

# 398 पौधे कॉलेज परिसर व सड़क किनारे रोपे

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत बंजार कॉलेज में चलाया मैगा पौधरोपण अभियान

**अनंत ज्ञान, बंजार**

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार ने राष्ट्रव्यापी पौधरोपण अभियान एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत स्थानीय गैर-सरकारी संस्था सिराज वेंचर सोसायटी के साथ संयुक्त रूप से एक मैगा पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया।

इस बारे में जानकारी देते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना नोडल अधिकारी डॉक्टर श्रवण कुमार ने बताया कि इस अवसर पर कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के 60 स्वयंसेवियों ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार तथा सिराज वेंचर सोसायटी के 10 सदस्यों ने अध्यक्ष गौरव शर्मा के नेतृत्व में पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लिया। इस मौके पर एसडीएम नागरिक बंजार पंकज शर्मा ने स्वत: संज्ञान लेते हुए पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लिया और कॉलेज परिसर में दियार का पौधा रोपकर इस अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने सभी स्वयंसेवियों तथा युवाओं से मां प्रकृति के प्रति सद्भावना सहित पौधरोपण कर अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने का आह्वान किया। उन्होंने बंजार प्रशासन द्वारा आगामी दिनों में आयोजित होने वाले पौधरोपण कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तथा सिराज वेंचर सोसायटी को आमंत्रित किया। इस अवसर पर सभी ने मिलकर 96 शहतूत, 2 जूनिपर, 200 दियार तथा 100 वान कुल मिलाकर 398 पौधे कॉलेज परिसर तथा बाइपास सड़क किनारे रोपे। इस अवसर पर सिराज वेंचर सोसायटी के सदस्य तथा पर्यटन व्यवसायी शुभम ठाकुर की ओर से सभी के लिए दोपहर के भोजन की व्यवस्था की गई थी, जिसके लिए इकाई की ओर से उनका आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर सभी स्वयं-सेवियों तथा युवाओं ने प्रत्येक पौधे को अपनी मां तथा प्रकृति मां के लिए समर्पित करते हुए इन पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया। अंत में सभी स्वयंसेवियों ने राष्ट्रीय सेवा योजना गीत गाया।



एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण अभियान में भाग लेते विभिन्न संगठनों से जुड़े छात्र।

# कल सीएम से मिलेगा प्रदेश शिक्षा विभाग अधीक्षक ग्रेड वन अधिकारी संघ का प्रतिनिधिमंडल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

6 सितंबर को हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग अधीक्षक ग्रेड वन (गैजेटिड क्लास वन) अधिकारी संघ का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से मिलेगा। संघ का प्रतिनिधिमंडल शिमला में विधानसभा सत्र के दौरान राजकीय महाविद्यालयों में तैनात अधीक्षक ग्रेड (राजपत्रित प्रथम श्रेणी) को डीडीओ पावर देने और 32 तरह के जॉब रोल तय करने के लिए सीएम का आभार व्यक्त करेगा।



अधीक्षक ग्रेड वन अधिकारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष एवं जिला कांगड़ा के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष एवं प्रदेश महासचिव कश्मीर ठाकुर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरुण शर्मा, हेमंत दुग्गल, अतिरिक महासचिव सतीश कुमार, धनवंती देवी, जगदीश, संयुक्त सचिव मिलाप चंद, कार्यालय सचिव कुलदीप कश्यप, जिला हमीरपुर के अध्यक्ष सुरेश कुमार, महासचिव राजेश भाटिया, पवन शर्मा, सुमन लता, जिला बिलासपुर के अध्यक्ष अशोक गौतम, प्रीतम शर्मा, शशि किरण, अमरनाथ, शिमला के अध्यक्ष मुकेश पथिक, आनंद प्रकाश वर्मा, अजीज मोहम्मद, चमन ठाकुर, संदीप गुप्ता, मदन चौहान, सिरमौर से विनोद शर्मा, कामराज, अशरफ अली, ऊना से पवन शर्मा, जीतराम, चंबा से होशियार सिंह, प्रवेश लता, मंडी से होशियार सिंह, गोवर्धन सिंह, देशराज, वीना तलवार, राम प्रकाश, सोलन से नरेश कुमार, कांता पंकज, लाहौल-स्पीति से टशी दोरजे, बालकृष्ण, किन्नौर से भगत सिंह नेगी आदि ने बताया कि संघ की ओर से मुख्यमंत्री सुक्खू को 1,00,000 रुपए का चेक राहत कोष में देंगे। मुख्यमंत्री को 3 सूत्रीय मांगपत्र भी सौंपेंगे। अधीक्षक ग्रेड वन (गैजेटिड क्लास वन) का पदनाम बदलकर प्रशासनिक अधिकारी अथवा अनुभाग अधिकारी (प्रशासन) रखने और सभी 141 बीईईओ कार्यालयों अथवा हाल ही में खंड स्तर पर बनाए गए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में डीडीओ पॉवर से लैस अधीक्षक ग्रेड वन/प्रशासनिक अधिकारी अथवा अनुभाग अधिकारी प्रथम श्रेणी (प्रशासन) का पद अपग्रेड करने की मुख्यमंत्री से मांग की जाएगी। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि कॉलेज की तर्ज पर बीईईओ ऑफिस/सैंटर ऑफ एक्सीलेंस में अधीक्षक ग्रेड वन (गैजेटिड क्लास वन) के पद अपग्रेड कर उन्हें डीडीओ पावर देने से, जहां इन कार्यालयों में वित्तीय लेनदेन में पारदर्शिता आएगी।

# राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए लाहौल-स्पीति टीम का हुआ चयन



राज्य स्तरीय अंडर-17 बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ी।

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

राज्य स्तरीय अंडर-17 बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए जिला बास्केटबॉल संघ लाहौल-स्पीति की टीम का चयन कटराईं में किया गया।

जिला बास्केटबॉल संघ लाहौल-स्पीति के चेयरमैन मदन बौद्ध ने बताया कि ट्रायल में कुल 32 खिलाड़ियों ने भाग लिया, जिसमें से चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय अंडर-17 बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जो कि 13 से लेकर 15 सितंबर तक मंडी में आयोजित की जाएगी। महासचिव अंकुर राणा ने बताया कि यह ट्रायल सफलतापूर्वक किया गया है। इस वर्ष लड़कों की टीम में प्रथम, नीतीश, विनीत, अभिषेक, रोहित, रक्षित, अध्यन, विशाल, विशाल गिरि और प्रामिन तथा लड़कियों की टीम में किरण, अस्मिता, यांगजोम, तानिया, श्रेयसी, तनवी, काव्या, आंचल, शांभवी, प्रेरणा और निधि का चयन किया गया है। ट्रायल के बाद जो खिलाड़ी चयनित हुए हैं, उनके लिए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 5 से 11 तक किया जाएगा और उसके बाद सभी खिलाड़ी 12 को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए मंडी रवाना होंगे। (अनंत ज्ञान)

**शिविर** स्वस्थ आहार और नियमित दंत देखभाल की दी जानकारी

# 60 से अधिक मरीजों की निशुल्क जांच की, 50 के किए लैब टेस्ट

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

द हंस फाउंडेशन संस्था ने वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पनगां में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया।

शिविर के दौरान 60 से अधिक मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया और इसके साथ ही 50 से अधिक लैब टेस्ट किए गए। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाना और स्थानीय समुदाय को पोषण और दंत स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक करना था। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टर शमशेर सिंह पुजारा और चिकित्सा कर्मियों की टीम ने विभिन्न बीमारियों का परीक्षण और उपचार किया। इसके साथ ही पोषण और दंत स्वच्छता पर विशेष सत्र आयोजित किए गए, जहां लोगों को संतुलित आहार, आवश्यक पोषक तत्वों और दांतों की देखभाल के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। स्वास्थ्य शिविर के दौरान स्थानीय निवासियों को दंत चिकित्सा सेवाएं भी प्रदान की गईं और उन्हें दांतों की सफाई के लिए आवश्यक सामग्री भी वितरित की। पोषण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए बच्चों और व्यस्कों दोनों को स्वस्थ आहार और नियमित दंत देखभाल के महत्व पर बल दिया गया। हंस फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने बताया कि इस प्रकार के शिविर उनके लगातार किए गए प्रयासों का हिस्सा हैं, जिनके माध्यम से वे दुर्गम और जरूरतमंद वाले क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं और जागरूकता को बढ़ावा दे रहे हैं। शिविर में भारी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए और उन्होंने फाउंडेशन के इस प्रयास की सराहना की।



द हंस फाउंडेशन संस्था के पनगां स्कूल में स्वास्थ्य शिविर के दौरान स्वास्थ्य जांचते डॉक्टर।

## नशे की रोकथाम के लिए ठोस नीति की आवश्यकता : शौरी

**बंजार।** प्रदेश में गो वंश के संरक्षण के लिए समय-समय पर नीति बनाने व गो अभ्यारण बनाने की मांग उठती आई है। गो वंश के संवर्धन के नाम पर शराब पर सरकार द्वारा उपकर लगाया गया है। बावजूद इसके गोवंश की सड़कों पर लावारिस पशुओं के रूप में संख्या बढ़ती जा रही है व प्रदेश में गो तस्करी के मामले सामने आ रहे हैं। गो तस्करी के मामले सामने आने से प्रदेश में धार्मिक सौहार्द भी डगमगाया है। हिंदू बहुल प्रदेश में धार्मिक मान्यताओं से जुड़ा मामला होने के कारण गो तस्करी एक संवेदनशील मामला है।

प्रदेश में गत दो वर्षों में गो तस्करी के 9 मामले सामने आए हैं, जिनमें 82 गो वंशों को तस्करी से बचाया गया। यह जानकारी विधानसभा सत्र के दौरान बंजार विधानसभा से विधायक सुरेंद्र शौरी के सवाल के जवाब में सामने आई। विधायक शौरी ने कहा कि सरकार ने इन सभी मामलों में तस्करी के स्रोतों व मामले के मुख्य सरगनाओं को पकड़ने में कोई रुचि नहीं दिखाई है। विधायक ने कहा कि प्रदेश में ऐसे मामलों का बढ़ना प्रदेश सरकार की हमारी मान्यताओं के प्रति उदासीनता को दर्शाता है।




**कार्यालय ग्राम पंचायत खलानु**
**विकास खंड सदर मंडी, जिला (हि.प्र.)**

**ग्राम** पंचायत खलानु विकास खंड सदर मंडी जिला मंडी आवश्यकता अनुसार समय-समय पर निम्न निर्माण सामग्रियों की, वित्त वर्ष 2024-25 में कार्यों के निष्पादन हेतु आपूर्ति के लिए अधिकृत विक्रेताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 8/09/2024 को अपराह 2 बजे तक पंचायत कार्यालय में स्वीकार की जाएंगी व दिनांक 9/09/2024 को अपराहन 12 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएंगी।

| क्र.सं. | सामग्री का विवरण | मात्रा जिसमें मूल्य वांछित है |
|---|---|---|
| 1. | रेत (कंसा क्यूरी) | प्रति क्यूबिक मीटर |
| 2. | रेता (क्रशर) | प्रति क्यूबिक मीटर |
| 3. | बजरी (20 एमएम कंसा क्यूरी) | प्रति क्यूबिक मीटर |
| 4. | बजरी (10 एमएम क्रशर) | प्रति क्यूबिक मीटर |
| 5. | बजरी (20 एमएम क्रशर) | प्रति क्यूबिक मीटर |
| 6. | बजरी (40 एमएम क्रशर) | प्रति क्यूबिक मीटर |
| 7. | सोलिंग/बोल्डर पत्थर | प्रति क्यूबिक मीटर |
| 8. | पत्थर (कट स्टोन) | प्रति क्यूबिक मीटर |
| 9. | ईंट | प्रति ईंट/प्रति हजार |
| 10. | जेसीबी कार्य ढुलाई व ब्रेकर | प्रति घंटा |
| 11. | सेटरिंग लकड़ी, स्टील आदि | प्रति स्क्वेयर मीटर |
| 12. | सीमेंट किराया एचपीएस सीएससी डिपो | प्रति बैग |

**शर्तें:** 1. निविदादाता के पास अपना पंजीयन पैन संख्या, जीएसटी नंबर होना आवश्यक है। 2. दरें अंकों और शब्दों में लिखी जाएं। 3. ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता की व विभाग से हस्ताक्षतिर एम फार्म जमा करवाने होंगे। एम फार्म उपलब्ध न करवाने की स्थिति में सामग्री संबंधी रायल्टी 60 रुपए प्रति टन के हिसाब से काटी जाएगी। 4. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग के स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। 5. निविदादाता प्रति सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी गत समय में की गई सामग्री आपूर्ति की देय राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा। 6. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने, समान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने तथा सामग्री गुणवत्ता के चयन का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा तथा ग्राम पंचायत को निविदाएं किसी भी समय रद करने का पूर्ण अधिकार रहेगा। 7. सामग्री की उपलब्धता निर्माण स्थल तक (जहां तक गाड़ी जा सकती हो) करवानी होगी 8. निविदादाता को 25000/- रु. धरोहर राशि साथ में जमा करवानी होगी

**प्रधान/सचिव, ग्राम पंचायत खलानु, विकास खंड सदर मंडी**

## न्यूज ब्रीफ

### पेंशनर फेडरेशन की बैठक 9 सितंबर को

**अर्की।** हिमाचल प्रदेश पेंशनर फेडरेशन के प्रेस सचिव रोशन लाल वर्मा ने बताया कि इस मास की मासिक बैठक 9 सितंबर को खंड प्रधान मदनलाल गर्ग की अध्यक्षता में समुदायक भवन अर्की के प्रांगण में प्रातः 11 बजे होगी। बैठक में पेंशनर्स को पेंशन देरी से मिलने पर भी चर्चा की जाएगी।

### गुरु नानक स्कूल के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**पांवटा साहिब।** अंडर-14 जिला स्तरीय खेल एवं संगीत प्रतियोगिता का आयोजन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, माजरा में किया गया। खो-खो प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्रों की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया और इस टीम के दो छात्र राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं। बैडमिंटन प्रतियोगिता में स्कूल के छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और इस टीम के एक छात्र का राज्य स्तरीय टीम में चयन हुआ है। फुटबॉल टीम ने भी प्रथम स्थान की ट्रॉफी अपने नाम की। इस टीम के छह छात्रों का चयन राज्य स्तरीय टीम के लिए हुआ है, जो अत्यंत हर्ष का विषय है। विद्यालय की बास्केटबॉल टीम ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय के गौरव में चार चांद लगा दिए।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं के साक्षात्कार

**नाहन।** बाल विकास परियोजना शिलाई के अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के नौ पदों तथा सहायिकाओं के 17 पदों के लिए साक्षात्कार 25 व 26 सितंबर को एसडीएम शिलाई के कार्यालय में प्रातः 11 बजे आयोजित किए जाएंगे। यह जानकारी बाल विकास परियोजना अधिकारी शिलाई ने देते हुए बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साक्षात्कार की तिथि 25 सितंबर है, जबकि आंगनबाड़ी सहायिकाओं के साक्षात्कार 26 सितंबर को होंगे। अभ्यर्थी को साक्षात्कार के दिन संबंधित प्रमाण पत्रों की मूल प्रति के साथ व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना होगा।

### आयुर्वेदिक अस्पताल की सेवाओं पर की चर्चा



**पांवटा साहिब।** पांवटा साहिब के सूरजपुर में रोगी कल्याण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। एसडीएम गुंजीत सिंह चीमा सिंह चीमा की अध्यक्षता में आयुर्वेदिक अस्पताल की सेवाओं और बजट पर चर्चा हुई। बैठक में डॉक्टर जसप्रीत कौर और डॉक्टर कुलदीप शर्मा ने आयुर्वेदिक अस्पताल की सेवाओं के बारे में जानकारी दी। डॉ. कुलदीप ने बताया कि आयुर्वेदा बीमारियों का एक स्थायी समाधान है इसलिए इस वैदिक चिकित्सा पद्धति के प्रति लोगों को जागरूक करना जरूरी है। वहीं, उपमंडल अधिकारी के द्वारा आयुर्वेदिक अस्पताल द्वारा दी जा रही सेवाओं की सराहना की और सीमित संसाधनों के बावजूद अच्छे काम की प्रशंसा की। बाद में 2023-24 के आय-व्यय के बारे में बताया और 2024-25 के लिए बजट पारित किया गया।

### धुंदन में अव्वल रहे छात्रों को किया सम्मानित



**दाड़लाघाट।** धुंदन स्कूल में प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर की अध्यक्षता में एक सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इसमें राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भूमती में आयोजित अर्की जोन की छात्र अंडर-19 खेलकूद प्रतियोगिता में विद्यालय का सराहनीय प्रदर्शन करने वाली टीम, शारीरिक प्रवक्ता धर्म दत्त और कला अध्यापक विजय कुमार का विद्यालय परिसर में फूल-मालाओं व हार पहनाकर स्वागत किया गया। इस अर्की जोन की प्रतियोगिता में स्कूल का प्रदर्शन बहुत ही सराहनीय रहा। स्कूल के खिलाड़ियों ने कुश्ती व मार्च पास्ट में प्रथम स्थान, कबड्डी में दूसरा स्थान हासिल किया।

### नाहन में 1500 से अधिक डेंगू मामले : नाथूराम

**नाहन।** सिरमौर जिले का मुख्यालय, डेंगू के बढ़ते मामलों से जूझ रहा है। स्थानीय निवासी नाथूराम चौहान ने कहा, नाहन शहर डेंगू का हॉटस्पॉट बन गया है। स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन इस मुद्दे पर गंभीर नहीं है और मामलों को दबाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नाहन शहर के प्रत्येक गली-मोहल्ले में डेंगू के रोगी हैं और अस्पतालों में पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं। उद्योग मंत्री के निर्देशों के बाद भी शहर में फॉगिंग नहीं हुई और अस्पतालों में अलग से काउंटर स्थापित नहीं किए गए हैं।

### नवगांव के खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**दाड़लाघाट।** राजकीय वरिष्ठ मध्यमिक विद्यालय भूमती में आयोजित जोन स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में स्वर्ण जयंती उत्कृष्ट विद्यालय नवगांव के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। खिलाड़ियों ने वॉलीबाल प्रतियोगिता में घनागुघाट स्कूल को 5 सेटों के खेल में तीन-एक से पराजित कर विजय प्राप्त की। बुधवार को विद्यालय पहुंचने पर सभी खिलाड़ियों, टीम कोच, शारीरिक शिक्षक अमित शर्मा, रजनीश शर्मा व खेमराज का स्वागत किया गया।

### 13 से 15 तक आर्य समाज मनाएगा वार्षिक उत्सव

**राजगढ़।** आर्य समाज की राजगढ़ ईकाई का 53वां वार्षिक उत्सव आगामी 13 से 15 सितंबर तक आर्य समाज मंदिर में मनाया जाएगा। आर्य समाज सभा राजगढ़ के अध्यक्ष प्रेम चंद चौहान ने जानकारी दी कि इस उत्सव में आर्चाय सुश्रुत सामश्रमी वेद प्रवक्ता सहारनपुर, देवेंद्र शास्त्री वेद प्रवक्ता नारग, उपेंद्र आर्य भजनोपदेशक चंडीगढ़ तथा गोविंद आर्य भाग लेंगे। इसके अतिरिक्त डीएवी शताब्दी महात्मा आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल, दस्सन पब्लिक स्कूल व गुरुकुल पीच वैली इंटरनेशनल स्कूल राजगढ़ के छात्र सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे ।

### साइबर सुरक्षा के बारे में किया मार्गदर्शन

**सोलन।** सराहां कॉलेज की साइबर जागरूकता सेल एवं एनएसएस इकाई ने साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसके अंतर्गत कॉलेज सभागार में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रो. सुदेश कुमार (संयोजक, साइबर जागरूकता सेल) ने छात्रों को विभिन्न साइबर खतरों और साइबर सुरक्षा के बारे में मार्गदर्शन किया। उन्होंने डिजिटल दुनिया में खुद को सुरक्षित करने के लिए तकनीकी समाधानों के अलावा जागरूकता की भूमिका पर जोर दिया।

### भाजपा के सदस्यता अभियान का किया शुभारंभ



**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ।** किन्नौर भाजपा का जिला स्तरीय भाजपा सदस्यता अभियान का शुभारंभ रिकांगपिओ में भाजपा जिलाध्यक्ष यशवंत नेगी ने पूर्व वन निगम उपाध्यक्ष सूरत नेगी को सदस्यता दिलाकर किया। यशवंत नेगी ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री मोदी को राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सदस्यता दिलाकर सदस्यता अभियान का शुभारंभ 2 को किया था, जबकि प्रदेश स्तर पर पूर्व मख्यमंत्री जयराम की सदस्यता के साथ सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया, जिसके तर्ज पर जिला स्तर पर अभियान का शुभारंभ सूरत नेगी को सदस्यता दिलाकर किया गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में 16 लाख नए सदस्य और किन्नौर में 25 हजार नए सदस्य जोड़ने का लक्ष्य रखा है।

### रिवाइज्ड शेड्यूल एम समय की डिमांड

**बीबीएन।** फेडरेशन आफ इंडियन इंडस्ट्री एवं लघु उद्योग संघ के पदाधिकारियों ने राज्य औषधि नियंत्रक डॉ. मनीष कपूर के साथ बैठक की। फेडरेशन आफ इंडियन इंडस्ट्री के प्रदेश अध्यक्ष चिरंजीव ठाकुर व वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुमित सिंगला ने कहा कि आज रिवाइज्ड शेड्यूल एम को छोटे उद्योगों में लागू करना सबसे बड़ी चुनौती है, जो सभी उद्योगों के लिए चिंता का विषय है। इस चुनौती को पार पाना सबके लिए नामुमकिन है। रिवाइज्ड शेड्यूल एम समय की डिमांड है, जिसको नकारा नहीं जा सकता, लेकिन इसके पैरामीटर को पूरा करना लघु उद्योगों के लिए आसान नहीं है। उन्होंने राज्य नियंत्रक से आग्रह किया कि लघु फार्मा उद्योगों को अलग नजरिये से देखने की जरूरत है।

# 25 फीसदी से कम रहा रिजल्ट, अब लटकी कार्रवाई की तलवार

## स्कूलों में कहीं शिक्षकों के पद खाली, तो कहीं शिक्षकों पर पढ़ाई के अलावा सैलरी, ऑनलाइन अपडेशन बनाने का जिम्मा

**आर मोहन चौहान, सोलन**

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में बोर्ड परीक्षा के परिणाम खराब आने पर शिक्षा विभाग ने स्कूलों को कारण बताओ नोटिस जारी किए थे, जिसके बाद चौंकाने वाले विभाग को जवाब मिले हैं।

स्कूलों में कहीं शिक्षकों के पद खाली, तो कहीं पढ़ाई के अलावा इस वर्ग पर सैलरी, ऑनलाइन अपडेशन, आफ सर्विस बुक बनाने का भी जिम्मा है। कुछ स्कूलों में पुरे साल में कई विषयों के शिक्षक ही नहीं थे। शिक्षा विभाग ने फीडबैक के आधार पर निदेशालय को रिपोर्ट भेजी है। कारण चाहे जो भी हो इस वर्ष 10वीं व 12वीं की परीक्षा में खराब रिजल्ट वाले स्कूलों पर अब कार्रवाई की तलवार लटक गई है। उच्च शिक्षा उप-निदेशक सोलन ने शिक्षा विभाग को भेजी रिपोर्ट में कार्रवाई की सिफारिश की है। इससे स्कूल के मुखिया सहित उन अध्यापकों के खिलाफ कार्रवाई तय मानी जा रही है। जानकारी के मुताबिक सोलन में 2 निजी सहित 8 सरकारी स्कूलों में 10वीं व 12वीं का रिजल्ट 25 फीसदी से कम रहा था। विभाग ने इन सभी स्कूलों को कारण बताओ नोटिस जारी किए थे। 2 निजी स्कूलों को छोड़कर विभाग ने अपने 6 स्कूलों से 15 दिनों के अंदर नोटिस का जवाब मांगा था। इसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दुर्गापुर धारड़ी ने स्पष्ट कर दिया कि बोर्ड के गजट में कुछ तकनीकी गलती के चलते रिजल्ट 25 फीसदी से कम दिखाया गया था, जो वास्तव में इससे ज्यादा है। नोटिस के जवाब में सभी बच्चों का रिजल्ट संलग्न किया है। इस तरह अब 5 स्कूलों पर कार्रवाई की तलवार लटकी हुई है। (अनंत ज्ञान)



**शिक्षा** विभाग जिला सोलन के डिप्टी डायरेक्टर उच्च शिक्षा जगदीश नेगी ने बताया कि खराब रिजल्ट को लेकर सभी स्कूलों के जवाब आ गए हैं। उन्हें स्कूलों से आए जवाब के मुताबिक रिपोर्ट शिक्षा विभाग निदेशालय को भेज दी है, जिसमें खराब रिजल्ट को लेकर कार्रवाई करने की सिफारिश की गई है।

### इन स्कूलों का परीक्षा परिणाम कम

**डीबी** पब्लिक स्कूल कुर्नवाला का 10वीं का रिजल्ट 23 फीसदी रहा है। 13 छात्रों ने 10वीं की परीक्षा दी थी। इसमें से 3 पास, 2 की कंपार्टमेंट और 8 फेल हुए हैं। राजकीय हाई स्कूल बधोनीघाट में 15 में से 14 ने 10वीं की परीक्षा दी, जिसमें से केवल 3 छात्र पास हुए, जबकि 7 की कंपार्टमेंट और 4 फेल हो गए हैं। स्कूल का रिजल्ट 21.43 फीसदी रहा। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डोली में 10वीं कक्षा का रिजल्ट 20.53 फीसदी रहा है। 24 में से केवल 5 छात्र उत्तीर्ण हुए, जबकि 8 फेल और 11 को कंपार्टमेंट आई है। राजकीय हाई स्कूल ढकरियाना का 10वीं का रिजल्ट 20 फीसदी रहा, जिसमें 15 में से एक छात्र पास हुआ है, जबकि 2 की कंपार्टमेंट और 2 फेल हुए हैं। कुमारहट्टी स्कूल का 10वीं का रिजल्ट 20 फीसदी रहा। 30 छात्रों में से केवल 6 पास हुए हैं, जबकि 13 की कंपार्टमेंट और 11 फेल हो गए हैं। शारदा पब्लिक स्कूल अंबोटा टकसाल का रिजल्ट सबसे कम 18.18 फीसदी रहा। 11 छात्रों में से 2 पास हुए, जबकि 3 की कंपार्टमेंट और 6 फेल हुए हैं। इसी तरह 12वीं में 2 स्कूलों का रिजल्ट 25 फीसदी या इससे कम रहा है। एसडी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दुर्गापुर धारड़ी 12वीं का रिजल्ट 25 फीसदी रहा। 12 छात्रों में 3 पास हुए, जबकि 5 की कंपार्टमेंट और 4 फेल हुए हैं।

### कंपार्टमेंट से बिगड़ी स्थिति

**राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला झाड़माजरी का रिजल्ट 16.95 फीसदी रहा। 59 छात्रों में से 10 पास हो गए, जबकि 37 की कंपार्टमेंट और 12 फेल हुए हैं, जिन स्कूलों का रिजल्ट 25 फीसदी से कम है, उनमें अधिकांश छात्रों की कंपार्टमेंट आई हैं। यदि वे सभी पास हो जाते हैं, तो स्कूल के रिजल्ट में सुधार हो सकता है। कुमारहट्टी स्कूल की ओर से नोटिस के जवाब में बताया गया कि स्कूल में जहां 11 बच्चे फेल हुए हैं, वहीं 13 की कंपार्टमेंट है। फेल हुए 11 बच्चों में से छात्र पिछले वर्ष भी फेल थे। इसके अलावा गणित के अध्यापक की समय-समय पर कई ट्रेनिंग कार्यक्रमों में ड्यूटी लगी रही। डोली स्कूल ने स्टाफ की भारी कमी खराब रिजल्ट का कारण बताया। टीजीटी नॉन-मेडिकल का पद मई-2023 से अक्तूबर, 2023 तक खाली रहा। टीजीटी मेडिकल की अध्यापक मार्च 2023 से सितंबर 20.23 तक मातृत्व अवकाश, टीजीटी आर्ट्स का पद जून-2023 से सितंबर 2023 तक खाली रहा। एलटी टीचर का पद 2021 से खाली है। प्रवक्ता इतिहास का पद 2023 से खाली है। कॉमर्स व अर्थशास्त्र के पद जब से सृजित हुए तब से खाली हैं। ढकरियाना स्कूल के अध्यापक ने बताया कि खराब रिजल्ट के लिए पढ़ाई के अलावा दिए गए कई चार्ज को बताया। वर्कलोड के कारण कई बार छात्रों को पढ़ाने के लिए समय निकालना मुश्किल हो गया। उस अध्यापक के पास स्टाफ की सैलरी, ऑनलाइन अपडेशन, आफ सर्विस बुक, ऑनलाइन छात्र अध्यापक डाटा व इसके अलावा भी कई प्रकार के चार्ज दिए गए हैं। एक स्कूल ने अपने जवाब में बताया कि उनके स्कूल में जहां 4 छात्र फेल हुए हैं, वहां 7 की कंपार्टमेंट है, जिन छात्रों की कंपार्टमेंट है वे अनुपूरक परीक्षा में पास होंगे। छात्र आत्मविश्वास से भरपूर हैं। झाड़माजरी स्कूल ने जवाब में बताया कि 12वीं में अधिकांश छात्र प्रवासी मजदूरों के बच्चे हैं। यह सभी छात्र अंग्रेजी विषय में बहुत कमजोर हैं। इसके अलावा यह छात्र स्कूलों से अनुपस्थित बहुत रहते हैं।

# 156 उपयोग में आने वाली दवाओं को बेचने का हाईकोर्ट से विक्रेताओं को मिला अधिकार : सिंगला

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

इंडियन फेडरेशन ऑफ फार्मा जेनेरिक्स (आईएफपीजी) ने 12 अगस्त को जारी अधिसूचना के तहत एक व्यापक रूप में 156 उपयोग किए जाने वाले फार्मायूटिकल उत्पाद पर लगाए गए प्रतिबंध के प्रवर्तन पर दिल्ली उच्च न्यायालय से रोक लगाई गई थी।



इसके लिए आईएफएमजी की तरफ से दिल्ली उच्च न्यायालय से सभी जेनेरिक कंपनीज का स्टॉक जमा करवाने की अपील की थी। जिसके परिणामस्वरूप उनको मार्केट में पड़े स्टॉक को बेचने का स्टे मिल गया है। आईएफएमजी के महासचिव ज्ञानेश जेसवाल ने कहा कि हम न्यायालय के इस निर्णय का स्वागत करते हैं, जो यह सुनिश्चित करता है कि रोगियों को इस विश्वसनीय उपचार विकल्प तक पहुंच मिलती रहे। उन्होंने बताया कि इंडियन फेडरेशन ऑफ फार्मा जेनेरिक्स 156 से अधिक फार्मास्यूटिकल कंपनियों का प्रतिनिधित्व करता है, जो भारत में जेनेरिक दवाओं के अनुसंधान, विकास, निर्माण और विपणन में संलग्न हैं। आईएफएमजी भारत और उससे बाहर किफायती और उच्च गुणवत्ता वाले स्वास्थ्य देखभाल समाधानों की उपलब्धता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। दूसरी तरफ एफआईआई के प्रदेश उपाध्यक्ष, आईएफएमजी के हिमाचल प्रदेश के वाइस प्रेसिडेंट, इडमा के सदस्य व क्योरटेक ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर सुमित सिंगला ने कहा कि 12 अगस्त को प्रतिबंध लगाया था उसको हाईकोर्ट की ओर से विक्रेताओं को स्टे मिलने का स्वागत किया है और कहा है कि ऐसे ही सभी मैन्यूफैक्चरर्स जो लंबे समय से 156 दवाओं प्रतिबंधित में से कुछ प्रोडक्ट बनाते थे, उनको एक प्लेटफार्म पर आकर जो हाई कोर्ट में उनके पास रा मैटेरियल सहित पैकिंजीग स्टॉक पड़ा है, उसके लिए हाई कोर्ट में अपील दायर करनी चाहिए, जिसके कारण करोड़ों रुपए का कच्चे मैटेरियल व रॉ मैटेरियल का स्टॉक पड़ा है उसका नुकसान न हो सके।

### विक्रेताओं ने हाईकोर्ट के फैसले का किया स्वागत

**इसके** लिए आईएफएमजी से जुड़े विक्रेताओं ने हाई कोर्ट के फैसले का स्वागत किया। नामी दवा कंपनियों लीफोर्ड हेल्थ केयर, लूपिन, इंतासास, टॉर्क, अजंता, स्मार्टवे, स्मार्ट लेबोरेटरीज, कैडिला फार्मा, क्योरटेक ग्रुप, मोरविन इंडिया लेबोरेटरीज, जी लेबोरेटरीज सिंकॉम, कोरोनारमेडीज, माइक्रोलैब, बोकार्ड, मास्टर हेल्थ इनोवेशन, अल्बा डेबिट, जैक्सन पाल, बेस्टोचकेम, बायोकम, इंडिको, एंग्लोफ्रेंच आदि ने भी आईएफएमजी की तर्ज पर उक्त फैसले का स्वागत किया।

## नशे के लेन देन को लेकर हुई हत्या के मामले में 14वां आरोपी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान फॉलोअप

**बीबीएन।** बद्दी ट्रक यूनियन के समीप पंचकूला के एक युवक की डंडे मार कर हत्या करने के मामले में पुलिस ने 14वां आरोपी राहुल उर्फ हैप्पी को कसौली से गिरफ्तार किया है।

आरोपी की पहचान राहुल निवासी वार्ड-1 तहसील बद्दी जिला सोलन से हुई, जो कि 8वीं कक्षा तक पढ़ा है। जानकारी के अनुसार 25 अगस्त की शाम को राहुल राय अपने तीन अन्य साथियों के साथ ट्रक यूनियन में गांजा की सप्लाई करने आया था, जिस पर दूसरे गुट के लोगों ने लेनदेन को लेकर मारपीट की, जिससे युवक राहुल राय की मौके पर मौत हो गई है। इस मामले में अब तक पुलिस ने 14 आरोपी पकड़ लिए हैं। एएसपी बद्दी अशोक वर्मा ने मामले की पुष्टि की है, उन्होंने बताया कि मामले की जांच जारी है। गिरफ्तार आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

# राज्य स्तरीय सायर मेले के लिए ऑडिशन 11 से 13 तक

**अनंत ज्ञान, अर्की**



राज्य स्तरीय सायर मेला-2024 की सांस्कृतिक संध्याओं के लिए लोक कलाकारों के ऑडिशन की तिथियां निर्धारित कर दी हैं।

यह जानकारी मेला अधिकारी एवं एसडीएम अर्की यादविंद्र पाल ने सांस्कृतिक उपसमिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। यादविंदर पाल ने कहा कि राज्य स्तरीय सायर मेले की सांस्कृतिक संध्याओं में कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए कलाकारों के ऑडिशन 11, 12 व 13 सितंबर को प्रातः 10 बजे से आयोजित किए जाएंगे। ऑडिशन एसडीएम कार्यालय अर्की के सभागार में आयोजित होंगे। ऑडिशन के लिए कलाकार 10 तक एसडीएम कार्यालय अर्की में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन ईमेल के माध्यम से भी किए जा सकते हैं। स्थानीय एवं विभिन्न जिलों के लोक कलाकार अथवा सांस्कृतिक दल अपनी प्रस्तुति के लिए आवेदन ई-मेल sdmarki.hp@nic.inÂÚU पर कर सकते हैं तथा अधिक जानकारी के लिए कार्यालय दूरभाष नंबर 01796-220666 पर संपर्क कर सकते हैं। यादविंदर पाल ने कहा कि राज्य स्तरीय सायर मेले का आयोजन 16 से 18 सितंबर तक अर्की के चौगान मैदान में होगा। उन्होंने कलाकारों से आग्रह किया कि ऑडिशन के लिए निर्धारित तिथि तक आवेदन करना सुनिश्चित करें।

# मुख्यमंत्री अपने मित्रों पर लूटा रहे प्रदेश का पैसा : प्रताप रावत

**अनंत ज्ञान, नाहन**

भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू प्रदेश का पैसा विकास करने की बजाय अपने मित्रों पर लूटा रहे हैं। रावत ने बताया कि जब से मुख्यमंत्री सुक्खू ने मुख्यमंत्री का पद संभाला है, तब से ही प्रदेश में विकास कार्य बंद पड़े हैं।



इतना ही नहीं हालात यहां तक हो गए हैं कि प्रदेश के कर्मचारियों को अभी तक सैलरी भी नहीं मिली है, जिससे प्रदेश के कर्मचारियों में सरकार के प्रति भारी आक्रोश है। मुख्यमंत्री सुक्खू एक तरफ प्रदेश के कर्मचारियों से कह रहे हैं कि प्रदेश की वित्तीय हालत ठीक नहीं है और दूसरी तरफ अपने तथा अपने मंत्रियों और सीपीएस के अतिरिक्त निगम और बोर्ड के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के वेतन भत्ते 30 हजार रुपए से बढ़ाकर एक लाख 30 हजार रुपए कर दिए हैं। फिर यह पैसा उनके लिए कहां से आया। रावत ने बताया कि मुख्यमंत्री ने अभी तक 30 हजार करोड़ रुपए का कर्जा लिया है। प्रदेश की जनता आपसे सवाल पूछ रही है कि आपने यह पैसा कहां डाला है और आपको केंद्र सरकार से भी बहुत सारा पैसा मिला है उन पैसे का भी प्रदेश की जनता आपसे हिसाब मांग रही है।

# पांवटा में आक्रोशित हुए हिंदू संगठन

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

शहर के हिंदूवादी संगठनों का पारा उस समय सातवें आसमान पर चढ़ गया, जब नाहन के गोहत्या मामले के आरोपी ने पांवटा मुख्य बाजार में दुकान किराये पर ले ली और यहां आकर व्यवसाय करने लगा। बताते चलें कि यह वही आरोपी था, जिसकी हरकतों के कारण जिला मुख्यालय नाहन सांप्रदायिक सद्भाव भी खराब हो गया था।

पांवटा साहिब में कथित आरोपी ने शहर के प्रतिष्ठित ज्वेलर्स के साथ किसी नाम से इकरार नामा किया और धंधा जमा लिया। इस बात कि भनक हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारियों को मिली, तो इकरार नामा के कागजात भी निकाल लिए, जिसमें आरोपी ने अपना नाम और पहचान छुपाते हुए किसी और के नाम से दुकान किराये पर ली और यहां आकर व्यापार करने लगा। आरोपी विवादास्पद व्यक्ति था, जिसकी करतूतों के कारण नाहन में सांप्रदायिक सद्भाव खराब हुआ, दुकानें खाली करवाई गईं, आक्रोशित लोगों ने दुकान से बाहर सामान फेंका और लोगों पर मामले भी दर्ज हुए इसके बाद एक बड़ा आयोजन चौगान मैदान में हिंदूवादी संगठनों ने किया। अब सवाल है कि पांवटा साहिब में रेहड़ी-फड़ी वाले हजारों की तादाद में अपने पांव पसार चुके हैं, लेकिन अभी तक वेरिफिकेशन किसी की नहीं हुई है। इससे पहले भी माजरा में इस प्रकार की घटना हो चुकी है, जिसको तत्कालीन एसपी जमवाल और एएसपी बबीता राणा ने देर रात्रि मौके पर पहुंच कर मामले को निपटा दिया था और किसी भी प्रकार की अनहोनी होने से पहले ही थाम लिया, अब इसकी चिंगारी पांवटा तक पहुच गई है।



हालांकि प्रशासनिक अधिकारी एसडीएम पांवटा गुंजीत सिंह चीमा ने चौबीस घंटे में दुकान खाली करवाने की बात कही है और बताया कि दुकान मालिक से बातचीत हो चुकी है। किसी भी प्रकार सद्भाव खराब नहीं होने दिया जाएगा।

## एनएसएस इकाई ने की साफ-सफाई

**राजगढ़।** राजगढ़ कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एक सफाई अभियान चालाया गया।

इस अभियान के अंतर्गत सभी स्वयंसेवकों की ओर से कॉलेज प्रांगण, खेल मैदान, अमृत वाटिका की सफाई की गई। यह अभियान एनएसएस प्रभारी डॉ. शिव भारद्वाज की अगुवाई में चलाया गया। इस अभियान में लगभग 77 स्वयंसेवी उपस्थित रहे। अंत में कॉलेज के आचार्य राजेंद्र वर्मा ने सफाई अभियान के अंतर्गत किए गए कार्य का निरीक्षण किया तथा इस प्रकार के आगामी स्वच्छता अभियानों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# छात्रों ने देखी विधानसभा की कार्यवाही

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

शिक्षा खंड नारग के तहत कोटला बड़ोग के छात्रों के लिए एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों ने विधानसभा, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडी और ऐतिहासिक रिज मैदान का भ्रमण किया। स्कूल के 40 स्टूडेंट्स एवं विद्यालय के शिक्षक सतीश कुमार, तुषार, वनिता और ममता देवी शामिल हुए।

प्रिंसिपल बंसी लाल नेगी ने बताया कि भ्रमण छात्रों के शैक्षणिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, क्योंकि यह न केवल उन्हें राज्य की राजनीति की कार्यप्रणाली से परिचित करवाती है, बल्कि उन्हें वास्तविक जीवन में भी लोकतंत्र और संविधान के महत्व को समझने का अवसर देती है। जीएसएसएस कोटला बड़ोग के छात्रों के लिए यह यात्रा एक प्रेरणादायक अनुभव साबित हुई। इस शैक्षणिक यात्रा का उद्देश्य छात्रों को विधानसभा की कार्यवाही के बारे में जागरूक करना था, जिससे वे समझ सकें कि किस प्रकार राज्य सरकार द्वारा नीतियां बनाई जाती हैं, उन पर चर्चा होती है और अंत में उन्हें लागू किया जाता है। यात्रा के दौरान छात्रों ने विधानसभा भवन का दौरा किया और सत्र की कार्यवाही को प्रत्यक्ष रूप से देखा।



छात्र इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडी के भ्रमण के दौरान।

# पेंशनर्स को पेंशन न मिलने पर रोष किया व्यक्त

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

शिव मंदिर दाड़लाघाट के सभागार में भारतीय राज्य पेंशनर्ज महासंघ इकाई दाड़लाघाट की मासिक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता इकाई के अध्यक्ष डॉ. मनोज शर्मा ने की।

बैठक में विशेष रूप से मुख्य सलाहकार लेखराम शर्मा, प्रदेश महासचिव इंद्रपाल शर्मा, जिला सोलन प्रधान बाबूराम कौंडल उपस्थित रहे। बैठक में पेंशनर्स की वर्तमान परिस्थिति जैसे पेंशन का समय पर भुगतान न होना, मंहगाई भत्ते की तीन किश्तों का भुगतान न होना तथा बढ़ी पेंशन का बकाया आदि के बारे में चर्चा की गई। बैठक में पेंशनर्स को पेंशन न मिलने पर, महंगाई भत्ते की तीन बकाया किश्तें तथा बढ़ी हुई बकाया पेंशन राशि का लंबे समय से अदायगी न होने पर तथा चिकित्सा बिलों का अभी तक भुगतान नहीं होने पर सरकार के प्रति रोष व्यक्त किया।



## एनएच पर फिर हुआ लैंडस्लाइड

**पांवटा साहिब।** पांवटा साहिब के पास शिलाई नेशनल हाईवे-707 पर फिर से लैंडस्लाइड होने से यात्री परेशान हो गए हैं। हेवना के पास भूस्खलन होने के कारण नेशनल हाईवे बंद हो गया है और लोग जान जोखिम में डालकर पैदल ही एक छोर से दूसरे छोर तक जाने को मजबूर हैं।

इस कारण सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइनें लगी हुई हैं और गिरिपार क्षेत्र के हजारों लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एनएचएआई के सहायक अभियंता सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि हेवना के पास भूस्खलन होने से एनएच बंद हो गया है और संबंधित कंपनी को मशीनें भेजने के निर्देश दे दिए हैं। जल्द ही नेशनल हाईवे को बहाल कर दिया जाएगा। लोगों को परेशानियों से बचाने के लिए एनएचएआई और स्थानीय प्रशासन की टीमें मौके पर काम कर रही हैं और जल्द ही स्थिति को सामान्य बनाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि वे स्थिति को सामान्य होने तक धैर्य रखें और सुरक्षित यात्रा करें।

**प्रेस वार्ता** भाजपा के सदस्यता अभियान के तहत प्रदेश में 16 लाख लोगों को जोड़ने का लक्ष्य : डॉ. सैजल

# सोलन में जोड़े जाएंगे 1 लाख 25 हजार सदस्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

भाजपा के विशेष सदस्यता अभियान के तहत में हिमाचल प्रदेश में 16 लाख लोगों को जोड़ने का लक्ष्य है।

प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. राजीव सैजल ने सोलन में पत्रकार वार्ता में कहा कि हिमाचल के कुल 8 हजार बूथों में दो-दो हजार सदस्य जोड़े जाएंगे। इसके लिए शीर्ष नेतृत्व सहित स्थानीय पदाधिकारी लोगों के घरद्वार पहुंचेंगे। सोलन के प्रत्येक ब्लॉक में 25 हजार सदस्यत जोड़ने का लक्ष्य है। इसके तहत जिले में 1 लाख 25 हजार सदस्यों को जोड़ा जाएगा। डॉ. सैजल ने कहा कि भाजपा ने वर्ष 2014 में मिस कॉल सदस्यता का अभियान शुरू किया था। उस समय 11 करोड़ सदस्य जोड़ने का रिकॉर्ड स्थापित हुआ था, तब प्रदेश में 3 लाख 52760 सदस्य जोड़े गए थे। इसके 6 वर्ष बाद 2019 में हुए सदस्यता अभियान में देश कुल 18 करोड़ सदस्यों को जोड़कर भाजपा विश्व की सब से बड़ी राजनितिक पार्टी बनी। वर्ष 2019 में प्रदेश में 8 लाख 84,184 सदस्य जोड़े गए थे। इस बार यह लक्ष्य 16 लाख सदस्यों को जोड़ने का है। सदस्यता लेने के लिए मिस कॉल अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए नंबर जारी किया गया है। सदस्यता अभियान 25 सितंबर तक चलेगा। इस दिन पार्टी के संस्थापक दीनदयाल उपाध्याय की जयंती है। सैजल ने कहा कि इसके बाद 16 से 31 अक्तूबर तक वर्ग विशेष को जोड़ने का सदस्यता अभियान चलेगा। सैजल ने कहा कि भाजपा की सदस्यता बढ़ने का कारण देश में पिछले 10 वर्षों के दौरान पीएम का कुशल नेतृत्व है, जिनके नेतृत्व में देश हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है।




भाजपा के सदस्यता अभियान को लेकर पत्रकार वार्ता करते डॉ. राजीव सैजल।

# बुजुर्गों को सेहतमंद जिंदगी के बारे में बताएंगी पैलिएटिव और एल्डर्ली केयर टीमें : सीएमओ

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला सिरमौर में बुजुर्गों को स्वास्थ्य संबंधी दिक्कत न हो। इसके लिए सरकार की ओर से स्वास्थ्य विभाग द्वारा पैलिएटिव और एल्डर्ली केयर प्रदान की जा रही है।



इसके लिए विभाग की ओर से टीओटी (ट्रेनर ऑफ ट्रेंस) तैयार किए गए हैं। यह बताएंगे कि सेहतमंद जिंदगी कैसे बिताई जाए। टीओटी को विभाग की ओर से बाकायदा प्रशिक्षण दिया गया है। यह टीओटी अपने-अपने स्वास्थ्य खंडों में केयर टीमों का गठन कर उन्हें प्रशिक्षण देंगे। इसके अलावा चिकित्सक, सीएचओ और आशा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देंगे, जो इन केयर टीमों का हिस्सा बनेंगे। सरकार और स्वास्थ्य विभाग की इस मुहिम से बुजुर्गों और गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोगों को राहत मिलेगी। पैलिएटिव केयर में रोगी की जरूरतों पर ध्यान दिया जाता है, न कि उसके पूर्वानुमान पर। यह किसी भी उम्र में और किसी भी गंभीर बीमारी के किसी भी चरण में दी जा सकती है। सीएमओ डॉ. अजय पाठक ने बताया कि सिरमौर में बुजुर्ग और गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोगों को पैलिएटिव और एल्डर्ली केयर दी जाएगी। इसके लिए विभाग की ओर से टीओटी तैयार किए जा रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### चंडीगढ़ ने 27 प्रतिशत जीएसटी की वृद्धि हासिल की




**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने अगस्त-2024 के लिए राज्यवार वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह डेटा जारी किया है। एक महत्वपूर्ण उपलब्धि में, केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ ने अगस्त महीने के लिए अपने जीएसटी राजस्व में 27 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की है। चंडीगढ़ ने अगस्त 2024 के लिए कुल जीएसटी संग्रह 244 करोड़ रुपए रहा, जो पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान एकत्र किए गए 192 करोड़ रुपएकी तुलना में 52 करोड़ की मजबूत वृद्धि दर्शाता है। यह उछाल क्षेत्र में मजबूत आर्थिक सुधार और बेहतर अनुपालन को दर्शाता है, जो राष्ट्रीय राजस्व में प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में चंडीगढ़ की स्थिति को मजबूत करता है। चंडीगढ़ प्रशासन इस उल्लेखनीय उपलब्धि को हासिल करने में व्यवसायों और करदाताओं की भूमिका को स्वीकार करता है।

### ईंट-भट्ठे की दीवार ढहने से तीन बच्चों की मौत

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पंचकूला जिले में बुधवार को भारी बारिश से बचने के लिए ईंट-भट्ठे की दीवार के पास खड़े तीन बच्चों की दीवार ढह जाने से मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि तीन बच्चों में एक लड़की और दो लड़के थे, जिनकी उम्र क्रमशः सात साल, पांच साल और अढ़ाई साल थी। पुलिस के अनुसार, बच्चे ईंट-भट्ठे के पास खेल रहे थे कि तेज बारिश शुरू हो गई। पुलिस के अनुसार बच्चों के माता-पिता ईंट भट्ठे पर मजदूरी करते थे। रायपुर रानी के थाना प्रभारी सुखबीर सिंह ने बताया कि बच्चे बारिश से बचने के लिए एक दीवार के पास खड़े थे, लेकिन अचानक वह ढह गई और वे मलबे में दब गए। सिंह ने बताया कि तीनों बच्चों को अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। अधिकारी ने बताया कि बच्चों के माता-पिता उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ के रहने वाले हैं और पिछले 15 वर्षों से पंचकूला जिले में रह रहे हैं।

### सेवा क्षेत्र की वृद्धि अगस्त में बढ़कर 60.9 रही

**नई दिल्ली।** भारत के सेवा क्षेत्र की वृद्धि अगस्त में जुलाई की तुलना में बढ़ी। इसमें मार्च के बाद से सबसे तेज विस्तार देखा गया। एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक जुलाई में 60.3 से बढ़कर अगस्त में 60.9 हो गया। यह मार्च के बाद सबसे तेज विस्तार है। इसे काफी हद तक उत्पादकता लाभ और सकारात्मक मांग के रुझान से समर्थन मिला। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है। एचएसबीसी के मुख्य अर्थशास्त्री (भारत) प्रांजुल भंडारी ने कहा कि भारत के लिए समग्र पीएमआई अगस्त में मजबूत वृद्धि रही जो सेवा क्षेत्र में त्वरित व्यावसायिक गतिविधि से प्रेरित है। इसमें मार्च के बाद से सबसे तेज विस्तार हुआ। यह वृद्धि मुख्य रूप से नए ठेकों खासकर घरेलू ठेकों में वृद्धि से प्रेरित रही।''

### दिल्ली के मालवीय नगर में युवक को मारी गोली

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मालवीय नगर में फायरिंग की घटना सामने आई है। यहां आरोपियों ने एक युवक को गोली मार दी है। दिल्ली पुलिस के अनुसार, मंगलवार रात को मालवीय नगर पुलिस स्टेशन में फायरिंग की घटना के बारे में एक पीसीआर कॉल आई थी। इसके बाद पुलिस कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे। वहां पीड़ित के चाचा ज्ञानचंद ने बताया कि कार में आए 3 से 4 अज्ञात लड़कों ने उनके 26 वर्षीय भतीजे विकास को गोली मार दी है। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। आरोपियों की तलाश जारी है।

### हसीना के खिलाफ हत्या के दो और मामले दर्ज

**ढाका।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ हत्या के दो और मामले दर्ज किए गए हैं, जिसके बाद उनके खिलाफ मुकदमों की कुल संख्या 94 हो गई है। मीडिया में आई खबरों में बुधवार को यह जानकारी दी गई। हसीना (76) ने पिछले महीने इस्तीफा दे दिया था और भागकर भारत चली गयी थीं। अवामी लीग नेता हसीना के खिलाफ अब तक कम से कम 94 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें से ज्यादातर मामले सरकारी नौकरियों में विवादास्पद कोटा प्रणाली के खिलाफ छात्रों के व्यापक प्रदर्शन के दौरान हत्याओं से जुड़े हैं।

### यूक्रेन के विदेश मंत्री दमित्रो कुलेबा ने दिया इस्तीफा



**कीव।** यूक्रेन के विदेश मंत्री दमित्रो कुलेबा ने बुधवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। पिछले सप्ताह राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा था कि जल्द ही मंत्रिमंडल में फेरबदल होगा। संसद के अध्यक्ष रुस्लान स्टेफानचुक ने अपने फेसबुक पेज पर कहा कि कुलेबा के इस्तीफे के अनुरोध पर सांसदों की अगली पूर्ण बैठक में चर्चा की जाएगी। विदेश मंत्री ने ऐसे वक्त में इस्तीफा दिया है जब लीव शहर में रातभर जारी हमलों में सात लोग मारे गए और 35 लोग घायल हुए हैं। लीव के मेयर एंड्री सदोवकी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

### भाजपा विधायक नीतेश के खिलाफ मामला दर्ज



**ठाणे (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने नफरत फैलाने वाला भाषण देने के आरोप में भाजपा विधायक नीतेश राणे के खिलाफ मामला दर्ज किया है। राणे ने अपने भाषण में मस्जिदों में घुसकर मुस्लिमों को मारने की धमकी दी थी। नीतेश राणे ने एक सितंबर को हिंदू संत महंत रामगिरी महाराज के समर्थन में अहमदनगर जिले में श्रीरामपुर और तोपखाना इलाके में आयोजित दो जनसभाओं को संबोधित किया था। पिछले महीने वह इस्लाम और पैगंबर मोहम्मद के बारे में अपमानजनक टिप्पणी को लेकर भी सुर्खियों में रहे थे।

### सेंथिल बालाजी की याचिका खारिज



**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने एक सत्र अदालत के फैसले के खिलाफ तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी. सेंथिल बालाजी की ओर से दायर याचिका को बुधवार को खारिज कर दिया। सत्र अदालत ने धनशोधन से जुड़े एक मामले में बालाजी को बरी करने से इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति एसएम सुब्रमण्यम और न्यायमूर्ति वी शिवगणनम की खंडपीठ ने द्रविड मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता द्वारा दायर याचिका को वापस लिया मानते हुए खारिज कर दिया। सेंथिल बालाजी के वकील ने इसे वापस लेने के लिए अनुरोध किया था।

### अमेरिका में सड़क हादसा, 4 भारतीय जिंदा जले

**ह्यूस्टन।** अमेरिका के टेक्सास में भीषण सड़क हादसे में चार भारतीयों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। मृतकों की शिनाख्त हैदराबाद के कुकटपल्ली उपनगर के आर्यन रघुनाथ ओरमपट्टी, उसके दोस्त फारूक शेख, एक अन्य तेलुगु छात्र लोकेश पलाचरला और तमिलनाडु की दर्शिनी वासुदेव के रूप में की गई है। ह्यस्टन में भारत के महावाणिज्य दूत डीसी मंजूनाथ ने इस हादसे में चार भारतीयों की मौत की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि भारत का महावाणिज्य दूतावास दुख की इस घड़ी में पीड़ित परिवारों और समुदाय से जुड़े संगठनों के लगातार संपर्क में है और उन्हें पूर्ण सहायता उपलब्ध करा रहा है।

### 22 हजार करोड़ की धोखाधड़ी करने वाले दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** असम पुलिस ने राज्य में हुए 22 हजार करोड़ के ट्रेडिंग घोटाले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने लोगों को पैसा दोगुना करने का लालच दिया था। इस मामले में विशाल फुकन और स्वप्निल दास को गिरफ्तार किया है। दोनों आलीशान लाइफ स्टाइल दिखा कर लोगों को फंसाते थे।

### राहुल से मिले विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया



**नई दिल्ली।** हरियाणा में विधानसभा चुनाव की तैयारियां जोरों पर हैं। कुछ दिनों से अटकलें लगाई जा रही हैं कि पहलवान विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। इस बीच बुधवार को विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात की। अब कयास लगाए जा रहे हैं कि दोनों पहलवानों की टिकट पक्की हो सकती है।

### वायनाड त्रासदी : पीड़ितों के लिए डोनेट की सैलरी

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने 'एक्स' कर कहा कि वायनाड में हमारे भाई-बहनों ने एक विनाशकारी त्रासदी झेली है और उन्हें अकल्पनीय नुकसान से उबरने के लिए हमारे समर्थन की जरूरत है। मैंने प्रभावित लोगों के लिए राहत और पुनर्वास प्रयासों में सहायता के लिए अपने पूरे महीने का वेतन दान कर दिया है। मैं ईमानदारी से सभी भारतीयों से आग्रह करता हूं कि वे जो भी कर सकते हैं करें, हर मदद से फर्क पड़ता है।

# भाजपा का कार्यकर्ता महज एक अंक नहीं, विचारधारा का वाहक है : शाह

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी ने 2 सितंबर से राष्ट्रीय सदस्यता अभियान की शुरुआत की, जिसमें सबसे पहली सदस्यता देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ली। इस सदस्यता अभियान का लक्ष्य जहां एक तरफ साल 2014 की ही तरह भारतीय जनता पार्टी को दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी बनाना है। साथ ही, इस अभियान का लक्ष्य सर्वस्पर्शी और सर्व समावेशी है। ये बाते गृह मंत्री अमित शाह ने कही।

अमित शाह ने कहा सर्वस्पर्शी का अर्थ है कि देश का कोई भी बूथ चाहे किसी भी पहाड़, द्वीप या घने जंगल, बीहड़ में क्यों न मौजूद हो। वह अछूता न रहे। जबकि समावेशी का अर्थ है कि देश का कोई भी नागरिक किसी भी जाति-धर्म-मजहब का भले क्यों न हो, उन्हें भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा से जोड़ना। क्योंकि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है, जो अपने सदस्यों और कार्यकर्ताओं को सिर्फ एक अंक नहीं समझती।

भाजपा पार्टी का हर कार्यकर्ता जीवंत इकाई है। हर कार्यकर्ता विचारधारा का वाहक है। यहां कार्यकर्ता कार्य-संस्कृति का पोषक है। जोकि सरकार और संगठन के बीच में एक कड़ी के रुप में भी कार्य करता है। जो सरकार को हमेशा जनता के साथ जोड़कर रखता है।

गौरतलब है कि आज हमारे भारत देश में 1,500 से अधिक राजनीतिक पार्टियां मौजूद हैं, लेकिन कोई भी ऐसी पार्टी नहीं है जो लोकतांत्रिक तरीके से विश्वास और खुलेपन के साथ हर 6 साल के बाद सदस्यता अभियान चलाता हो, सिवाए भारतीय जनता पार्टी के। (अनंत ज्ञान)

## अमृतसर सरकारी मेडिकल कॉलेज में महिला चिकित्सक से छेड़छाड़

**एजेंसी, चंडीगढ़**

अमृतसर में गुरु नानक देव अस्पताल की एक रेजिडेंट डॉक्टर ने आरोप लगाया है कि अस्पताल से ड्यूटी के बाद जब वह पास में हॉस्टल जा रही थी तब एक अज्ञात व्यक्ति ने उनसे छेड़छाड़ की। पुलिस ने बुधवार को बताया कि वह सोमवार शाम हुई कथित घटना के संबंध में शिकायत दर्ज कर चुकी है और जांच जारी है।

महिला डॉक्टर ने आरोप लगाया कि जब वह हॉस्टल के निकट पहुंचीं तो बाइक पर सवार एक व्यक्ति ने उन्हें मेडिकल कॉलेज के परिसर में रोक लिया। डॉक्टर ने बताया कि वह दिल्ली की रहने वाली हैं।

डॉक्टर के अनुसार व्यक्ति ने उनका पर्स छीन लिया और उन्हें 'गलत तरीके से छुआ।' डॉक्टर ने कहा कि जब उन्होंने शोर मचाया तो वह व्यक्ति भाग गया। अमृतसर के सहायक पुलिस आयुक्त मनिंदरपाल सिंह ने कहा कि इलाके का सीसीटीवी फुटेज निकलवाया गया है। पिछले महीने कोलकाता में एक चिकित्सक से बलात्कार और हत्या का मामला सामने आने के बाद यह मामला सामने आया है। कोलकाता मामले को लेकर देशभर में भारी रोष देखने को मिल रहा है।

**डॉक्टर ने कहा- आरोपी ने उनका पर्स छीन लिया और उन्हें 'गलत तरीके से छुआ**



## माताओं को पूरक आहार से परिचित करवाया

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



चंडीगढ़ में चल रहे पोषण माह-2024 के तहत, इंदिरा कॉलोनी के आंगनवाड़ी भवन में एक समुदाय आधारित कार्यक्रम 'अन्नप्राशन' का आयोजन किया गया, जहां छह महीने की आयु के शिशुओं की माताओं को पूरक आहार से परिचित कराया गया। एरिया एएनएम के नेतृत्व में आयोजित सत्र में ठोस खाद्य पदार्थ शुरू करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। पलसोरा में डॉ. पूजा, चिकित्सा अधिकारी-आरबीएसके द्वारा बच्चों और उनकी माताओं को स्वास्थ्य, स्वच्छता और स्वच्छता पर एक सूचनात्मक सत्र दिया गया, जिसमें महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की टीम ने भाग लिया। श्री सर्वेश कुमार आर्य, संयुक्त सचिव (संबल) और श्री एस. ललित ग्रोवर, अवर सचिव. जीएमएसएच-16 में, एनआरसी विभाग की डॉ. अनुराधा ने एनीमिया की रोकथाम और लोगों के बीच संतुलित आहार के लाभों को संबोधित किया।

बुड़ैल के आंगनवाड़ी केंद्र में एनीमिया पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। डॉ. गुरप्रीत सिंह ने एएनएम सुश्री कंचन के साथ नर्सिंग माताओं, गर्भवती महिलाओं और किशोर लड़कियों को संबोधित किया। (अनंत ज्ञान)

## गणपति उत्सव के लिए स्वर्ण मंदिर की प्रतिकृति वाले पंडाल पर आपत्ति

**अमृतसर।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एजीपीसी) ने पुणे के कैंप क्षेत्र में गणपति उत्सव के लिए स्वर्णमंदिर की प्रतिकृति वाला 'पंडाल' बनाने को लेकर एतराज जताया है और इसे सिख भावनाओं को भड़काने वाली हरकत करार दिया है।

यहां जारी एक बयान में एजीपीसी अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने कहा कि कुछ लोग जानबूझकर इस ऐतिहासिक सिख पावन स्थल की प्रतिकृति बनाते हैं जिससे इस समुदाय की धार्मिक भावना आहत होती है। उन्होंने कहा कि पुणे में रहने वाले सिखों से मिली सूचना के मुताबिक वहां (पुणे के) कैंप क्षेत्र में गणपति पूजा के लिए पैवेलियन (पंडाल) का निर्माण किया गया है और वह बिल्कुल हरमंदिर साहिब जैसा है।

उन्होंने कहा कि यह कृत्य सिख परंपराओं, रीति-रिवाजों और सिद्धांतों के विरूद्ध है तथा इससे सिखों की धार्मिक भावना आहत हुई है।

## दिल्ली के रिठाला-नरेला मेट्रो कॉरिडोर का हरियाणा तक विस्तार किया जाएगा



**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने बुधवार को कहा कि दिल्ली मेट्रो के रिठाला-नरेला कॉरिडोर का हरियाणा के कुंडली-नाथूपुर तक विस्तार किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने विस्तार को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है और वह एक प्रस्ताव केंद्र को भेजेगी ताकि निविदा प्रक्रिया शुरू की जा सके।

गहलोत ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'मेट्रो कॉरिडोर की कुल लंबाई 23.73 किलोमीटर होगी, जिसमें से 2.72 किलोमीटर हरियाणा में होगी।'

मंत्री ने कहा कि गलियारा दिल्ली-हरियाणा सीमा के ग्रामीण इलाकों को मुख्य शहर से जोड़ेगा, क्योंकि बसें यातायात का एकमात्र माध्यम है।

उन्होंने कहा, 'इस विस्तार से न केवल दो गांवों (कुंडली और नाथूपुर) के लोगों को बल्कि आसपास के सभी गांवों के लोगों को फायदा होगा।' गहलोत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए जमानत की कामना भी की, जो कथित आबकारी नीति घोटाले के सिलसिले में मार्च से जेल में हैं।

उच्चतम न्यायालय इस मामले में उनकी जमानत याचिकाओं पर बृहस्पतिवार को सुनवाई करेगा।

**हरियाणा विधानसभा चुनाव**

## भाजपा ने जारी की 67 प्रत्याशियों की सूची

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर बैठकों और चर्चाओं के दौर के बाद आखिरकार भाजपा ने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। इस सूची में 67 नाम शामिल हैं। भाजपा की कोर कमेटी द्वारा मंथन के बाद उम्मीदवारों के नाम का ऐलान हुआ है। भाजपा लंबे समय से उम्मीदवारों के चयन के लिए स्क्रीनिंग बैठकें कर रही थी। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी लाडवा से तो गृह मंत्री अनिल विज अंबाला कैंट से चुनाव लड़ेंगे

बता दें कि हरियाणा विधानसभा की 90 सीटों के लिए एक ही चरण में मतदान होगा। हरियाणा के सभी 90 सीटों पर 5 अक्तूबर को मतदान होगा और चुनाव नतीजे 8 अक्तूबर को मतगणना के बाद आएंगे। हरियाणा विधानसभा का कार्यकाल 3 नवंबर 2024 को समाप्त होने वाला है। पिछला विधानसभा चुनाव अक्तूबर 2019 में हुआ था। चुनाव के बाद भारतीय जनता पार्टी और जननायक जनता पार्टी के गठबंधन ने राज्य सरकार बनाई।

**देश-विदेश**

# समुद्र के पास बनने वाले पुलों के निर्माण में स्टेनलेस स्टील का होगा इस्तेमाल : गडकरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**बोले-शिवाजी की प्रतिमा स्टील की होती तो नहीं गिरती**

**केंद्रीय** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि अगर छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा बनाने में स्टेनलेस स्टील का इस्तेमाल होता तो वह कभी नहीं गिरती।

केंद्रीय मंत्री दिल्ली में फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मैं पिछले तीन सालों से इस बात पर जोर रहा हूं कि समुद्र के आसपास बनी सड़कें, पुलों या किसी तरह के निर्माण में स्टेनलेस स्टील का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। गडकरी ने कार्यक्रम में नेशनल हाईवे, रोड और टनल कंस्ट्रक्शन में आ रही दिक्कतों पर भी बात की।

### देश में बनेंगी 74 नई सुरंगें

देश में हाईवे नेटवर्क को मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार ने आने वाले वर्षों में 74 नई सुरंगें बनाने का फैसला किया है। इन प्रोजेक्ट्स की अनुमानित लागत करीब एक लाख करोड़ है। सरकार की ओर से 15,000 करोड़ रुपए की लागत से 49 किलोमीटर लंबी 35 सुरंगें पहले ही बनाई जा चुकी हैं। अब सरकार 273 किलोमीटर की नई सुरंगें बनाने की तैयार कर रही है।

### 30 मिनट में तय होगा कालिंदी कुंज से नोएडा एयरपोर्ट का सफर

ग्रेटर नोएडा के जेवर इलाके में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से दिल्ली और हरियाणा की कनेक्टिविटी को सुनिश्चित करने के लिए एनएचएआई ने नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे के समांतर एक और एक्सप्रेसवे के निर्माण के लिए सर्वे का काम पूरा होने के बाद अपनी सहमति दे दी है। इसके बनने से न केवल नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर वाहनों का दबाव कम होगा, बल्कि 10 लाख से ज्यादा वाहन चालकों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में काफी आसानी होगी। वहीं, 30 मिनट में कालिंदी कुंज से नोएडा एयरपोर्ट का सफर तय होगा।

## दिल्ली वार्ड समिति चुनाव : रोहिणी जोन में 'आप' और केशवपुरम में भाजपा का परचम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** नगर निगम (एमसीडी) की दिल्ली वार्ड समिति के लिए चुनाव हो रहे हैं। वर्ष 2022 में एमसीडी के एकीकरण के बाद काफी समय से लंबित चुनाव पहली बार हो रहा है। वहीं, केशव पुरम जोन से बीजेपी के सभी उम्मीदवारों ने निर्विरोध जीत हासिल की है। केशवपुरम जोन से चेयरमैन पद पर योगेश वर्मा, उपाध्यक्ष पद पर सुशील व स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य के तौर पर शिखा भारद्वाज ने विजय हासिल की है।

रोहिणी जोन में आम आदमी पार्टी के सभी उम्मीदवार जीत गए हैं। रोहिणी जोन की सुमन अनिल राणा ने चेयरमैन पद पर जीत दर्ज की है और आप के धर्म रक्षक ने डिप्टी चेयरमैन पद पर जीत दर्ज की है। इसके अलावा स्टैंडिंग कमेटी के सदस्य के तौर पर आप के दौलत ने जीत दर्ज की है।

### दिल्ली मेयर के फैसले को एलजी ने पलटा

**दिल्ली** में लंबे समय से नगर निगम वार्ड समिति के चुनाव लंबित हैं, लेकिन अब भी चुनाव को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। दिल्ली की मेयर शैली ओबरॉय के दफ्तर ने मंगलवार रात तकरीबन 9 बजे घोषणा की कि उन्होंने पीठासीन अधिकारियों की नियुक्ति करने से इनकार कर दिया है। उन्होंने अपनी अंतरात्मा का हवाला देते हुए कहा कि वे अलोकतांत्रिक चुनाव प्रक्रिया का समर्थन नहीं कर सकतीं। ओबेरॉय ने एमसीडी आयुक्त अश्विनी को चुनाव प्रक्रिया फिर से शुरू करने का निर्देश दिया और नामांकन के लिए कम से कम एक हफ्ते का समय देने को कहा है। मेयर के इस आदेश के तुरंत बाद अश्विनी कुमार ने आधिकारिक निर्देश जारी किया, जिसमे उन्होंने कहा कि माननीय एलजी के आदेश के अनुसार चुनाव तय शेड्यूल के अनुसार ही कराए जाएंगे।

## महिला एवं बाल विकास मंत्रालय को पोषण ट्रैकर पहल के लिए ई-गवर्नेंस का राष्ट्रीय पुरस्कार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**महिला** एवं बाल विकास मंत्रालय को पोषण ट्रैकर पहल के लिए ई-गवर्नेंस 2024 (स्वर्ण) का राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। पोषण ट्रैकर पहल को यह पुरस्कार सरकारी प्रक्रिया की पुनर्रचना और डिजिटल बदलाव के लिए दिया गया है। पोषण ट्रैकर बच्चों के पोषण विकास की वास्तविक समय निगरानी और मूल्यांकन के साथ बच्चों के लिए एक स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करता है। 0-6 वर्ष की आयु के बच्चों के स्वास्थ्य और कल्याण को सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, मिशन पोषण 2.0 ने अपनी मासिक विकास निगरानी पहल पोषण ट्रैकर के माध्यम से लाखों युवाओं के जीवन में सुधार की निगरानी करने में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की

## माफिया के आगे नाक रगड़ने वाले क्या बुलडोजर चलाएंगे : योगी

**एजेंसी, लखनऊ**



**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य में समाजवादी पार्टी (सपा) की सरकार बनने पर बुलडोजर का रुख गोरखपुर की तरफ मोड़ने संबंधी बयान को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर पलटवार करते हुए कहा कि बुलडोजर पर हर व्यक्ति के हाथ नहीं 'फिट' हो सकते और दंगाइयों के सामने नाक रगड़ने वाले लोग बुलडोजर के सामने पस्त हो जाएंगे। आदित्यनाथ ने अखिलेश यादव और उनके चाचा व पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल सिंह यादव की भेड़िये से तुलना करते हुए आरोप लगाया कि वर्ष 2017 से पहले सरकारी नौकरी के नाम पर चाचा और भतीजा वसूली करते थे। उन्होंने कहा कि जिस तरह इस समय कुछ आदमखोर भेड़िये अलग-अलग जनपदों में उत्पात मचा रहे हैं, कमोबेश यही स्थिति वर्ष 2017 से पहले प्रदेश की थी और ये लोग उस समय तबाही मचाए हुए थे।

मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से भर्ती प्रक्रिया के तहत नियुक्त 1334 अवर अभियंताओं, संगणकों तथा फोरमैन कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र सौंपने के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव के बयान के लिए उन्हें आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि बुलडोजर पर हर व्यक्ति के हाथ नहीं फिट हो सकते। इसके लिये दिल और दिमाग दोनों चाहिये। बुलडोजर जैसी क्षमता और दृढ़ प्रतिज्ञा जिसमें हो, वो ही बुलडोजर चला सकता है।

## अमित शाह कल जाएंगे जम्मू, भाजपा का घोषणा पत्र करेंगे जारी

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में 18 सितंबर से होने वाले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर राजनीतिक पार्टियों ने अपने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 6 सितंबर को जम्मू की यात्रा पर जाएंगे। अपनी जम्मू यात्रा के दौरान वह विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी का चुनावी घोषणापत्र जारी करेंगे। वह कार्यकर्ता रैली को संबोधित भी करेंगे और प्रचार के लिए पार्टी की व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे। इस दौरान वह वरिष्ठ नेताओं के साथ पार्टी की चुनावी रणनीति पर चर्चा करेंगे। यह यात्रा जम्मू-कश्मीर में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा की तैयारियों को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

## सेंसेक्स 202 अंक टूटा, निफ्टी में 14 दिन से जारी तेजी पर विराम

**एजेंसी, मुबई**



**कमजोर** ग्लोबल संकेतों के कारण शेयर मार्केट में गिरावट देखने को मिली है। सेंसेक्स 202 अंक की गिरावट के साथ 82,352 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 में से 19 शेयर्स में गिरावट और 11 में तेजी रही।

वहीं, निफ्टी में भी आज 81 अंक की गिरावट रही। ये 25,198 के स्तर पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान ह्व और एनर्जी शेयर्स में ज्यादा गिरावट रही। विप्रो का शेयर 3.06 फीसदी और कोल इंडिया का शेयर 2.81 फीसदी टूटा है। ईसीओएस इंडिया मोबिलिटी का शेयर 16.77 फीसदी के प्रीमियम के साथ बाजार में लिस्ट हुआ। एनएसई पर इसका शेयर 390 रुपए में लिस्ट हुआ। वहीं बीएसई पर यह 391.30 रुपए पर लिस्ट हुआ। इसका इश्यू प्राइस 334 रुपए था। एशियाई बाजार में बड़ी गिरावट देखने को मिली है। जापान के निक्केई इंडेक्स में 4.24 फीसदी की गिरावट रही। वहीं हांगकांग के हैंगसेंग में 1.10 फीसदी और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.67 फीसदी की गिरावट रही।

## निर्यातकों के लिए ब्याज समानीकरण योजना 30 तक बढ़ाई

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने एमएसएमई निर्यातकों के लिए निर्यात से पहले और बाद में रुपए में लिए जाने वाले कर्ज पर ब्याज समानीकरण योजना की अवधि 30 सितंबर तक बढ़ा दी है। इस योजना का मकसद निर्यात को प्रोत्साहन देना है। निर्यातकों को ब्याज लाभ प्रदान करने वाली यह योजना 31 अगस्त को समाप्त हो गई थी। जून में इसे दो महीने के लिए बढ़ा दिया गया था। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक व्यापार नोटिस में कहा कि निर्यातकों के लिए निर्यात से पहले और बाद में रुपये में लिए जाने वाले कर्ज पर ब्याज समानीकरण योजना की अवधि 30 सितंबर तक बढ़ा दी गई है।

## इंजीनियर राशिद की याचिका पर 11 को फैसला सुनाएगा कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**दिल्ली** की एक अदालत ने आतंकवाद वित्तपोषण मामले में जेल में बंद लोकसभा सदस्य इंजीनियर राशिद की नियमित जमानत याचिका पर अपना आदेश बुधवार को 11 सितंबर तक के लिए टाल दिया।

उन्होंने इस वर्ष की शुरुआत में हुए लोकसभा चुनाव में जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला को बारामूला सीट पर हरा दिया था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंद्रजीत सिंह को बुधवार को रशीद की जमानत याचिका पर आदेश पारित करना था। न्यायमूर्ति सिंह ने मामले को अगली तारीख के लिए स्थगित कर दिया और कहा कि आदेश तैयार नहीं है। अदालत ने 28 अगस्त को बंद कमरे में हुई सुनवाई के दौरान याचिका पर दलीलों को सुना था और अपना आदेश सुरक्षित रख लिया था।

### दिल्ली दंगा : शरजील इमाम की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** वर्ष 2020 में हुए दिल्ली दंगा मामले में हाईकोर्ट ने शरजील इमाम की जमानत याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग करने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। उनकी जमानत याचिका पर अन्य आरोपियों की जमानत याचिकाओं के साथ 7 अक्तूबर को सुनवाई होगी।

## पदक तालिका (टॉप-10)

| क्रम | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | चीन | 55 | 40 | 23 | 118 |
| 02. | ग्रेट ब्रिटेन | 31 | 19 | 13 | 63 |
| 03. | अमेरिका | 24 | 22 | 11 | 57 |
| 04. | ब्राजील | 14 | 12 | 23 | 49 |
| 05. | फ्रांस | 12 | 13 | 16 | 41 |
| 06. | इटली | 11 | 09 | 18 | 38 |
| 07. | नीदरलैंड | 11 | 07 | 04 | 22 |
| 08. | यूक्रेन | 09 | 16 | 21 | 46 |
| 09. | ऑस्ट्रेलिया | 09 | 11 | 16 | 36 |
| 10. | स्पेन | 07 | 07 | 13 | 27 |
| 19. | भारत | 03 | 08 | 10 | 21 |

# पैरालंपिक : सचिन ने 6.32 मीटर थ्रो फेंककर जीता रजत पदक




**एजेंसी, पेरिस**

भारत के सचिन सरजेराव ने पेरिस पैरालंपिक में पुरूषों की शॉटपुट एफ46 स्पर्धा में एशियाई रिकॉर्ड 16.32 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता। 34 वर्ष के खिलाड़ी ने दूसरे प्रयास में सर्वश्रेष्ठ थ्रो फेंका।

उन्होंने मई में जापान में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। कनाडा के ग्रेग स्टीवर्ट ने टोक्यो पैरालंपिक में जीता स्वर्ण बरकरार रखा। क्रोएशिया के लुका बाकोविच ने कांस्य पदक जीता। सचिन का रजत पेरिस पैरालंपिक में एथलेटिक्स में भारत का 11वां पदक है। उन्होंने चीन में एशियाई पैरा खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। एफ46 श्रेणी में वे खिलाड़ी होते हैं जिनकी भुजाओं में कमजोरी है, मांसपेशियों की शक्ति क्षीण है या भुजाओं में निष्क्रिय गति की सीमा क्षीण है। ऐसे एथलीट खड़े होकर प्रतिस्पर्धा करते हैं।

## भाविनाबेन पटेल टेबल टेनिस क्वार्टर फाइनल से बाहर



**पेरिस** पैरालंपिक महिला एकल टेबल टेनिस में भारत की चुनौती खत्म हो गई, जब टोक्यो पैरालंपिक की रजत पदक विजेता भाविनाबेन पटेल क्लास 4 क्वार्टर फाइनल में चीन की यिंग झोउ से हार गई।

टोक्यो पैरालंपिक में रजत के साथ इस खेल में पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनी भाविनाबेन को 12-14, 9-11, 11-8, 6-11 से पराजय झेलनी पड़ी। इससे पहले क्लास 3 में भारत की सोनलबेन पटेल को क्रोएशिया की एंडेला मुजिनिच विंसेटिच ने हराया। महिला युगल में भारत की भाविनाबेन और सोनलबेन क्वार्टर फाइनल में कोरिया की यंग ए जुंग और एस मून से हार गई। भाविनाबेन एक साल की उम्र से पोलियो से जूझ रही है। वह व्हीलचेयर पर निर्भर खिलाड़ियों की श्रेणी में खेलती हैं।

## दीप्ति जीवनजी को महिला 400 मीटर टी20 स्पर्धा में कांस्य पदक

**विश्व** चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता भारत की दीप्ति जीवनजी ने पेरिस पैरालंपिक की एथलेटिक्स की महिला 400 मीटर टी-20 स्पर्धा में 55.82 सेकेंड के समय के साथ कांस्य पदक जीता। इसी महीने 21 बरस की होने वाली दीप्ति यूक्रेन की यूलिया शुलियार (55.16 सेकेंड) और विश्व रिकॉर्ड धारक तुर्की की आयसेल ओंडर (55.23 सेकेंड) के बाद तीसरे स्थान पर रहीं। शुलियार ने तीन साल पहले टोक्यो पैरालंपिक में रजत पदक जीता था। टी-20 श्रेणी बौद्धिक रूप से कमजोर खिलाड़ियों के लिए है।

तेलंगाना के वारंगल जिले के कल्लेडा गांव में दिहाड़ी मजदूर माता-पिता के घर पैदा हुई दीप्ति पैरालंपिक की ट्रैक स्पर्धा में प्रीति पाल के बाद पदक जीतने वाली दूसरी भारतीय बन गई।

## स्पोर्ट्स विंडो

### पूर्व भारतीय विकेटकीपर रात्रा बीसीसीआई के चयनकर्ता नियुक्त

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई ने पूर्व भारतीय विकेटकीपर अजय रात्रा को पांच सदस्यीय चयन पैनल में सलिल अंकोला की जगह पुरुष क्रिकेट टीम का चयनकर्ता नियुक्त किया। परंपरा के अनुसार सभी



पांच चयनकर्ता अलग-अलग क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं और अजीत अगरकर की अध्यक्षता वाली समिति में रात्रा उत्तर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करेंगे। पिछले साल अगरकर को मुख्य चयनकर्ता नियुक्त किए जाने के बाद चयन पैनल में पश्चिम क्षेत्र से दो चयनकर्ता थे। अंकोला पहले से ही समिति का हिस्सा थे। भारत को 19 सितंबर से बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। हालांकि रात्रा गुरुवार से पद संभालेंगे जब दलीप ट्रॉफी शुरू होगी। रात्रा ने भारत के लिए 2002 में छह टेस्ट और 12 एकदिवसीय मैच खेले। उनके संक्षिप्त अंतरराष्ट्रीय करियर का मुख्य आकर्षण एंटीगा टेस्ट में वेस्टइंडीज के खिलाफ नाबाद 115 रन की पारी थी।

### भारत को निचली रैंकिंग वाले मॉरीशस ने गोलरहित ड्रॉ पर रोका

**हैदराबाद।** भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच के रूप में मनोलो मार्केज का कार्यकाल इंटरकांटिनेंटल कप के उद्घाटन मैच में निचली रैंकिंग वाले मॉरीशस के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ के साथ



शुरू हुआ। फीफा रैंकिंग में 124वें स्थान पर मौजूद भारत ने यहां के जीएमसी बालयोगी एथलेटिक स्टेडियम में शुरू से ही गेंद पर अधिक पकड़ बनाए रखी, लेकिन मॉरीशस ने आक्रामक शुरुआत की। भारतीय खिलाड़ियों के खेल से लग रहा था कि टीम 2026 विश्व कप क्वालीफायर के तीसरे दौर में जगह बनाने में विफलता से अभी उबरी नहीं है। अपने से 55 स्थान नीचे 174वें पायदान पर काबिज मॉरीशस के खिलाफ जीत दर्ज करने में विफल रहने से राष्ट्रीय टीम के प्रशंसकों को एक बार फिर से निराशा का सामना करना पड़ा। भारतीय रक्षापंक्ति को 8वें मिनट में भी कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा जब मॉरीशस के जेरेमी विलेन्यूवे सेट-पीस पर गेंद को गोल पोस्ट के करीब ले जाने में सफल रहे, लेकिन पहले से सतर्क जैक्सन सिंह शानदार बचाव किया।

### किसी मॉडल से कम नहीं तानिया सचदेव

**नई दिल्ली ।** शतरंज खिलाड़ी तानिया सचदेव आज किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। तानिया ने भारत के लिए शतरंज में कई खिताब जीते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि वह एक क्लासिकल डांसर भी हैं। तानिया का डांस देखने वाले उनकी तारीफ किए बिना नहीं रह पाए हैं। मालूम हो कि तानिया खेल और डांस के अलावा अपनी खूबसूरत तस्वीरों को लेकर भी फैंस के बीच चर्चा में रहती हैं। तानिया की तस्वीरों को देखकर यही कहा जा सकता है कि वे किसी मॉडल से कम नहीं हैं।



### राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच बनेंगे द्रविड़

**नई दिल्ली ।** टी-20 विश्व कप 2024 जीतने वाली भारतीय टीम के मुख्य कोच रहे राहुल द्रविड़ आईपीएल-2025 में राजस्थान रॉयल्स के मुख्य कोच बनने जा रहे हैं। जून में बारबाडोस में भारत की खिताबी जीत के बाद ब्रेक लेने वाले द्रविड़ इस साल के आखिर में होने वाली नीलामी से पहले खिलाड़ियों के रिटेंशन जैसे अहम मसलों पर काम करना शुरू करेंगे। पिछले तीन साल से रॉयल्स के क्रिकेट निदेशक पद पर काबिज कुमार संगकारा इस भूमिका में बने रहेंगे।



### सतीश और शंकर ताइपे ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**ताइपे ।** भारत के सतीश कुमार करुणाकरन और शंकर सुब्रमण्यम ने संघर्षपूर्ण मुकाबलों में जीत दर्ज करके ताइपे ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।
करुणाकरन ने थाईलैंड के कांताफोन वांगचारोएन को 24-22, 23-21 से जबकि सुब्रमण्यम ने फिनलैंड के जोकिम ओल्डोर्फ को 21-12, 19-21, 21-11 से हराया। पुरुष एकल में किरण जॉर्ज पहला गेम जीतने के बावजूद इंडोनेशिया के योहानेस सॉट मार्सेलिनो से 15-21, 21-8, 21-16 से हार गए। थाईलैंड की पोर्नपिचा चोइकीवोंग ने आकर्षी कश्यप को सीधे गेम में 19-21, 18-21 से हराया।

# नवारो यूएस ओपन के सेमीफाइनल में

### टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने के लिए अब होगा आर्यना सबालेंका से मुकाबला

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

अमेरिका की एम्मा नवारो ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना आर्यना सबालेंका से होगा। 13वीं वरीयता प्राप्त नवारो ने फ्लशिंग मीडोज में हमवतन पाउला बडोसा को 6-2, 7-5 से हराया। नवारो क्वार्टर फाइनल के इस मैच के दूसरे सेट में एक समय पीछे चल रही थी, लेकिन उन्होंने आखिरी छह गेम जीत कर पासा पलट दिया।

उन्होंने पिछले मैच में गत चैंपियन कोको गॉफ के खिलाफ भी इसी तरह का प्रदर्शन किया था। दूसरी वरीयता प्राप्त सबालेंका को पिछले महीने पेरिस ओलंपिक के स्वर्ण पदक जीतने वाली 7वीं वरीयता प्राप्त झेंग क्विनवेन को 6-1, 6-2 से पराजित करने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई।

दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर भी इस मैच के गवाह बने। संन्यास लेने के बाद पहली बार वह दर्शक के रूप में अमेरिकी ओपन में पहुंचे थे। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सबालेंका साल का दूसरा और कुल मिलाकर तीसरा ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट जीतने की कवायद में हैं। वह अमेरिकी ओपन में लगातार चौथी बार सेमीफाइनल में पहुंची हैं। सबालेंका पिछले साल उपविजेता रही थी। बेलारूस की 26 वर्षीय सबालेंका ने मैच के बाद कहा,''जब मैंने दर्शकों के बीच फेडरर को देखा तो मुझे लगा कि वह फ्रांसिस टियाफो और ग्रिगोर दिमित्रोव का मैच देखने के लिए पहुंचे हैं, लेकिन फिर भी मैंने तय किया कि मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलना है ताकि वह इसका आनंद उठा सकें।''

पुरुष वर्ग के क्वार्टर फाइनल मैच में अमेरिका के 12वीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज ने अमेरिकी ओपन में 2020 के उपविजेता अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 7-6 (2), 3-6, 6-4, 7-6 (3) से हराकर पहली बार किसी बड़े टूर्नामेंट के अंतिम-4 में जगह बनाई।



**प्वाइंट कार्ड**

| बडोसा | | नवारो |
|---|---|---|
| 04 | एस | 00 |
| 07 | डब्ल फॉल्ट | 02 |
| 65% | पहली सर्व | 73% |
| 61% | पहली सर्व जीती | 67% |
| 42% | दूसरी सर्व जीती | 53% |
| 2/6 | ब्रेक प्वाइंट | 5/8 |
| 00 | टाइब्रेक जीता | 00 |
| 46 | प्वाइंट जीते | 66 |

### बोपन्ना और सुत्जियादी की मिश्रित जोड़ी सेमीफाइनल में हारी



**भारतीय** टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना और उनकी इंडोनेशियाई जोड़ीदार अल्डिला सुत्जियादी यहां मिश्रित युगल के सेमीफाइनल में डोनाल्ड यंग और टेलर टाउनसेंड की अमेरिकी जोड़ी से 3-6, 4-6 से हारकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गए। भारत और इंडोनेशिया की जोड़ी ने इससे पहले एक घंटे 30 मिनट से अधिक समय तक चले क्वार्टर फाइनल मैच में मैथ्यू एबडेन और चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजिसिकोवा को हराया था।

44 वर्षीय बोपन्ना पहले ही पुरुष युगल से बाहर हो गए थे। उनकी और एबडेन की जोड़ी तीसरे दौर में मैक्सिमो गोंजालेज और आंद्रेस मोल्टेनी की अर्जेंटीना की 16वीं वरीय जोड़ी से 1-6, 5-7 से हार गई थी।

# दलीप ट्रॉफी आज से, नजरें ऋषभ पंत पर

**एजेंसी, बेंगलुरु**

दिसंबर 2022 में सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद पहली बार लंबी अवधि के प्रारूप में वापसी कर रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत गुरुवार से बेंगलुरु और अनंतपुर में शुरू होने वाले दलीप ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में आकर्षण का केंद्र होंगे।

पंत ने चोटों से उबरने के बाद सीमित ओवरों की क्रिकेट में सफल वापसी की, लेकिन वह अभी तक लंबी अवधि के प्रारूप में नहीं खेले हैं। उन्होंने लाल गेंद से अपना अंतिम मैच दिसंबर 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ खेला था।

अब वह अभिमन्यु ईश्वरन की अगुवाई वाली टीम-बी की तरफ से मैदान पर उतरेंगे, जिसका मुकाबला यहां चिन्नास्वामी स्टेडियम में शुभमन गिल के नेतृत्व वाली टीम-ए से होगा। सीमित ओवरों की क्रिकेट में वापसी करने में उन्हें किसी तरह की परेशानी नहीं हुई, लेकिन यह चार दिवसीय टूर्नामेंट उनके लिए अलग तरह की चुनौती पेश करेगा क्योंकि उन्हें विकेटकीपर और बल्लेबाज के रूप में लंबा समय मैदान पर बिताना पड़ सकता है। पंत को टीम-बी का विशेषज्ञ विकेटकीपर नियुक्त किया गया है जिससे पता चलता है कि भारत के टेस्ट क्रिकेट में आगे व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति इस विकेटकीपर बल्लेबाज की वापसी को लेकर कितनी गंभीर है।



चयन समिति के लिए हालांकि विकेटकीपर का चयन करना आसान नहीं होगा क्योंकि कुछ अन्य मजबूत दावेदार भी हैं। इनमें टीम-ए की तरफ से खेलने वाले ध्रुव जुरेल भी शामिल है, जिन्होंने इस साल के शुरू में इंग्लैंड के खिलाफ अपनी पदार्पण सीरीज में प्रभावशाली प्रदर्शन किया था।

उनके अलावा ईशान किशन भी हैं जो श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टीम-डी के विकेटकीपर हैं। टीम-डी का मुकाबला अनंतपुर में टीम-सी से होगा, जिसकी कप्तानी रुतुराज गायकवाड़ को सौंपी गई है।

चयन समिति इसके अलावा विशेषकर तेज गेंदबाजी विभाग में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज के विकल्प तलाशने पर भी ध्यान देगी।

## सरोग स्कूल अंडर-14 वॉलीबॉल में चैंपियन



**बबलू पठानिया, भटियात**

अंडर-14 गर्ल्स जोनल लेवल प्रतियोगिता में लगातार दूसरी बार गवर्नमेंट हाई स्कूल सरोग स्कूल की टीम ने कब्जा किया। सीनियर सेकेंडरी स्कूल थुलेल में अंडर-14 गर्ल्स प्रतियोगिता में सरोग स्कूल की छात्राओं की वॉलीबॉल टीम ने ट्राफी पर कब्जा किया है।

शारीरिक शिक्षक संजीव कुमार ने कहा है कि इस टूर्नामेंट में चैस प्रतियोगिता में अंशिका का जिला स्तर के लिए चयन हुआ है तो वहीं पर वॉलीबॉल की चार खिलाड़ियों का चयन जिला स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है। (अनंत ज्ञान)

**रैंकिंग** टीम इंडिया 120 रेटिंग अंक के साथ दूसरे स्थान पर कायम

# टेस्ट रैंकिंग में 8वें स्थान पर खिसका पाकिस्तान

**एजेंसी, दुबई**

बांग्लादेश के हाथों पहली बार टेस्ट सीरीज गंवाने के बाद पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टेस्ट रैंकिंग में आठवें स्थान पर खिसक गया और उसकी रेटिंग 1965 के बाद पहली बार अपने न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई। पाकिस्तान पहले टेस्ट मैच में 10 विकेट से और दूसरे मैच में छह विकेट से हार गया था। यह दोनों मैच रावलपिंडी में खेले गए थे।

आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर कहा, ''बांग्लादेश के हाथों अपने घरेलू मैदान पर सीरीज में करारी हार झेलने के बाद पाकिस्तान आईसीसी पुरुष टेस्ट टीम रैंकिंग में दो स्थान नीचे 8वें स्थान पर खिसक गया है।''

वेबसाइट के अनुसार','' पाकिस्तान की टीम श्रृंखला से पहले छठे स्थान पर थी लेकिन लगातार हार के कारण वह वेस्टइंडीज से नीचे 8वें स्थान पर पहुंच गई है। उसके 76 रेटिंग अंक हैं। पाकिस्तान 1965 के बाद पहली बार इतने कम रेटिंग अंकों पर पहुंचा है। ''




बांग्लादेश 13 रेटिंग अंक हासिल करने के बावजूद पाकिस्तान से पीछे 9वें स्थान पर बना हुआ है। सीरीज में 2-0 से जीत के बाद हालांकि विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में उसको फायदा हुआ है और वह भारत, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बाद चौथे स्थान पर पहुंच गया है। बांग्लादेश अब दो टेस्ट मैच की सीरीज के लिए भारत का दौरा करेगा, जिसका पहला टेस्ट मैच 19 सितंबर से चेन्नई में खेला जाएगा।

### ऑस्ट्रेलिया पहले स्थान पर

24 रेटिंग अंक के साथ ऑस्ट्रेलिया पहले, भारत (120 रेटिंग अंक) दूसरे, इंग्लैंड (108 रेटिंग अंक) तीसरे, द. अफ्रीका चौथे (104 रेटिंग अंक)और न्यूजीलैंड (96 रेटिंग अंक ) 5वें नंबर पर है।

**टेस्ट टीम रैंकिंग**

| रैंक | देश | मैच | रेटिंग अंक |
|---|---|---|---|
| 1. | ऑस्ट्रेलिया | 30 | 124 |
| 2. | भारत | 26 | 120 |
| 3. | इंगलैंड | 34 | 108 |
| 4. | द.अफ्रीका | 21 | 104 |
| 5. | न्यूजीलैंड | 22 | 96 |
| 6. | श्रीलंका | 18 | 83 |
| 7. | वेस्ट इंडीज | 26 | 77 |
| 8. | पाकिस्तान | 20 | 76 |
| 9. | बांग्लादेश | 20 | 66 |
| 10. | आयरलैंड | 05 | 26 |

## अंडर-19 खेलकूद में कोटकाई स्कूल का दबदबा

### 15 प्रतिस्पर्धाओं में से 11 स्पर्धाओं में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया




**कोटखाई, भरत ठाकुर**

अंडर-19 कन्या जोनल टूर्नामेंट जो कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रतनारी में आयोजित किया गया जिसमें राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोटखाई ने परचम लहराते हुए 15 प्रतिस्पर्धाओं में से 11 स्पर्धाओं में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

सांस्कृतिक व खेल प्रतियोगिताओं में पहाड़ी नृत्य, संस्कृत श्लोक उच्चारण, वाद्य वादन, शतरंज, भाषण व मार्च पास्ट में प्रथम स्थान प्राप्त किया। योगा, बैडमिंटन व समूह गान में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

अनुशासन व ऑल राउंडर चैंपियन का इनाम भी कन्या विद्यालय के नाम रहा। इस सफलता का श्रेय प्रधानाचार्य राकेश चौहान व शारीरिक शिक्षक गोविंद सावंत व समस्त स्टाफ तथा छात्राओं को जाता है। (अनंत ज्ञान)